CMYK

अधिकतम : 19°C
न्यूनतम : 10°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

हल्द्वानी, सोमवार 15 दिसम्बर 2025 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 110 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com पौष कृष्ण पक्ष 10 विक्रमी सम्वत् 2082 23 जमादिउल उखरा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरी: योगी पेज 2



भारत ने पाकिस्तान को अंडर-19 एशिया कप में हराया, 90 रन से जीता मैच खेल टाइम्स



कुछ ही सालों में शुरु हो जाएगा प्रकृति का कहर सम्पादकीय



ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला, 12 की मौत पेज 12

# देशभर में अगले हफ्ते से पड़ेगी कड़ाके की ठंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** अगले हफ्ते से देशभर में कड़ाके की सर्दी पड़ने के आसार हैं। इस सर्दी का पहला बड़ा पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) 17 दिसम्बर को हिमालयी राज्यों में पहुंचेगा। इसके असर से 18 से 20 दिसम्बर के बीच जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना है।

21 और 22 दिसम्बर को पहाड़ों से बादल हटते ही तापमान तेजी से गिरेगा। तापमान सामान्य से 5 से 6 डिग्री तक नीचे जा सकता है। उत्तर से चलने वाली ठंडी हवाएं यूपी, पंजाब, हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान और मध्य भारत तक पहुंचेंगी। इससे मैदानी इलाकों में ठंड काफी बढ़ जाएगी। इधर, राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टरबेंस के चलते सर्दी का असर कम हो गया है। न्यूनतम तापमान में 2 से 3 डिग्री तक बढ़ोतरी हुई है। मध्य प्रदेश में भी अगले 3 दिन तक शीतलहर का अलर्ट नहीं है। हालांकि, पारा लगातार लुढ़क रहा है। शहडोल का कल्याणपुर सबसे ठंडा है। यहां शनिवार रात पारा 4.7 डिग्री सेल्सियस रहा। वहीं, दिल्ली में रविवार को एक्यूआई 497 पहुंच गया। शनिवार को ही वहां ग्रैप-4 लागू किया गया था। पिछले हफ्ते राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने एक सवाल के जवाब में कहा था कि इस साल दिल्ली का एक्यूआई 450 के पार नहीं गया है। उधर, हिमाचल- **शेष पृष्ठ दो पर**



**उत्तराखंड-हिमाचल में बर्फबारी का अलर्ट, बिहार में घना कोहरा, सात गाड़ियां आपस में टकराईं**

**जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल प्रदेश में अच्छी बर्फबारी होने की संभावना**

## दिल्ली-एनसीआर में सांसों का आपातकाल

**नई दिल्ली।** राजधानी में हवा की धीमी गति और खराब मौसम के चलते रविवार को हवा इस साल की सबसे खराब श्रेणी में पहुंच गई। सुबह की शुरुआत धुंध और कोहरे से हुई और आसमान में स्मॉग की मोटी चादर के चलते दृश्यता भी कम रही।

सांस लेने में हो रही दुश्वारी के बीच लोग मास्क पहने नजर आए। लोगों को आंख में जलन की दिक्कत भी हुई। वहीं, एयर क्वालिटी अर्ली वार्निंग सिस्टम फॉर दिल्ली के

**राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में रविवार को हवा सबसे खराब श्रेणी में पहुंची**

अनुसार, रविवार सुबह राजधानी का औसत एक्यूआई 462 दर्ज किया गया है। सीपीसीबी के अनुसार, राजधानी दिल्ली के अलीपुर में एक्यूआई 439, आनंद विहार में एक्यूआई 491, अशोक विहार में 493, आया नगर में 447, बवाना में 495, बुराड़ी में 473, चांदनी चौक इलाके में 462 एक्यूआई दर्ज किया गया है। वहीं, डीटीयू में 493, द्वारका सेक्टर 8 में 454, आईजीआई एयरपोर्ट टी3 इलाके में 411, आईटीओ में 482, जहांगीरपुरी में 495, लोधी रोड 401, मुंडका 486, नजफगढ़ में 411, पंजाबी बाग में 475, रोहिणी 499, विवेक विहार 495, सोनिया विहार 483, आरकेपुरम 472, वजीरपुर में 493 दर्ज किया गया है। गाजियाबाद में भी एक्यूआई 400 के पार पहुंच गया है।

## खाना खाने निकले तो पकड़े गए लूथरा ब्रदर्स

**नई दिल्ली।** गोवा के नाइट क्लब बर्च बाय रोमियो लेन आग मामले में मुख्य आरोपी सौरभ लूथरा और गौरव लूथरा सोमवार (आज) तक भारत लाए जा सकते हैं। थाईलैंड पुलिस ने 11 दिसम्बर को फुकेट में दोनों भाइयों को हिरासत में लिया था। उनकी डिपोर्टेशन प्रोसेस जारी है। इस बीच सामने आया है कि लूथरा ब्रदर्स को थाईलैंड में तब पकड़ा गया था। जब दोनों भाई होटल से बाहर खाना खाने निकले थे। 9 दिसम्बर को थाई अधिकारियों को पता चला कि जिन भाइयों को पुलिस भारत में ढूंढ़ रही थी, वे फुकेट में हैं। भारतीय एजेंसियों से इनपुट मिलने के बाद थाई अधिकारियों ने पहले ही होटल पर नजर रखनी शुरू कर दी थी।

## संक्षिप्त समाचार

### मेसी के टूर ऑर्गेनाइजर को जमानत नहीं, 14 दिन की कस्टडी में भेजा

**कोलकाता।** अर्जेंटीना के फुटबॉल आइकन लियोनेल मेसी के इंडिया टूर के आर्गनाइजर सताद्रु दत्ता को जमानत नहीं मिली है। बिधाननगर कोर्ट ने मेसी के गोट इंडिया टूर 2025 के प्रमोटर और आयोजक सताद्रु दत्ता को 14 दिनों की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। सताद्रु पर इवेंट में मिसमैनेजमेंट के आरोप हैं। पब्लिक प्रॉसिक्यूटर ने कोर्ट में कस्टडी की मांग करते हुए कुछ कॉन्स्टेबलों को चोट लगने और मेसी के मैदान में आने पर भीड़ को मैनेज करने में हुई दिक्कतों का हवाला दिया था। दरअसल, 13 दिसम्बर को स्टेडियम से मेसी के जल्दी निकल जाने के बाद फैंस भड़क गए। दूर-दूर से आने और टिकटों के लिए भारी रकम चुकाने के बावजूद वे अपने सुपरस्टार की एक झलक भी नहीं देख पाए। फैंस ने स्टेडियम में जमकर तोड़-फोड़ की। दत्ता को बिधाननगर पुलिस ने शनिवार को कोलकाता एयरपोर्ट से गिरफ्तार किया था। सताद्रु मेसी और उनके साथियों को हैदराबाद के लिए छोड़ने गए थे।

### एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में भारत तीसरे स्थान पर

**नई दिल्ली।** भारत एआई प्रतिस्पर्धा क्षमता में अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर है। स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी की वैश्विक रिपोर्ट में यह बात कही गई है। इस रिपोर्ट में भारत को 21.59 अंक दिए गए हैं। अमेरिका 78.6 अंक के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, चीन 36.95 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। दक्षिण कोरिया (17.24) और ब्रिटेन (16.64 अंक) भारत के बाद क्रमश: चौथे और पांचवें स्थान पर हैं। रिपोर्ट में अनुसंधान एवं विकास में भारत को अमेरिका और चीन के बाद तीसरे स्थान पर रखा गया है। जिम्मेदार एआई और अर्थव्यवस्था के पैमानों पर भारत को शीर्ष तीन में जगह नहीं दी गई है। प्रतिभा के मामले में भारत को सिंगापुर के बाद दूसरे स्थान पर रखा गया है। बुनियादी ढांचा और नीति एवं प्रशासन के मामले में भी भारत को पहले तीन में स्थान नहीं मिला है। लोगों की सोच के मामले में भारत दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे स्थान पर है। रिपोर्ट से साफ है कि प्रतिभा, अनुसंधान एवं विकास और जन स्वीकार्यता के बावजूद देश में एआई को लेकर नीति निर्माण, नियम कानून और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में काफी काम करने की आवश्यकता है।

### नकली दवाओं के रैकेट का किया भंडाफोड़, दो अरेस्ट

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की अपराध शाखा की साइबर सेल ने नकली शेड्यूल-एच दवाओं के निर्माण, रीपैकेजिंग और देशभर में बिक्री में शामिल एक बड़े और संगठित रैकेट का भंडाफोड़ किया। इस दौरान 2-3 करोड़ रुपये से ज्यादा की नकली दवाएं और संबंधित सामान बरामद किए गए और दो लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी उपलब्ध कराई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि असली प्रोडक्ट के रूप में बेची जा रही ये नकली दवाएं लोगों की सेहत के लिए गंभीर खतरा थीं।

# रामलीला मैदान में कांग्रेस ने निकाली 'वोट चोर गद्दी छोड़' रैली

## पीएम मोदी का आत्मविश्वास खत्म, अमित शाह के हाथ कांपते हैं उनकी वोट चोरी पकड़ी गई: राहुल

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने आरोप लगाया है कि चुनाव आयोग सरकार के इशारे पर ईमानदारी से चुनाव नहीं करा रहा है और अगर वह पारदर्शी तरीके से काम करे तो भाजपा एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। श्री गांधी और श्रीमती वाड्रा ने रविवार को यहां रामलीला मैदान में पार्टी की 'वोट चोर गद्दी छोड़' नाम से आयोजित विशाल रैली को संबोधित करते हुए कहा कि देश में इस समय सत्य और असत्य के बीच लड़ाई हो रही है। कांग्रेस सच्चाई के रास्ते पर है और भाजपा तथा राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) असत्य की राह पर चलकर सिर्फ चुनाव जीतने की साजिश कर रहे हैं। श्री गांधी ने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी सत्य को महत्व देते थे और कांग्रेस उनके दिखाए सत्य के रास्ते पर चल रही है, लेकिन आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत कहते हैं कि सत्य नहीं 'सत्ता' जरूरी है। उनके लिए झूठ ही सब कुछ है और असत्य के सहारे सत्ता का सुख भोग रहे हैं। भाजपा वोट चोरी करती है और चुनाव के समय दस हजार रुपये हर वोटर को देकर चुनाव जीतने का रास्ता सुगम बनाती है। चुनाव के समय दस हजार रुपये मतदाताओं को देना सबसे बड़ी वोट चोरी है। उन्होंने तीनों चुनाव आयुक्तों पर निशाना साधा और तीनों के नाम लेकर कहा कि वे मिलकर सरकार की मदद कर रहे हैं। उन्होंने धमकी देते हुए कहा कि कांग्रेस सत्ता में आएगी तो कानून बनाएगी और भाजपा को सरकार बनाने में वोट चोरी करवाकर मदद करने वाले इन तीनों चुनाव आयुक्तों को साजिश रचने की सजा देगी। उनका कहना था कि चुनाव आयोग को सत्य के लिए लड़ना चाहिए, सही काम करना चाहिए और जो सच है उसे ही महत्व देना चाहिए, लेकिन वह सत्य की राह पर नहीं चलकर पक्षपात कर रहे हैं और भाजपा को जिताने की साजिश रचते हैं। श्री गांधी ने कहा कि भाजपा देश के विभिन्न राज्यों में -**शेष पृष्ठ दो पर**




**हमारा वंदेमातरम् भी भाजपा ने चोरी किया: खड़गे**
**न्यायालय पर दबाव है, सारी मीडिया अंबानी-अडानी की**
**कांग्रेस नेताओं को आरोप लगाकर जेल में बंद किया गया: प्रियंका**

### कांग्रेस की रैली में देशभर से उमड़े लोग

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वोट चोरी के खिलाफ देश भर में चलाए गए अभियान के बाद रविवार को यहां रामलीला मैदान में हुई विशाल रैली में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही बड़ी संख्या में देश के विभिन्न हिस्सों से आए पार्टी के प्रमुख नेताओं ने हिस्सा लिया।

रैली में कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी, पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी, केसी वेणुगोपाल के साथ ही कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, कार्य समिति के सदस्य, प्रभारी महासचिव, विभिन्न प्रदेशों के अध्यक्ष और विधायक दलों के नेताओं के साथ ही बड़ी संख्या में पार्टी के प्रमुख नेता मौजूद रहे। रैली को श्री खड़गे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी के अलावा, महिला कांग्रेस की अध्यक्ष अलका लांबा, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब के साथ ही विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों, पूर्व मुख्यमंत्रियों और अन्य प्रमुख नेताओं ने संबोधित किया। पार्टी ने वोट चोरी को लोकतंत्र के खिलाफ एक अपराध बताया है और यह भी कहा कि इसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# सीबीआई ने चार चीनी नागरिकों के खिलाफ चार्जशीट की दाखिल

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने अंतर्राष्ट्रीय साइबर अपराध में शामिल चार चीनी नागरिकों और 58 कंपनियों सहित 17 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इन आरोपियों ने सौ से अधिक फर्जी कंपनियां बनाई और एक हजार करोड़ से अधिक की साइबर धोखाधड़ी की।

ये सभी साइबर धोखाधड़ी करने वाले एक अंतर्राष्ट्रीय नेटवर्क से जुड़े थे, जो शेल कंपनियों के जरिये धोखाधड़ी करते थे। यह नेटवर्क पोंजी योजनाओं और मल्टी-लेवल मार्केटिंग (एमएलएम) मॉडल के साथ-साथ फर्जी एप और नौकरी के प्रस्तावों के माध्यम से लोगों को धोखा दे रहा था। सीबीआई ने भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र से मिली जानकारी के आधार पर मामला दर्ज किया था। इसके बाद बीते अक्टूबर महीने में साइबर धोखाधड़ी वाले नेटवर्क का भंडाफोड़ हुआ था। जांच टीमों ने इस संगठित नेटवर्क का पता लगाया था, जो अलग-अलग तरह के साइबर फ्रॉड करता था। ये साइबर ठग फर्जी लोन, फर्जी निवेश योजनाओं का लालच देकर लोगों को अपनी जाल में फंसाते थे। जांच के दौरान पाया गया कि साइबर जालसाजों ने एक अत्यधिक जटिल, तकनीक का इस्तेमाल किया, जिसमें असली नियंत्रकों की पहचान छिपाने और कानून प्रवर्तन की जांच से बचने के लिए गूगल विज्ञापनों, बल्क एसएमएस अभियानों, सिम-बॉक्स मैसेजिंग सिस्टम, क्लाउड सर्वर, फिनटेक प्लेटफॉर्म और दर्जनों फर्जी बैंक खातों का लाभ उठाया गया। जांच के दौरान



**100 से ज्यादा फर्जी कंपनियां बनाई, करीब एक हजार करोड़ की साइबर धोखाधड़ी की**

अधिकारियों ने पाया कि इस ऑपरेशन के केंद्र में 111 फर्जी शेल कंपनियां थीं। इन शेल कंपनियों को फर्जी निदेशकों, फर्जी डॉक्यूमेंट्स और फर्जी पते का इस्तेमाल करके बनाया गया था। जांच में यह भी पता चला कि इन कंपनियों में सैकड़ों बैंक खातों के जरिये 1,000 करोड़ रुपए से अधिक की रकम ट्रांसफर की गई थी। इस खुलासे के बाद सीबीआई ने तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, केरल, कर्नाटक, झारखंड और हरियाणा में कई जगह छापेमारी की थी। जांच के दौरान इन शेल कंपनियों में विदेशी नागरिकों के संलिप्त होने की भी जानकारी सामने आई थी। इनकी पहचान जू ई, हुआन लियू, वेइजियान लियू और गुआनहुआ वांग के रूप में हुई है। इन विदेशी नागरिकों ने ही साल 2020 से भारत में फर्जी कंपनियां खड़ी की थीं। इसके बाद भारतीय सहयोगियों की मदद से लोगों के दस्तावेज हासिल किए, जिनका इस्तेमाल शेल कंपनियों के नेटवर्क को बनाने और धोखाधड़ी से मिली रकम को दूसरे खातों में ट्रांसफर किया गया।

# भारत ने बांग्लादेश के आरोपों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश सरकार के दावों को खारिज करते हुए रविवार को कहा कि उसने सदैव बांग्लादेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और समावेशी चुनाव का समर्थन किया है और कभी भी भारतीय भूमि का बांग्लादेश के हितों के खिलाफ इस्तेमाल नहीं होने दिया है।

बांग्लादेश के आरोपों का जोरदार खंडन करते हुए विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत, बांग्लादेश की अंतरिम सरकार द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में किए गए दावों को स्पष्ट रूप से खारिज करता है।मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेश में शांतिपूर्ण माहौल में स्वतंत्र, निष्पक्ष, समावेशी और विश्वसनीय चुनाव कराने के अपने रुख को लगातार दोहराया है। मंत्रालय ने कहा कि भारत ने कभी

**कहा: भारत वहां स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों का पक्षधर**

भी अपनी भूमि का उपयोग बांग्लादेश के मित्रवत लोगों के हितों के प्रतिकूल गतिविधियों के लिए नहीं होने दिया है। भारत ने बांग्लादेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की उम्मीद जताते हुए कहा कि हम आशा करते हैं कि बांग्लादेश की अंतरिम सरकार शांतिपूर्ण चुनाव कराने सहित आंतरिक कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक उपाय करेगी। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार ने दावा किया है कि अवामी लीग के नेता भारत में रहकर बांग्लादेश के खिलाफ बयानबाजी कर रहे हैं।

# नितिन नबीन बने भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष

## बिहार सरकार में हैं मंत्री, नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय रणनीति मजबूती के तौर पर देखा जा रहा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन को पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी की ओर से जारी आदेश के अनुसार यह नियुक्ति तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

ऐसे में जेपी नड्डा के बाद अब पार्टी की जिम्मेदारी नितिन नबीन ही संभालेंगे। पार्टी की ओर से इस नियुक्ति को बिहार के साथ-साथ राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा की रणनीतिक मजबूती के तौर पर देखा जा रहा है। नितिन नबीन पांच बार के विधायक हैं। मौजूदा वक्त में वह पटना की बांकीपुर विधानसभा सीट से विधायक हैं। बांकीपुर से इस बार नितिन नबीन पांचवीं बार विधायक बने हैं। नबीन छत्तीसगढ़ भाजपा के प्रभारी भी हैं। बिहार सरकार में मंत्री नितिन नबीन कायस्थ समुदाय से आते हैं। 45 साल के नबीन सड़क निर्माण मंत्री हैं। इसी के साथ वह भाजपा नेता किशोर सिन्हा के बेटे हैं। बता दें कि यह नियुक्ति 14 दिसम्बर 2025 यानी रविवार से तत्काल प्रभाव से लागू हो गई है। इस संबंध में पार्टी की ओर से औपचारिक संगठनात्मक आदेश जारी किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव एवं मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से जारी आदेश के मुताबिक यह नियुक्ति भाजपा के संसदीय बोर्ड की तरफ से की गई है। आदेश में लिखा है कि भारतीय जनता पार्टी के संसदीय बोर्ड ने नितिन नबीन, मंत्री बिहार सरकार को भारतीय जनता पार्टी का राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नियुक्त किया है।



**नितिन नबीन बांकीपुर से इस बार 5वीं बार विधायक बने**

### यूपी भाजपा के नए अध्यक्ष की औपचारिक घोषणा

**लखनऊ।** महाराजगंज से सांसद व केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी उत्तर प्रदेश भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष बन गए हैं। उनके नाम की घोषणा रविवार को औपचारिक तौर पर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचन के केंद्रीय प्रभारी एवं केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने की। शंख ध्वनि के बीच नाम का ऐलान होते ही डा. राम मनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय का सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा।

इस मौके पर निवर्तमान अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी ने नए अध्यक्ष को भाजपा का झंडा सौंपा। दरअसल अध्यक्ष पद के लिए पंकज चौधरी ही एकमात्र उम्मीदवार थे, इसलिए नामांकन के दिन ही उनके चुने जाने की तस्वीर साफ हो गई थी।



## संक्षिप्त समाचार

### यूपी में तीन सड़क हादसों में 8 की मौत

**हमीरपुर/फर्रुखाबाद/उन्नाव/मथुरा/अलीगढ़।** घने कोहरे का कहर यूपी की सड़कों पर शनिवार-रविवार रात देखने को मिला। हमीरपुर में बुंदेलखंड एक्सप्रेसवे पर टूरिस्ट बस और चारपहिया गाड़ी की भिड़ंत में दो सगे भाइयों सहित 4 लोगों की मौत हो गई है। इस हादसे में 3 लोग गंभीर घायल हैं, जिनका बांदा में इलाज चल रहा ह। वहीं फर्रुखाबाद के इटावा-बरेली हाइवे पर गन्ना लदी ट्रॉली में ट्रक ने टक्कर मार दी, जिसमें एक युवक की मौत हो गई है। तीसरा हादसा उन्नाव जिले में आगरा-लखनऊ हाइवे पर हुआ, जहां मिनी ट्रक, कंटेनर और बस की भिड़ंत में बस ड्राइवर की मौत हो गई है। वहीं मथुरा में कोहरे की वजह से एक के बाद एक 5 गाड़ियां आपस में भिड़ गईं। इस हादसे में 18 लोग घायल हैं। अलीगढ़ के टप्पल थाना क्षेत्र के पीपली गांव के पास अलीगढ़-पलवल हाईवे पर सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई।

### बहराइच में फिर दिखा भेड़िया

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के कैसरगंज इलाके में रविवार दोपहर एक बार फिर भेड़िया देखे जाने से ग्रामीणों में दहशत फैल गई। ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा में भेड़िया दिखने के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे दौड़ पड़े, जिससे क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ग्रामीणों का पीछा करने पर भेड़िया पास के गन्ने के खेत में घुसकर छिप गया। इसी इलाके में शनिवार तड़के ग्राम गोडहिया नंबर-4 के मजरा जरूवा निवासी राम कुमार की एक वर्षीय बेटी आरवी को भेड़िया उठाकर ले गया था। बाद में मासूम के शव के अवशेष घटना स्थल से लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर बरामद हुए थे। इस हृदयविदारक घटना के बाद वन विभाग ने सघन सर्च ऑपरेशन चलाया था, जिसके दौरान एक भेड़िए को ट्रैक कर उसका एनकाउंटर किया गया था।

# ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत: द्रौपदी मुर्मू

**नई दिल्ली, वार्ता**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि एक संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने के लिए स्वच्छ हवा और सुरक्षित जल स्रोत भी महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि हम ऊर्जा को जितना संरक्षित करेंगे और बचाएंगे, वह प्रकृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी संवेदनशीलता का प्रतीक होगी।

मुर्मू ने रविवार को यहां राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में यह बात कही। श्रीमती मुर्मू ने कहा कि पर्यावरण अनुकूल और विश्वसनीय तरीके से ऊर्जा संरक्षण ही ऊर्जा का सबसे बड़ा स्रोत है। ऊर्जा संरक्षण सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि आज की सबसे महत्वपूर्ण ज़रूरत है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा बचाने का मतलब सिर्फ़ कम इस्तेमाल करना नहीं है, बल्कि ऊर्जा का समझदारी, जिम्मेदारी और



■ ऊर्जा संरक्षण व चित्रकला प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण कार्यक्रम में बोलीं राष्ट्रपति

कुशलता से उपयोग करना भी है। उन्होंने कहा कि जब हम बिजली के उपकरणों का अनावश्यक उपयोग करने से बचते हैं, ऊर्जा-कुशल उपकरणों को अपनाते हैं, अपने घरों और कार्यस्थलों में प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का उपयोग करते हैं या सौर और नवीकरणीय ऊर्जा विकल्पों को अपनाते हैं, तो हम न केवल ऊर्जा बचाते हैं, बल्कि कार्बन उत्सर्जन भी कम करते हैं। श्रीमती मुर्मू ने इस बात पर ज़ोर दिया कि ऊर्जा संरक्षण आज की सबसे महत्वपूर्ण जरूरत है। अगर युवा और बच्चे ऊर्जा संरक्षण के प्रति जागरूक होकर इस दिशा में प्रयास करें, तो इस क्षेत्र में लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं और देश का सतत विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। राष्ट्रपति ने कहा कि सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा तक पहुंच समुदायों को सशक्त बनाती है। यह स्थानीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देती है और विकास के नए अवसर पैदा करती है। इसलिए हरित ऊर्जा सिर्फ़ बिजली उत्पादन तक सीमित नहीं है, यह सशक्तिकरण और समावेशी विकास का एक शक्तिशाली माध्यम है।

### मुर्मू ने ऊर्जा बचाने वाले नायकों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने रविवार को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस पर यहां विज्ञान भवन में एक समारोह में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार (एनईसीए) 2025 और राष्ट्रीय चित्रकला प्रतियोगिता (एनपीसी) 2025 के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह का आयोजन विद्युत मंत्रालय के अंतर्गत ब्यूरो ऑफ एनर्जी एफिशिएंसी (बीईई) द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मू ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण कोई विकल्प नहीं, बल्कि आज की आवश्यकता है। केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि भारत वैश्विक ऊर्जा परिवर्तन में अग्रणी भूमिका निभा रहा है और देश ने पेरिस समझौते के तहत निर्धारित लक्ष्य से पांच वर्ष पहले ही 50 प्रतिशत स्थापित क्षमता गैर-जीवाश्म स्रोतों से प्राप्त कर ली है। उन्होंने पीएटी योजना, मानक एवं लेबलिंग, एडीईईटीआईई जैसी बीईई की पहलों को ऊर्जा दक्षता की रीढ़ बताया। राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस 2025 ने यह स्पष्ट संदेश दिया कि ऊर्जा संरक्षण तकनीक, नीति और जनभागीदारी का संगम है। उद्योगों, संस्थानों, नवप्रवर्तकों और विद्यार्थियों-सभी के प्रयास मिलकर भारत को हरित, आत्मनिर्भर और सतत भविष्य की ओर ले जा रहे हैं। यह सम्मान न केवल उपलब्धियों की पहचान है, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा भी है।

# रुपये की गिरावट से भाजपा की खुली पोल: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि डॉलर के मुकाबले रुपए का अब तक के इतिहास में सबसे कमजोर स्तर पर पहुंचना इस बात का प्रमाण है कि भाजपा सरकार अर्थव्यवस्था को लेकर जो आंकड़े और दावे पेश कर रही है, वे पूरी तरह भ्रामक और तथ्यहीन हैं। उन्होंने कहा कि रुपए की गिरावट ने सरकार की आर्थिक नीतियों की असलियत जनता के सामने ला दी है।

रविवार को पार्टी की तरफ से जारी बयान में अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा इस सच्चाई से इनकार नहीं कर सकती कि रुपए की कमजोरी सीधे तौर पर सरकार की नाकामी का परिणाम है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि भाजपा ने रुपए की गिरावट और सरकार के बीच ऐसा विचित्र आर्थिक सिद्धांत गढ़ा है, जो पूरी तरह अव्यावहारिक और विफल साबित हो चुका है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने देश की अर्थव्यवस्था को गंभीर संकट में डाल दिया है। रुपया लगातार डॉलर के मुकाबले गिरता जा रहा है और गिरावट के पुराने सारे रिकॉर्ड टूट चुके हैं। इसके साथ ही महंगाई बेलगाम हो चुकी है, जिससे आम जनता की क्रय शक्ति लगातार कमजोर हो रही है।

# घुसपैठियों को बचाने को हुई कांग्रेस की रैली: पात्रा

**नई दिल्ली, वार्ता**

दिल्ली के रामलीला मैदान में हुई कांग्रेस की वोट चोरी की महारैली में मोदी तेरी कब्र खुदेगी के नारे लगाने पर बीजेपी प्रवक्ता संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस भूल गई कि जब-जब पीएम मोदी और उनकी माता जी को गाली दी गई है, तो कांग्रेस को हमेशा जनता ने नकारा है, ये उनका महज अहंकार है। कांग्रेस में सिर्फ एक मणिशंकर अयर नहीं है।

संबित पात्रा ने कहा कि कांग्रेस वोट चोरी पर रैली कर रही है। संसद चल रही है, वहां चर्चा हो चुकी है और अब कांग्रेस रैली उसी मुद्दे पर कर रही है। इसी कांग्रेस ने एसआईआर पर सदन में चर्चा का नोटिस दिया था। राहुल जब इस चर्चा पर सदन में बोले, तो उनकी सतही जानकारी और राजनीति सदन में नजर आई। संबित पात्रा ने कहा कि टीशर्ट पहनने वाले राहुल उस दिन खादी पहनकर सदन में आए। उन्होंने एक कहानी बनाई जो



■ बीजेपी बोली- वहां सिर्फ एक मणिशंकर अय्यर नहीं

पूरी तरह झूठी थी। जिसका गृहमंत्री ने बिंदुवार जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि हर बात पर जवाब दिया गया। संबित पात्रा ने कहा वोट चोरी कब-कब हुई ,वो भी गृहमंत्री ने बताया। नेहरू के प्रधानमंत्री बनने से लेकर रायबरेली का चुनाव और अब सोनिया गांधी की नागरिकता को लेकर भी बताया गया। जब गृहमंत्री ने घुसपैठियों का जिक्र किया, तो कांग्रेस ने इसका विरोध किया और वॉक आउट करके चले गए। उन्होंने कहा कि ये जो रैली हो रही है वो घुसपैठियों को बचाने के लिए कर रही है।


## बूथ ही बनेगा जीत का केंद्र, एसआईआर चुनावी रणनीति की धुरी: योगी

# सरकार व संगठन मिलकर प्रदेश को आगे बढ़ाएंगे

**लखनऊ, वार्ता**

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्पष्ट किया है कि आगामी चुनाव पूरी तरह बूथ स्तर पर लड़े जाएंगे और विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) इस रणनीति की रीढ़ है। रविवार को भाजपा के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि विरोधी दलों के पास संगठनात्मक ताकत नहीं है, लेकिन वे छल और भ्रम फैलाने की कोशिश जरूर करेंगे। ऐसे में कार्यकर्ताओं को सजग, साहसी और पूरी तरह तैयार रहना होगा।

अनुभवी नेतृत्व के साथ सरकार और संगठन मिलकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत-विकसित उत्तर प्रदेश' के संकल्प को साकार करेंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज भारत और भारतीयों के प्रति दुनिया का



■ विरोधियों के पास ताकत नहीं है, लेकिन व छल और भ्रम फैलाने की कोशिश करेंगे, जिससे सावधान रहने की जरूरत है

नजरिया बदला है। उत्तर प्रदेश में आया परिवर्तन डबल इंजन सरकार और कार्यकर्ताओं की संगठित शक्ति का परिणाम है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बदला हुआ उत्तर प्रदेश आज अपनी पहचान खुद गढ़ रहा है। काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, अयोध्या में भव्य राम मंदिर, नैमिषारण्य सहित प्रमुख तीर्थ स्थलों का कायाकल्प इस परिवर्तन के प्रतीक हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा कि पहले प्रदेश में बिजली इसलिए नहीं आती थी, ताकि अंधेरे में डकैती डाली जा सके, जबकि आज रोस्टर के अनुसार निर्बाध बिजली आपूर्ति हो रही है। योगी आदित्यनाथ ने एसआईआर को अत्यंत संवेदनशील बताते हुए कहा कि कार्यकर्ताओं की क्षमता पर कोई संदेह नहीं है, लेकिन कई बार अनावश्यक उदारता के कारण गंभीर चूक हो जाती है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि कई जगह यह कहकर संतोष कर लिया जाता है कि 'हमारे यहां सब ठीक है', जबकि वास्तविकता कुछ और होती है। एक जिले में तो विरोधियों ने बांग्लादेशी घुसपैठियों के नाम तक मतदाता सूची में दर्ज करवा दिए, जहां पिता-पुत्र-दादा की उम्र में ही भारी विसंगति पाई गई और मतदाता मूल रूप से असम के निवासी निकले। उन्होंने निर्देश दिए कि प्रत्एक बूथ पर फर्जी नामों के खिलाफ अनिवार्य रूप से आपत्ति दर्ज कराई जाए और जो वास्तविक मतदाता सूची से छूट गए हैं, उनके नाम हर हाल में जोड़े जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश की अनुमानित आबादी करीब 25 करोड़ है, इस आधार पर लगभग 16 करोड़ मतदाता होने चाहिए, लेकिन एसआईआर के बाद सूची में केवल 12 करोड़ नाम सामने आए हैं। यह लगभग चार करोड़ मतदाताओं का अंतर है, जिनमें 85 से 90 प्रतिशत भाजपा समर्थक हो सकते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कार्यकर्ताओं के पास अब केवल 12 दिन हैं और याद रखना चाहिए कि चुनावी लड़ाई बूथ पर ही जीती जाती है।

### भाजपा में न वंशवाद चलता है, न जातिवाद, केवल कार्यकर्ता सर्वोपरि: पंकज चौधरी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी ने कहा कि भाजपा में न किसी व्यक्ति का वर्चस्व चलता है, न परिवारवाद और न ही जातिवाद। पार्टी में कार्यकर्ता ही सबसे बड़ी ताकत है और वही बड़े से बड़े दायित्व निभाता है। इसी भरोसे के साथ जनता ने बार-बार भाजपा को आशीर्वाद दिया है। रविवार को प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद अपने पहले संबोधन में पंकज चौधरी ने अपने राजनीतिक संघर्षों को याद करते हुए कहा कि राजनीति में आने का उनका शौक नही था। गलत चीज बर्दाश्त न होने की वजह से ही वह राजनीति में आएं। उन्होंने बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने उन्हें मात्र 26 वर्ष की आयु में महाराजगंज से लोकसभा चुनाव लड़ने का अवसर दिया। वर्ष 1991 से लेकर 2024 तक वे लगातार अपने क्षेत्र से जुड़े रहे।



**सेंसेक्स** 84391.27
**निफ्टी** 25758



**सोना रु.** 117330
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 190000
प्रति किलो



# बाजार पर दिखेगा महंगाई का असर

**मुंबई, वार्ता**

घरेलू शेयर बाजारों में लगातार दूसरी साप्ताहिक गिरावट के बाद आने वाले सप्ताह में बाजार पर महंगाई के आंकड़ों के साथ वैश्विक कारकों का असर भी दिख सकता है। घरेलू स्तर पर खुदरा महंगाई के आंकड़े शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद जारी किए गए थे। थोक महंगाई के आंकड़े सोमवार को जारी होने हैं। बाजार पर वैश्विक कारकों का असर भी दिखेगा।

पिछले सप्ताह घरेलू शेयर बाजारों में प्रमुख सूचकांक पहले तीन दिन की गिरावट के बाद अंतिम दो दिन बढ़त में रहे। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 444.71 अंक (0.52 प्रतिशत) टूटकर सप्ताहांत पर 85,267.66 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक 139.50 अंक यानी 054 प्रतिशत गिरकर 26,046.95 अंक पर



रहा। एनएसई का मिडकैप-50 सूचकांक 0.61 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.67 फीसदी की साप्ताहिक गिरावट में बंद हुआ। सप्ताह के दौरान संसेक्स की 30 कंपनियों में से 18 के शेयर लाल निशान में और अन्य 12 के हरे निशान में रहे। एशियन पेंट्स में सबसे अधिक 6.80 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल का शेयर 4.25 फीसदी, हिंदुस्तान यूनीलिवर का 3.33, बजाज फाइनेंस का 2.96, ट्रेंट का 2.78 और पावर ग्रिड का 2.28 प्रतिशत टूट गया। आईसीआईसीआई बैंक का शेयर 1.87 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 1.71, भारती एयरटेल 1.16, इंफोसिस तथा आईटीसी दोनों के 1.06, और महिंद्रा एंड महिंद्रा का 1.01 प्रतिशत उतर गया। इनके अलावा भारतीय स्टेट बैंक, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सनफार्मा, टीसीएस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। टाटा स्टील का शेयर सबसे अधिक 2.87 प्रतिशत चढ़ा। इटरनल में 1.92 फीसदी, टाइटन में 1.73, मारुति सुजुकी में 1.50, अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.08 और कोटक महिंद्रा बैंक में 1.02 प्रतिशत की तेजी रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, एलएंडटी, अडानी पोर्ट्स, टेक महिंद्रा एनटीपीसी और एक्सिस बैंक के शेयर भी साप्ताहिक बढ़त में रहे।

# एसबीआई के कर्ज आज से हो जाएंगे सस्ते

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के सबसे बड़े ऋण दाता भारतीय स्टेट बैंक ने आवास और निजी ऋण लेने वाले ग्राहकों को बड़ी राहत देते हुए ब्याज दरों में 25 आधार अंक (0.25 प्रतिशत) की कटौती की घोषणा की है। दरों में कटौती 15 दिसंबर से प्रभावी हो जाएंगी। बैंक की प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया है कि उसने बाहरी बेंचमार्क पर आधारित दर में 25 आधार अंकों की कटौती की है। यह मौजूदा 8.15 प्रतिशत से घटकर सोमवार से 7.90 प्रतिशत हो जाएगी। ईबीएलआर वह दर है जो फ्लोटिंग दर पर लिए गए हर ऋण की ब्याज दर तय करता है। अधिकतर आवास ऋण, व्यक्तिगत ऋण और छोटे उद्यमों को दिए गए ऋणों की ब्याज दर इसी आधार पर तय होती है। एसबीआई ने यह कटौती भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 05 दिसंबर को रेपो दर में की गई 25 आधार अंकों की कटौती के बाद की है। केंद्रीय बैंक ने इस साल चौथी बार रेपो दर में कटौती की है। इस दौरान रेपो दर 1.25 प्रतिशत कम हुई है। आरबीआई के गवर्नर संजय मल्होत्रा ने 9 दिसंबर को बैंकों के शीर्ष अधिकारियों के साथ बैठक में रेपो दर की कटौती का लाभ ग्राहकों को देने के लिए कहा था। एसबीआई ने सभी अवधि के सीमांत लागत ऋण दरों में पांच आधार अंकों और बेस रेट में 10 आधार अंकों की कटौती की घोषणा की है। उसने बताया है कि अब बेस रेट 10 प्रतिशत से घटकर 9.90 प्रतिशत हो गई है। वहीं, सावधि जमा पर ग्राहकों को मिलने वाले ब्याज की दर ज्यादातर अवधियों के लिए अपरिवर्तित रहेगी।

# गेहूं, चीनी मजबूत, चावल नरम दालों, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

**नई दिल्ली, वार्ता**

घरेलू थोक जिंस बाजारों में बीते सप्ताह चावल के औसत भाव टूट गए। ग्राहकी आने से गेहूं और चीनी में तेजी रही, जबकि खाद्य तेलों और दालों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। घरेलू थोक जिंस बाजारों में सप्ताह के दौरान चावल की औसत कीमत 67 रुपए घटकर सप्ताहांत पर 3,755.96 रुपए प्रति क्विंटल रही। गेहूं चार रुपए चढ़कर 2,848.44 रुपए प्रति क्विंटल पर पहुंच गया।

आटा 18 रुपए की बढ़त के साथ 3,307.09 रुपए प्रति क्विंटल बोला गया। बीते सप्ताह मूंगफली तेल 50 रुपए प्रति क्विंटल महंगा हुआ। पाम ऑयल में 47 रुपए और सूरजमुखी तेल में 54 रुपए प्रति क्विंटल की तेजी देखी गई। सोया तेल पांच रुपए महंगा हुआ। सरसों तेल की कीमत 107 रुपए और वनस्पति की 62 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। सप्ताह के दौरान चना दाल की औसत कीमत 19 रुपए प्रति क्विंटल घट गई। वहीं मसूर दाल छह रुपए महंगी हुई। तुअर दाल आठ रुपए और मूंग दाल सात रुपए प्रति क्विंटल मजबूत हुई। उड़द दाल की कीमत भी 32 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। मीठे के बाजार में सप्ताह के दौरान गुड़ के औसत भाव 18 रुपए प्रति क्विंटल गिर गए।



वहीं चीनी 11 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हुई। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के औसत थोक भाव शनिवार को इस प्रकार रहे। दाल-दलहन: दाल चना 7793.22 रुपए, मसूर काली 8122.44 रुपए, मूंग दाल 10095.82 रुपए, उड़द दाल 10388.57 रुपए, तुअर दाल 10533.49 रुपए प्रति क्विंटल। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2848.44 रुपए और चावल 3755.96 रुपए प्रति क्विंटल। आटा (गेहूं) 3307.09 प्रति क्विंटल। चीनी-गुड़: चीनी एस 4346.23 रुपए और गुड़ 5005.85 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए। खाद्य तेल: सरसों तेल 17599.13 रुपए, मूंगफली तेल 17704.16 रुपए, सूरजमुखी तेल 1575.84 रुपए, सोया तेल 13785.80 रुपए, पाम ऑयल 12481.16 रुपए और वनस्पति 14399.03 रुपए प्रति क्विंटल के स्तर पर रहा।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**देशभर में....**

प्रदेश में वेस्टर्न डिस्टरबेंस सक्रिय होने से ठंड बढ़ गई है। पहाड़ों पर बर्फबारी का अनुमान है। मौसम विभाग ने उत्तराखंड के उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ में बारिश-बर्फबारी की संभावना जताई है, जिससे पारा 2-3 डिग्री सेल्सियस और गिर सकता है। कश्मीर में 21 दिसम्बर से 40 दिन तक चलने वाला सर्दियों का सबसे कड़ा दौर 'चिल्लई कलां' शुरू होगा। इस दौरान भीषण ठंड, बर्फबारी और पाला पड़ता है। पश्चिमी हिमालयी इलाकों में आखिरी बार 4 और 5 नवम्बर को अच्छी बारिश और बर्फबारी हुई थी। इससे पहले अक्टूबर के पहले हफ्ते में 2 अक्टूबर को हल्की और 6 अक्टूबर को भारी बर्फबारी हुई थी। उस समय जम्मू-कश्मीर, लद्दाख और हिमाचल के ऊपरी इलाकों का करीब 80 फीसदी हिस्सा बर्फ से ढक गया था। अब 18-19 दिसम्बर को फिर अच्छी बर्फबारी के आसार हैं।

**रामलीला मैदान...**

वोट चोरी कर चुनाव जीत रही है। असत्य के रास्ते पर चल रही हैं, लेकिन अंत में सत्य की ही जीत होनी है, भले ही इसमें कुछ देर हो जाए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि झूठ के कारण इनका आत्मविश्वास डगमगा रहा है, क्योंकि वे समझ गए हैं कि उनकी वोट चोरी की साजिश पकड़ी गई है। पूरे देश को इस सच का पता लगने वाला है, इसलिए दोनों घबराए हुए हैं और उनका आत्मविश्वास खत्म हो रहा है। इससे पहले श्रीमती वाड्रा ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि आज संस्थाओं पर हमले हो रहे हैं, न्यायपालिका दबाव में है, कांग्रेस का बैंक अकाउंट बंद करवा देते हैं, कांग्रेस नेताओं को बिना प्रमाण के परेशान किया जा रहा है। ईडी को भेजा जा रहा है, छापे की कार्रवाई की जा रही हैं, सरकार किसी की सुनने को तैयार नहीं है, एसआईआर पर चर्चा करवाने की मांग की तो नहीं माने, आखिर में दबाव में आकर माने। उन्होंने कहा कि भाजपा अगर बैलेट पर चुनाव लड़े, वोट चोरी न करें, तो वह एक भी चुनाव नहीं जीत सकती है। चुनाव आयोग के बिना भाजपा चुनाव जीत ही नहीं सकती है। चुनाव आयोग सरकार की मदद कर रहा है और लोकतंत्र को खत्म रहा है। चुनाव की घोषणा से लेकर वोटर लिस्ट, मतदान, मतगणना, ईवीएम सबका इस्तेमाल आयोग भाजपा को मदद पहुंचाने के लिए कर रहा है। जनता का विश्वास भाजपा से, सरकार से, प्रधानमंत्री और गृहमंत्री से हट चुका है। उन्होंने सरकार को हर मोर्चे पर विफल बताते हुए कहा कि यहां सिर्फ संवैधानिक संस्थाओं की धज्जियां उड़ाई जा रही है और चुनाव आयोग जैसी संस्था सरकार की गैर जिम्मेदार तरीके से मदद कर रही है। उसकी इस हरकत को इतिहास माफ नहीं करेगा।

# राणा बंधुओं की कंपनियों का लाइसेंस निरस्त

■ यूपी: कफ सिरप तस्करी मामले में एफएसडीए की कार्रवाई

**लखनऊ।** यूपी में कफ सिरप की अवैध तस्करी मामले में एफएसडीए ने विभोर राणा और उसके भाई विशाल की फर्मों का लाइसेंस निरस्त कर दिया है। यह कार्रवाई लखनऊ में सामने आए उस नेटवर्क पर हुई है, जिसमें कोडीन युक्त कफ सिरप की तस्करी यूपी समेत कई राज्यों और बांग्लादेश तक होने का आरोप है। मामला इसलिए अहम है क्योंकि यह ड्रग्स नियंत्रण और सीमा पार अवैध कारोबार से जुड़ा है।

एफएसडीए के अनुसार विभोर राणा के नाम से पंजीकृत जीआर ट्रेडिंग और विशाल के नाम से संचालित एबट हेल्थ केयर का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से रद्द किया गया है। जांच में इन फर्मों की सप्लाई चेन, खरीद-बिक्री रिकॉर्ड और वितरण नेटवर्क में गंभीर अनियमितताएं पाई गई। अधिकारियों का कहना है कि कागजी वैधता के आड़ में कोडीन युक्त कफ सिरप की बड़ी खेप विभिन्न राज्यों में भेजी गई। लखनऊ से संचालित इस नेटवर्क के तार पश्चिम बंगाल, असम, उत्तराखंड, बिहार और बांग्लादेश तक जुड़े होने के संकेत मिले हैं। लाइसेंस निरस्तीकरण को आगे की आपराधिक कार्रवाई का आधार माना जा रहा है।

### पूर्व सपा विधायक दीप नारायण की 21 करोड़ की संपत्ति कुर्क

**झांसी।** समाजवादी पार्टी के पूर्व विधायक दीप नारायण यादव के खिलाफ पुलिस और प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए करीब 20 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई गैंगस्टर एक्ट, डकैती और मारपीट जैसे गंभीर मामलों में की गई है। जिलाधिकारी न्यायालय के आदेश पर झांसी पुलिस ने यह कदम उठाया। पुलिस के अनुसार पूर्व विधायक पर दर्ज मामलों में अवैध तरीके से अर्जित की गई संपत्ति को चिन्हित किया गया था। जांच के बाद प्रशासन ने मेडिकल कॉलेज के पीछे करगुवा मंदिर के पास स्थित करोड़ों की संपत्ति को कुर्क करते हुए मौके पर नोटिस बोर्ड भी लगाया है। बताया जा रहा है कि 21 नवंबर को मोंठ कोतवाली क्षेत्र में हुई मारपीट और डकैती की घटना के बाद से ही दीपनारायण यादव फरार चल रहे हैं। इस मामले में उन पर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की गई, जिसके बाद पुलिस ने उनकी संपत्तियों का ब्योरा जुटाकर कुर्की की प्रक्रिया शुरू की। पुलिस सूत्रों के मुताबिक दीपनारायण यादव लंबे समय से पुलिस की पकड़ से बाहर हैं। हालांकि उन्होंने न्यायालय में सरेंडर की अर्जी दाखिल की है, जिस पर सुनवाई होनी है। वहीं पुलिस की ओर से गिरफ्तारी के प्रयास लगातार जारी हैं।

# निवेश बढ़ाया जाए और इंफ्रास्ट्रक्चर में सुधार हो

■ सीआईआई ने बजट 2026 में प्राइवेट निवेश बढ़ाने की सलाह दी

**नई दिल्ली।** भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने आगामी केंद्रीय बजट 2026-27 के लिए सरकार को एक व्यापक निवेश रणनीति पेश की है। संगठन ने सुझाव दिया है कि बजट में सार्वजनिक, निजी और विदेशी निवेश को बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं, जिससे भारत की आर्थिक वृद्धि की गति बनी रहे और देश एक टिकाऊ विकास मार्ग पर आगे बढ़ सके।

सीआईआई ने वित्त वर्ष 2027 में केंद्र सरकार के पूंजीगत व्यय में 12 प्रतिशत वृद्धि और राज्यों को दी जाने वाली पूंजीगत सहायता में 10 प्रतिशत बढ़ोतरी की सिफारिश की है। संगठन ने इसके साथ ही 2026-2032 के लिए 150 लाख करोड़ रुपये की राष्ट्रीय अवसंरचना पाइपलाइन (एनआईपी 2.0)शुरू करने का प्रस्ताव रखा है। इसका उद्देश्य देशभर में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं को गति देना और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देना है। बड़े निवेश और उत्पादन लक्ष्य हासिल करने वाली कंपनियों के लिए कर प्रोत्साहन और अनुपालन में ढील देने की सिफारिश की है। इसके तहत कंपनियों को नए निवेश, उत्पादन और कर योगदान में वृद्धि करने पर अतिरिक्त लाभ दिए जा सकते हैं। संगठन ने एनआरआई निवेश प्रोत्साहन कोष बनाने का भी सुझाव दिया है, जिसमें सरकार की हिस्सेदारी 49 प्रतिशत तक हो सकती है। यह कोष एनआरआई, एफपीआई और अन्य संस्थागत निवेशकों को अवसंरचना और एआई जैसे क्षेत्र में निवेश के लिए आकर्षित करेगा।

CMYK



# सुभारती कॉलेज पर 87.50 करोड़ का वसूली वारंट

## देहरादून में अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई, बैंक खाते सीज और संपत्ति कुर्क करने की तैयारी

■ **300 छात्रों से पूरी फीस लेकर संरचना विहीन संस्थान में पढ़ाना पड़ा भारी**




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** जनता के धन की लूट पर जिला प्रशासन ने अब तक का सबसे सख्त और ऐतिहासिक प्रहार किया है। देहरादून के जिलाधिकारी सविन बंसल के निर्देश पर सुभारती समूह के खिलाफ 87.50 करोड़ रुपये का वसूली वारंट जारी कर दिया गया है। विशेष वसूली अभियान के तहत यह कार्रवाई जिले के बड़े बकायेदारों के खिलाफ की गई सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है।

जिला प्रशासन ने साफ कर दिया है कि अगले कुछ ही दिनों में सुभारती संस्थान के बैंक खाते सीज किए जा सकते हैं और चल-अचल संपत्ति कुर्क करने की कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। प्रशासन का दो टूक संदेश है, जनता के धन की लूट किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### हर बकायेदार पर होगी कार्रवाई: डीएम



जिलाधिकारी सविन बंसल ने स्पष्ट शब्दों में कहा, जनता के धन की लूट करने वालों को किसी भी सूरत में छोड़ा नहीं जाएगा। वसूली के लिए जिला प्रशासन हर हद तक जाएगा। उन्होंने सभी उप जिलाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि अपने-अपने क्षेत्रों में छोटे और बड़े सभी बकायेदारों की सूची तैयार की जाए, जो जानबूझकर भुगतान से बच रहे हैं। साथ ही आदेश दिए गए हैं कि, बड़े बकायेदारों पर प्राथमिकता से कार्रवाई की जाए, दैनिक प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। आवश्यकता पड़ने पर कुर्की, नोटिस, बैंक खाता सीज जैसी कानूनी कार्रवाई तत्काल अमल में लाई जाए।

### चिकित्सा शिक्षा निदेशक की सिफारिश पर हुई कार्रवाई

प्रशासन की कार्रवाई की जड़ में वह गंभीर मामला है, जिसमें संस्थान ने लगभग 6 वर्षों तक 300 छात्रों से पूरी फीस वसूली, उन्हें संरचना विहीन मेडिकल कॉलेज में पढ़ने को मजबूर किया। चिकित्सा शिक्षा निदेशक ने इस गंभीर अनियमितता को लेकर डीएम से पूर्ण वसूली की स्पष्ट सिफारिश की थी, जिसके आधार पर अब कुर्की की प्रक्रिया शुरू की गई है।

**सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था मामला, राज्य पर पड़ा भारी वित्तीय बोझ**

शैक्षणिक सत्र 2017-18 में प्रवेश पाए द्वितीय बैच के 74 छात्रों ने उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर की थी। छात्रों ने आरोप लगाया था कि संस्थान में आवश्यक संरचना न होने के कारण वे नियमित शिक्षा प्राप्त नहीं कर पा रहे हैं। मामले में एमसीआई ने भी तथ्य रखे और वर्ष 2019 में सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि 300 छात्रों को राज्य के तीन राजकीय मेडिकल कॉलेजों में स्थानांतरित किया जाए। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि छात्र केवल सरकारी मेडिकल कॉलेजों की निर्धारित फीस ही देंगे। इस आदेश के अनुपालन में राज्य सरकार को लगभग एक नए मेडिकल कॉलेज के बराबर संरचना विकसित करनी पड़ी, जिससे सरकार पर अनपेक्षित वित्तीय भार आ गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट कर दिया है कि विकास योजनाओं और सरकारी कार्यों के लिए जनता की कमाई का हर रुपया अमूल्य है। वहीं, सुभारती शिक्षण संस्थान ने इस संबंध में कुछ भी कहने से इंकार किया है, कहा है कि कल यानी सोमवार को लिखित में अपना पक्ष रखा जाएगा।

# बिहार व उत्तराखंड के बीच पर्यटन गतिविधियों को बढ़ाया जाएगा: महाराज

■ **बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने किया सद्भावना सत्संग समारोह का शुभारंभ**




**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**गयाजी/देहरादून।** आध्यात्मिक और समाजिक संस्था मानव उत्थान सेवा समिति की शाखा मानव धर्म मंदिर गया जी के तत्वावधान में रामपुर स्थित गया कॉलेज के खेल परिसर में दो दिवसीय सद्भावना सत्संग समारोह का शुभारंभ प्रख्यात समाजसेवी, आध्यात्मिक गुरु और उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार एवं गया जी की जिला परिषद अध्यक्ष नयना कुमारी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेमकुमार ने बिहार की पावन धरती पर सतपाल महाराज सहित सभी दिव्य परिवार का हृदय से आभार जताते हुए उन्हें फिर से बिहार आने का न्योता भी दिया।

सद्भावना सत्संग समारोह को संबोधित करते हुए प्रख्यात समाजसे.वी, आध्यात्मिक गुरु और उत्तराखंड के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि गया (बोधगया) स्थित महाबोधि मंदिर, वह पवित्र स्थान है जहाँ गौतम बुद्ध को बोधिवृक्ष के नीचे ज्ञान (बोधि) प्राप्त हुआ था, और यह यूनेस्को द्वारा विश्व धरोहर स्थल घोषित है। जिस प्रकार से गया में श्राद्ध कर्म आदि का विधान है उसी प्रकार उत्तराखंड स्थित हरिद्वार एवं बद्रीनाथ धाम के ब्रह्मकपाल में में भी श्राद्ध कर्म का विशेष महत्व है। इन सभी स्थानों को मानचित्र पर अंकित किया जायेगा।महाबोधि मंदिर के भ्रमण के दौरान मीडिया से बातचीत करते हुए महाराज ने कहा कि आध्यात्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए जल मार्ग से प्रयागराज से बनारस और पटना होते हुए क्रूज और कार्गो चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि बिहार एवं उत्तराखंड के बीच पर्यटन गति. विधियों को बढ़ाने के लिए समन्वय स्थापित किया जाएगा ताकि अधिक से अधिक संख्या में पर्यटक राज्य में आ सकें।

# सेलाकुई में परफ्यूम बनाने वाली फैक्ट्री में लगी भीषण आग




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सेलाकुई।** औद्योगिक क्षेत्र सेलाकुई में सेंट ओर परफ्यूम बनाने वाली एक फैक्ट्री में आज अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि उसने विकराल रूप धारण कर लिया और पास स्थित एक सीट कवर फैक्ट्री को भी अपनी चपेट में ले लिया।

आग लगने की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल विभाग की पांच गाड़ियां पहुंचीं और आग बुझाने का कार्य शुरू किया गया। आग की गंभीरता को देखते हुए आसपास के क्षेत्रों से भी अतिरिक्त फायर ब्रिगेड वाहनों को बुलाया गया। मौके पर फायर कर्मियों के साथ स्थानीय पुलिस भी राहत एवं बचाव कार्य में जुटी रही। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाने का प्रयास किया जा रहा है, लेकिन आग से फैक्ट्री में रखा लाखों रुपये का कच्चा माल, मशीनें और अन्य सामान जलकर राख हो गया। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन द्वारा मामले की जांच की जा रही है। 4 घंटे से ज्यादा का समय हो गया है लेकिन आग पर काबू नहीं पाया गया। कोई किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई है।

# सशक्तिकरण के लिए महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता अनिवार्य : खंडूड़ी

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण ने कहा कि महिलाओं का वास्तविक सशक्तीकरण तभी संभव है जब वे आर्थिक रूप से स्वतंत्र हों। उन्होंने कहा कि जब तक महिलाओं को रोजगार, उद्यमिता और निर्णय प्रक्रिया में समान अवसर नहीं मिलेंगे, तब तक समावेशी विकास की कल्पना अधूरी रहेगी। उन्होंने यह भी कहा कि जनसंचार और पब्लिक रिलेशन आज देश और प्रदेश के विकास का एक प्रभावी माध्यम बन चुका है, जिसके जरिए सरकार और जनता के बीच मजबूत संवाद स्थापित किया जा सकता है।




विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी रविवार को सहस्रधारा रोड स्थित होटल द एमराल्ड ग्रैंड में आयोजित पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थीं। उन्होंने पीआरएसआई की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था सरकार की नीतियों, योजनाओं और विकास कार्यों को आम जनता तक पहुंचाने में एक सशक्त सेतु का कार्य कर रही है। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि आज का युग सूचना और संवाद का है।

जनसंचार के माध्यम से अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा सकती है। उन्होंने इस क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष जोर देते हुए कहा कि पीआर और कम्युनिकेशन जैसे क्षेत्रों में महिलाओं के लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि पीआर इंडस्ट्री का आकार लगातार बढ़ रहा है, लेकिन इसके साथ-साथ यह चुनौती भी है कि सूचना विश्वसनीय, पारदर्शी और प्रभावी तरीके से जनता तक पहुंचे। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने पीआरएसआई के माध्यम से जनसंच.ार के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली विभिन्न एजेंसियों, संस्थानों और व्यक्तियों को सम्मानित भी किया।इस अवसर पर पीआरएसआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजीत पाठक ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। सम्मेलन के दूसरे दिन गेल के सीईओ संदीप गुप्ता, स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार, सचिव मुख्यमंत्री एवं एमडीडीए उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी, प्रो. दुर्गेश पंत, संयुक्त निदेशक सूचना नितिन उपाध्याय, पीआरएसआई

देहरादून चौप्टर के अध्यक्ष रवि बिजरानिया, अनिल सती, सुनील राणा, सुरेश भट्ट, अनिल वर्मा, वरिष्ठ पत्रकार अनुपम त्रिवेदी, डॉ. हिमांशु शेखर, सीआईएमएस के चेयरमैन एडवोकेट ललित जोशी, डॉ. सुरभि दहिया, समिदा देवी, मेजर अतुल देव, सी. रविंद्र रेड्डी सहित देशभर से आए पीआर और मीडिया जगत के अनेक प्रतिष्ठित प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

### कम्युनिकेशन और जनसंचार देश के विकास की रीढ़ : डॉ. 'निशंक'

पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) के 47वें वार्षिक राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' ने कहा कि जनसंचार और कम्युनिकेशन देश के विकास की रीढ़ बन चुका है। उन्होंने कहा कि पीआरएसआई जैसी संस्थाएं सरकार और समाज के बीच संवाद की कड़ी को मजबूत कर रही हैं। यह अत्यंत सराहनीय है कि देशभर से पब्लिक रिलेशन इंडस्ट्री से जुड़े विशेषज्ञ एक मंच पर एकत्र होकर भविष्य की चुनौतियों और संभावनाओं पर मंथन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बदलते तकनीकी परिदृश्य में पीआर इंडस्ट्री को नवाचार, डिजिटल माध्यमों और विश्वसनीयता पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि लोकतंत्र की जड़ें और अधिक मजबूत हो सकें।

### उत्तराखंड ने 25 वर्षों में तय की विकास की लंबी यात्रा :डॉ संजय

विशिष्ट अतिथि पद्मश्री डॉ. बी.के. संजय ने उत्तराखंड राज्य के 25 वर्षों की विकास यात्रा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बीते ढाई दशकों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, मेडिकल एजुकेशन और आधारभूत ढांचे के क्षेत्र में उत्तराखंड ने नए मानक स्थापित किए हैं। मूलभूत सुविधाओं में लगातार सुधार हुआ है और राज्य विकास के नए आयाम छू रहा है।

# हॉर्टि टूरिज्म की संभावनाएं, कार्ययोजना हो तैयार: जोशी

■ **उद्यान मंत्री ने दिए जंगली जानवरों से होने वाला नुकसान तथा अतिवृष्टि के कारण बाढ़ या जलभराव से फसलों के नुकसान दोनों को फसल बीमा योजना में शामिल करने के निर्देश**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने उद्यान विभाग के अधिकारियों से कहा कि प्रदेश में हॉर्टिटूरिज्म की अपार संभावनाओं के दृष्टिगत कार्ययोजना तैयार करें।

उन्होंने ड्रैगन फ्रूट और कीवी की खेती के विस्तार पर बल देते हुए कहा कि राज्य में इन उभरते फलों की खेती से किसानों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो सकती है, जिसके लिए किसानों को इस क्षेत्र से जोड़ने के प्रयास में तेजी लाय जाए।

रविवार को कैंप कार्यालय में हुई बैठक के दौरान कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा जंगली जानवरों से होने वाला नुकसान तथा अतिवृष्टि के कारण बाढ़ या जलभराव से फसलों के नुकसान दोनों को फसल बीमा योजना में शामिल करने का निर्णय लिया गया है, जिसमें दोनों परिस्थितियों में किसानों को अब भरपाई की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने के निर्देश दिए। काबीना मंत्री ने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आभार जताया।

विभागीय मंत्री गणेश जोशी ने बैठक के दौरान कहा कि राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2025-26 के लिए "सी" ग्रेड माल्टा एवं पहाड़ी नींबू (गलगल) उत्पादकों को उनके फलों का उचित मूल्य प्रदान करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि किसानों के हित में "सी" ग्रेड माल्टा का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹10.00 प्रति किला.ग्राम (रुपये दस मात्र) तथा पहाड़ी नींबू (गलगल) का न्यूनतम समर्थन मूल्य ₹7.00 प्रति किलोग्राम (रुपये सात मात्र) निर्धारित किया गया है। मंत्री गणेश जोशी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की इस व्यवस्था का लाभ अधिक से अधिक किसानों तक पहुंचे।

इसके लिए खरीद प्रक्रिया को समयबद्ध, पारदर्शी और सुचारु रूप से संचालित किया जाए। उन्होंने कहा कि फल उत्पादकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए खरीद केंद्रों की व्यवस्था, भुगतान प्रक्रिया सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं को मजबूत किया जाए। उद्यान मंत्री जोशी ने केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने तथा सभी योजनाओं को समयबद्ध तरीके से लागू करने के निर्देश भी अधिकारियों को दिए।

बैठक में बागवानी मिशन निदेशक महेंद्र पाल, औद्यानिकी विपणन बोर्ड के सीईओ नरेंद्र यादव उपस्थित रहे।

# महेंद्र भट्ट ने दी नितिन नबीन और पंकज चौधरी को बधाई



**मुखय संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून ।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने बिहार के युवा, ऊर्जावान और कर्मठ नेता नितिन नबीन को भारतीय जनता पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष बनाए जाने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने अपनी शुभकामना संदेश में कहा, संगठन के प्रति उनकी निष्ठा, कार्य के प्रति समर्पण और दूरदर्शी सोच निश्चित रूप से पार्टी को और अधिक सशक्त बनाने में सहायक सिद्ध होगी। वहीं विश्वास जताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में नितिन नबीन भाजपा को संगठनात्मक मजबूती और जनविश्वास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। उनके सफल कार्यकाल के लिए मेरी ओर से ढेरों शुभकामनाएं।

इसके अतिरिक्त पंकज चौधरी के उत्तर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष चुने जाने पर उन्होंने हार्दिक बधाई दी है। वहीं खुशी वक्त करते हुए कहा, उनकी अध्यक्षता में भाजपा वहां पीएम मोदी और मुख्यमंत्री योगी में नेतृत्व जीत की हैट्रिक लगाएगी।अपने संदेश में पंकज के व्यक्तित्व का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा, वे भाजपा के अनुशासित, समर्पित और कर्मठ कार्यकर्ता के रूप में वर्षों से संगठन की सेवा करते रहे हैं। सात बार सांसद रहे श्री चौधरी जमीन से जुड़े नेता हैं और उनके पास समृद्ध राजनीतिक अनुभव है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि उनके नेतृत्व, अनुभव और कार्यकुशलता से भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश में और अधिक सशक्त होगी।

# आदमखोर बाघ पिंजरे में कैद ग्रामीणों ने ली राहत की सांस

■ **कई दिनों की सतर्क निगरानी के बाद टीम को सफलता मिली**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पौड़ी।** पौड़ी गढ़वाल के जहरीखाल प्रखंड में बीते कई दिनों से दहशत का कारण बने आदमखोर बाघ को वन विभाग ने पिंजरे में कैद कर लिया है। बाघ के पकड़े जाने के बाद अमलेशा गांव समेत आसपास के ग्रामीणों ने राहत की सांस ली है। जानकारी के अनुसार, जहरीखाल प्रखंड के अंतर्गत ग्रामसभा अमलेशा और आसपास के गांवों में बीते कुछ समय से बाघ की लगातार मौजूदगी देखी जा रही थी। पांच दिसंबर को बाघ ने ग्रामसभा अमलेशा के तोकग्राम डाल्यूंगाज में एक दर्दनाक घटना को अंजाम दिया था। इस दौरान घर के समीप चारा. पत्ती एकत्र कर रही उर्मिला देवी (60 वर्ष), पत्नी राजेंद्र सिंह पर बाघ ने हमला कर उन्हें मौत के घाट उतार दिया था। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में भय का माहौल बन गया था। घटना की गंभीरता को देखते हुए वन विभाग ने तत्काल कार्रवाई शुरू की। कॉर्बेट टाइगर रिजर्व से वरिष्ठ वन्यजीव चिकित्सक डॉ. दुष्यंत शर्मा के नेतृत्व में विशेषज्ञ टीम को क्षेत्र में भेजा गया।

बाघ को सुरक्षित रूप से पकड़ने के लिए पशु चिकित्सक डॉ. दुष्यंत कुमार को विशेष रूप से तैनात किया गया। कई दिनों की सतर्क निगरानी के बाद आज तड़के लगभग चार बजे टीम को सफलता मिली। डॉ. दुष्यंत कुमार ने बाघ को ट्रेंकुलाइज किया। जिसके बाद विभागीय टीम ने उसे सुरक्षित रूप से पिंजरे में कैद कर लिया। पकड़े गए बाघ को प्राथमिक जांच के बाद रेस्क्यू सेंटर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के ढेला रेस्क्यू सेंटर भेज दिया गया है।

# उत्तराखंड की कविता चंद ने रचा इतिहास

■ **अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी फतह कर भारत को किया गौरवान्वित, अब मुंबई में रह रहीं 40 वर्षीय एंड्योरेंस एथलीट ने अपने सेवन समिट्स लक्ष्य के तहत माउंट विंसन पर की सफल चढ़ाई , उत्तराखंड की जड़ों को वैश्विक मंच तक पहुंचाया**




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड के अल्मोड़ा की बेटी कविता चंद (40) ने अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी माउंट विंसन (4,892 मीटर) पर सफलतापूर्वक चढ़ाई कर भारत का नाम रोशन किया है। कविता ने 14 दिसंबर 2025 को शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की। वर्तमान में मुंबई में निवास कर रहीं कविता की इस ऐतिहासिक सफलता की गूंज उनके गृह राज्य उत्तराखंड तक सुनाई दे रही है, जहां पहाड़ों से निकलकर दुनिया की सबसे दुर्गम चोटियों तक पहुंचने की उनकी यात्रा को गर्व के साथ सराहा जा रहा है।माउंट विंसन पर चढ़ाई कविता के प्रतिष्ठित 'सेवन समिट्स' लक्ष्य की दिशा में एक अहम कदम है, जिसके तहत दुनिया के सातों महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों को फतह किया जाता है। इससे पहले वह यूरोप की सबसे ऊंची चोटी माउंट एल्ब्रस पर भी सफलतापूर्वक चढ़ाई कर चुकी हैं, जिससे वह इस चुनौती को पूरा करने की मजबूत स्थिति में पहुंच गई हैं।दुनिया की सबसे कठोर और चुनौतीपूर्ण चोटियों में गिने जाने वाले माउंट विंसन पर अत्यधिक ठंड, पूर्ण एकांत और अंटार्कटिका के अप्रत्याशित मौसम जैसी कठिन परिस्थितियों का सामना करना पड़ता है। कविता का यह अभियान 3 दिसंबर को भारत से रवाना होने के साथ शुरू हुआ। वह 4 दिसंबर की शाम चिली के पुंटा एरेनास पहुंचीं और 7 दिसंबर की दोपहर यूनियन ग्लेशियर के लिए उड़ान भरी। उसी दिन बाद में वह लगभग 2,100 मीटर की ऊंचाई पर स्थित विंसन बेस कैंप पहुंचीं। यूनियन ग्लेशियर से बेस कैंप तक का अंतिम सफर स्की-सुसज्जित छोटे विमान से लगभग 40 मिनट में पूरा किया गया, जो अंटार्कटिका अभियानों से जुड़ी जटिल लॉजिस्टिक्स को दर्शाता है।

इस अभियान का नेतृत्व प्रसिद्ध हाई-एल्टीट्यूड गाइड मिंग्मा डेविड शेरपा ने किया। भारतीय दल को अनुभवी पर्वतारोही भरत थम्मिनेनी और उनकी एक्सपेडिशन कंपनी 'बूट्स एंड क्रैम्पन' का सहयोग प्राप्त रहा। उनके मार्गदर्शन में नौ सदस्यीय भारतीय टीम ने शिखर तक सफलतापूर्वक पहुंच बनाई, जहां सावधानीपूर्वक योजना, उचित अनुकूलन (एक्लिमेटाइजेशन) और मौके पर मजबूत समन्वय ने अति-प्रतिकूल अंटार्कटिक परिस्थितियों से निपटने में निर्णायक भूमिका निभाई।

अपनी इस उपलब्धि पर प्रतिक्रिया देते हुए कविता चंद ने कहा, "माउंट विंसन के शिखर पर भारतीय तिरंगा फहराना शब्दों से परे एक सम्मान है। मैं उम्मीद करती हूं कि यह उपलब्धि पेशेवरों को यह विश्वास दिलाएगी कि फिटनेस, महत्वाकांक्षा और करियर की सफलता एक साथ आगे बढ़ सकती हैं।"पर्वतारोहण के अलावा कविता ने एंड्योरेंस रनिंग के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाई है। वह एक समर्पित मैराथन धावक हैं और अपनी आयु वर्ग में दिल्ली और मुंबई हाइरॉक्स 2025 प्रतियोगिताओं की विजेता रह चुकी हैं। इसके साथ ही वह प्रतिष्ठित एबॉट वर्ल्ड मैराथन मेजर्स सिक्स स्टार चौलेंज की छह में से तीन मैराथन पूरी कर चुकी हैं।

# स्वास्थ्य सेवाओं में नवाचार और उत्कृष्ट कार्यों के लिए डॉ. राजेश को पीआरएसआई राष्ट्रीय सम्मान




**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखंड की स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा और गति देने में उल्लेखनीय भूमिका निभाने वाले स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार को पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इंडिया (पीआरएसआई) ने राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा । यह प्रतिष्ठित पुरस्कार उन्हें विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूड़ी भूषण तथा पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. रमेश पोखरियाल 'निशंक' द्वारा प्रदान किया गया। यह सम्मान प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण और नवाचारों के लिए उनके उत्कृष्ट योगदान का प्रतीक है।

सम्मान प्राप्त करने के बाद स्वास्थ्य सचिव डॉ. आर. राजेश कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत के मार्गदर्शन में राज्य सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में निरंतर सुधार की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि दूरस्थ एवं दुर्गम क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से राज्य में टेलीमेडिसिन सेवाओं का व्यापक विस्तार किया गया है, साथ ही आपातकालीन परिस्थितियों में त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए एयर एम्बुलेंस सेवा भी प्रारंभ की गई है। उन्होंने यह सम्मान मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व और स्वास्थ्य विभाग की समर्पित टीम को समर्पित किया।

डॉ. आर. राजेश कुमार के नेतृत्व में बीते वर्षों में राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में उल्लेखनीय परिवर्तन देखने को मिले हैं। विशेष रूप से टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार ने उन क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई हैं, जहां पहले विशेषज्ञ चिकित्सा पहुंच से बाहर थी। इन नवाचारों के चलते उत्तराखंड स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक मॉडल राज्य के रूप में उभर रहा है और यह राष्ट्रीय सम्मान इसी सतत प्रयासों की सार्थक स्वीकृति है।

CMYK

# विचारधारा में दृढ़, व्यवहार में सरल थे बहुगुणा

## स्मृति सभा: फासीवादी दौर में कामरेड राजा बहुगुणा का जाना आंदोलनकारी शक्तियों को बड़ी क्षति बताया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्द्वानी।** नगर निगम सभागार में भाकपा (माले) द्वारा कामरेड राजा बहुगुणा की स्मृति में एक भावपूर्ण स्मृति सभा का आयोजन किया गया। सभा को पार्टी के महासचिव कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य समेत कई राजनीतिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने संबोधित किया। गौरतलब है कि भाकपा (माले) के केंद्रीय कंट्रोल कमीशन के चेयरमैन रहे कामरेड राजा बहुगुणा का 28 नवंबर को कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के कारण निधन हो गया था। सभा को संबोधित करते हुए कामरेड दीपांकर भट्टाचार्य ने कहा कि कामरेड राजा बहुगुणा उत्तराखंड के जन आंदोलनों की एक अत्यंत महत्वपूर्ण कड़ी थे। कामरेड दीपांकर ने कहा कि आज जब



फासीवादी ताकतों का खतरा लगातार बढ़ रहा है, ऐसे कठिन समय में कामरेड राजा बहुगुणा का जाना आंदोलनकारी शक्तियों के लिए एक बड़ी क्षति है। उक्रांद के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी ने कहा कि राजा बहुगुणा ने सभी जनवादी ताकतों को एकजुट करने का आह्वान किया था जिस पर आज गंभीरता से विचार करने और अमल करने की जरूरत है। उप्र से पहुंची वरिष्ठ माले नेता कृष्णा अधिकारी ने कहा कि राजा भाई के नेतृत्व में महतोस मोड़ कांड में हम शामिल रहे।

उन्होंने महिलाओं को सम्मान और गरिमा से जीने के लिए लड़ना सिखाया। पीसी तिवारी ने उनके साथ नशा नहीं रोजगार दो, वन आंदोलन के दौरान उनके साथ के संघर्ष के दौर को याद किया। साथ ही आज के फासीवादी दौर में उनके विचारों को अहम बताया। स्मृति सभा में उक्रांद के वरिष्ठ नेता काशी सिंह ऐरी, सीपीआई के राज्य सचिव जगदीश कुलियाल, सीपीआई (एम) के राज्य सचिव राजेन्द्र पुरोहित, जसम के राष्ट्रीय अध्यक्ष जहूर आलम, कृष्णा अधिकारी, पीसी तिवारी, प्रो. उमा भट्ट, प्रभात ध्यानी, मुनीश कुमार, पोलित ब्यूरो सदस्य संजय शर्मा, किसान महासभा के राष्ट्रीय सचिव पुरुषोत्तम शर्मा, गिरजा पाठक, वरिष्ठ कम्युनिस्ट नेता बहादुर सिंह जंगी, प्रभात कुमार, जनकवि बल्ली सिंह चीमा, ऐक्टू प्रदेश महामंत्री के के बोरा, आशा यूनियन की अध्यक्ष कमला कुंजवाल, रीता कश्यप, तरुण जोशी, इतिहासकार प्रो अजय रावत, हाईकोर्ट बार अध्यक्ष दुर्गा सिंह मेहता, एडवोकेट कैलाश जोशी, संजय बघरवाल, रविन्द्र पटवाल, रमेश कृषक, गोविंद कफलिया, मदनमोहन चमोली, प्रो प्रभात उप्रेती, अतुल सती, किसान महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद सिंह नेगी, जिला अध्यक्ष भुवन जोशी, वरिष्ठ पत्रकार जगमोहन रौतेला, हरीश पंत, कथाकार नवीन जोशी, बसंती पाठक, उमेश तिवारी विश्वास, चंद्रशेखर भट्ट, प्रकाश फुलोरिया, नफीस अहमद खान, बीएल आर्य, आनंद सिजवाली, रिंकी जोशी, किशन बघरी, अमनदीप कौर, ज्ञानी सुरेंद्र सिंह, ममता पानू, विश्वास, हरीश जोशी, अचिंतो मंडल, डा. उर्मिला, मीना भट्ट, विमला, हेमा, परवेज, हेमा आर्य, केएन शर्मा, चन्दन सिंह मटियाली, हरक सिंह बिष्ट, दौलत सिंह, दीवान सिंह, सुनीता, जीआर टम्टा, गोविंद कफलिया, एडवोकेट राम सिंह बसेड़ा, रवीन्द्र गड़िया, विक्रम मावड़ी, राजेन्द्र सिंह राजा, जगदेव सिंह, जागीर सिंह, भास्कर उप्रेती, फिरोज, विमला रौथाण, निर्मला शाही, आकाश भारती, धीरज कुमार, सुमित, गोविंद जीना, दर्शन सिंह, कमल जोशी, हरीश भंडारी, एसडी जोशी राजनीतिक दलों और जन संगठनों के सैकड़ों प्रतिनिधियों ने भाग लिया और कामरेड राजा बहुगुणा के अधूरे सपनों को पूरा करने का संकल्प लिया। स्मृति सभा की अध्यक्षता भाकपा माले के राज्य सचिव इंद्रेश मैखुरी व संचालन भाकपा माले के जिला सचिव डा. कैलाश पाण्डेय ने किया।

## सेना में लेफ्टिनेंट बने काशीपुर के रोहित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** आईएमए देहरादून में शनिवार को आयोजित पासिंग आउट परेड में काशीपुर निवासी कान्ता प्रसाद ध्यानी के पुत्र रोहित ध्यानी ने थल सेना में लेफ्टिनेंट बनकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। पिता कान्ता प्रसाद ध्यानी ने बताया कि रोहित ने 5वीं तक की शिक्षा केंद्रीय विद्यालय बड़ौदरा, एयर फोर्स स्कूल से प्राप्त की। रोहित की कक्षा 6 से 12वीं तक की शिक्षा, सैनिक स्कूल घोड़ाखाल (नैनीताल) से हुई। कक्षा 12वीं की पढ़ाई के दौरान उनका चयन एनडीए में हो गया था। रोहित पुणे में एनडीए की ट्रेनिंग के बाद एक साल आईएमए देहरादून से पासिंग आउट परेड में थल सेना के लेफ्टिनेंट बन गए हैं। लेफ्टिनेंट रोहित ध्यानी के पिता कांता प्रसाद ध्यानी वायुसेना में सेवानिवृत्त हैं।

## समर स्टडी में शूटिंग बॉल लीग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल विद्यालय में अस्मिता शूटिंग बॉल लीग का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि अंतरराष्ट्रीय एथलीट विजेंद्र चौधरी तथा विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह द्वारा फीता काटकर किया गया। इस प्रतियोगिता में 15 टीमों ने प्रतिभाग किया, जिसमें श्री गुरु नानक सीनियर सेकेंडरी स्कूल कुंडेश्वरी ने प्रथम स्थान, होली एंजेल पब्लिक स्कूल खरमासा ने द्वितीय स्थान तथा गुरुकुल फाउंडेशन स्कूल कुंडेश्वरी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सभी टीमों ने इस प्रतियोगिता में उत्साह पूर्वक भाग लिया व सभी खिलाड़ियों का प्रदर्शन शानदार रहा। प्रतियोगिता के समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सीबीएसई रिसोर्स पर्सन डॉ. सुनील त्रिपाठी, दीपिका अग्रवाल एडमिनिस्ट्रेटिव डायरेक्टर, होली एंजेल स्कूल, उपासना यादव प्रधानाचार्य होली एंजेल पब्लिक स्कूल एवं कुलदीप सिंह अंतर्राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक ब्रॉन्ज मेडलिस्ट उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को ट्रॉफी एवं मेडल प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस प्रतियोगिता के अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर अनुराग कुमार सिंह, विशिष्ट अतिथि पायल चौधरी, प्रधानाचार्य अनुज भाटिया, चैंपियन सूरज रोड महासचिव शूटिंग बॉल एसोसिएशन उत्तराखंड, सुमित बिस्ट अध्यक्ष शूटिंग बॉल एसोसिएशन उधम सिंह नगर एवं गौरव बिष्ट महासचिव तथा सैम, अभिषेक, नीरज सिंह, सावन, राहुल नेगी, योगेश पाल, अमीषा खत्री, रितिका कांडपाल, सूरज, प्रशांत कुमार, यश, हरिंदर, मानव, राहुल उपस्थित रहे।

## अतिक्रमण हटा, स्वच्छता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**काशीपुर।** नगर निगम द्वारा चलाए जा रहे व्यापक स्वच्छता अभियान के तहत आज वार्ड नंबर 40 में सफाई अभियान चलाया गया। नगर निगम के सफाई निरीक्षक डॉ. मनोज बिष्ट ने बताया कि यह अभियान महापौर दीपक बाली के सख्त निर्देशों के अनुपालन में चलाया जा रहा है। आज सुबह से उनकी टीम ने वार्ड नंबर 40 में सफाई अभियान शुरू किया। सफाई के दौरान जब नालियों की गहराई से सफाई की गई तो यह सामने आया कि कई स्थानों पर लोगों द्वारा नालियों को पूरी तरह ढकने के लिए भारी स्लैब डाल दी गई हैं, जिसके नीचे सीवर पाइप निकाल दिए गए हैं। इससे न केवल नालियों की नियमित सफाई में बाधा आ रही



थी, बल्कि गंदगी जमा होने से आसपास के क्षेत्र में दुर्गंध और बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा था। डॉ. मनोज बिष्ट ने मौके पर मौजूद लोगों को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि नालियों पर इस तरह की भारी स्लैब डालना नियमों के विरुद्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्लैब के स्थान पर लोहे के जाल लगाए जाएं, ताकि नगर निगम के पर्यावरण मित्रों को नालियों की सफाई में किसी प्रकार की परेशानी न हो और पानी का बहाव सुचारू बना रहे। नगर निगम टीम ने अभियान के दौरान नालियों की गहराई से सफाई की और स्लैब हटाकर अवरोधों को दूर किया। नगर निगम ने नागरिकों से भी अपील की है कि वे स्वच्छता अभियान में सहयोग करें और नियमों का पालन कर नगर को साफ और स्वस्थ बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाएं।

## बिन्दुखत्ता राजस्व गांव को लेकर चाय पर चर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** बिंदुखत्ता को राजस्व ग्राम बनाए जाने की मांग को लेकर रविवार को चाय पर चर्चा का आयोजन पूर्वी घोड़ानाला स्थित कैप्टन प्रताप सिंह बिष्ट के आवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन नाथ गोस्वामी ने की तथा संचालन भुवन भट्ट द्वारा किया गया। बैठक में उपस्थित लोगों ने प्रशासन पर वनाधिकार अधिनियम 2006 के प्रावधानों के विपरीत कार्य करने का आरोप लगाया। साथ ही लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए उनके उस बयान पर कड़ी आपत्ति दर्ज की गई, जिसमें उन्होंने कहा है कि सरकार सभी गोठ-खत्तों के लिए कैबिनेट/हाउस में प्रस्ताव



पारित कर नई पॉलिसी बना रही है। वक्ताओं ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम एक सरल, स्पष्ट और प्रभावी कानून है, किंतु शासन-प्रशासन इसे दरकिनार कर ऐसे जटिल मार्ग की ओर ले जाना चाहता है, जिसका अंतिम रास्ता सर्वोच्च न्यायालय से होकर गुजरता है। यह प्रक्रिया आम जनता के हित में नहीं है।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि वनाधिकार अधिनियम के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से पिछले छह माह से संचालित चाय पर चर्चा अब 19 दिसंबर 2025, शुक्रवार को तहसील लालकुआं में आयोजित की जाएगी, ताकि आम जनता के साथ-साथ संबंधित अधिकारियों को भी कानून की वास्तविक स्थिति से अवगत कराया जा सके। इस कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु सोमवार से वनाधिकार समिति के सभी सदस्य एवं संरक्षक घर-घर जाकर आम नागरिकों एवं विभिन्न जनप्रतिनिधियों को आमंत्रण देंगे। इस अवसर पर हरीश चंद्र, रमेश गोस्वामी, बसंत पांडेय, दीपक जोशी, संध्या डालाकोटी, दरबान नेगी, भुवन शर्मा, प्रताप कोश्यारी, हरेंद्र बिष्ट, नंदन बोरा, उमेश भट्ट, कैप्टन प्रताप सिंह श्याम सिंह रावत, गोपाल बोरा, दौलत कोरंगा, कुन्दन रावत, लोकपाल कोरंगा, गोपाल गड़िया, नैन सिंह, हयात सिंह, तारा दत्त, मोहनी मेहता, नरेंद्र सिंह, राधेश्याम, माधो सिंह, सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## पंकज भाकुनी को बनाया गया भाजयुमो जिलाध्यक्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** भाजपा ने विभिन्न मोर्चा जिलाध्यक्षों की घोषणा कर दी है।



रविवार को कार्यकर्ताओं ने भाजयुमो जिलाध्यक्ष की कमान पंकज भाकुनी को सौंपने पर मिष्ठान वितरण कर खुशी जताई। वहीं, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष पद पर पूनम पालीवाल, किसान मोर्चा में हरीश सिंह बिष्ट, अन्य पिछड़ा वर्ग में पूरननाथ गोस्वामी, अनुसूचित जाति में त्रिलोक राम और अल्पसंख्यक मोर्चा के जिलाध्यक्ष पद पर राजिक अंसारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। यहां मिष्ठान वितरण कार्यक्रम में पूर्व जिला उपाध्यक्ष कैलाश गुरुरानी, पार्षद अमित साह मोनू, कृष्ण बहादुर सिंह, मनोज जोशी, गोविंद मटेला, चंदन बहुगुणा, नमन गुरुरानी, नीरज सांगा, मोहित बिष्ट, अभिषेक जोशी, त्रिलोक सिंह रौतेला, इंद्र मोहन सिंह भंडारी, पूरन चंद्र रावत, कमल वर्मा, मोहित बिष्ट, भावेश सांगा, अभय गोस्वामी, सलमान अंसारी, मुकुल कुमार, भारत भट्ट, विशाल जोशी आदि मौजूद रहे।

## देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने सीएम को भेजा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** विभिन्न समस्याओं के निराकरण को लेकर देवभूमि सफाई कर्मचारी संघ ने मोर्चा खोल दिया है। मामले को लेकर डीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। जल्द समस्याओं को निदान नहीं होने पर 20 दिसंबर से आंदोलन की चेतावनी दी। ज्ञापन में कहा कि दैनिक वेतन, कार्य प्रभारित, संविदा, नियत वेतन, अंशकालिक व तदर्थ रूप से नियुक्त कार्मिकों चार दिसम्बर 2018 तक दस वर्ष की निरन्तर सेवा पूरी करने पर विनयमितीकरण करने की अधिसूचना जारी की गई है, लेकिन इस समय दस साल की सेवा पूरी नहीं होने के कारण दैनिक वेतन व संविदा कर्मचारियों को इसका लाभ नहीं मिल पा पाएगा। उन्होंने समय सीमा में छूट देने व निकाय कर्मचारियों के लिए 2025 तक पांच साल को मान्य करने की मांग की। इसके अलावा पर्यावरण मित्रों को आवंटित आवासों का मालिकाना हक देने, प्रभारी पर्यावरण पर्यवेक्षक के पदों पर कार्य कर रहे पर्यावरण मित्रों को पर्यावरण पर्यवेक्षक पर पदोन्नत करने, मृतक आश्रित नियमावली में संशोधन, आउटसोर्सिंग प्रथा समाप्त करने आदि की मांग की। मांग पूरी नहीं होने पर 20 दिसम्बर से आंदोलन करने की चेतावनी दी। यहां प्रदेश महामंत्री राजपाल पंवार, शाखा अध्यक्ष दीपक चंदेल, महासचिव राजेश टांक, कोषाध्यक्ष राजेंद्र पवार, उपाध्यक्ष सतीश कुमार, दर्शन चंदेल, वासु पंवार, चंदन यशपाल आदि मौजूद रहे।

## मंदिर में शिव महापुराण

**बागेश्वर।** गोपेश्वर शिवमंदिर में शिव महापुराण का आयोजन किया जा रहा है कथा व्यास पंडित गणेश जोशी द्वारा तुलसी महात्म्य कथा सुनाई गई तथा शंकराचार्य द्वारा निर्मित द्वादश ज्योतिर्मठो आज दसवें दिन विस्तार पूर्वक कथा सुनाई मुख्य पंडित हेमचंद कांडपाल मुख्य यजमान दीवान सिंह परिहार कैलाश चंद्रकांडपाल कथा में संगीत देने के लिए भानु तिवारी और मंदिर के महात्मा फलाहारी पुष्कर गिरि ने भागवत कथा में चार चांद लगा दिए आज दसवें दिन की कथा श्रवण के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ देखने को मिली शिव महापुराण का समापन मंगलवार को विशाल भंडारे के साथ किया जाएगा इस मौके पर चामी काकड़ा भटौली खोली आदि गांवों के श्रोतागण मौजूद रहे।

## मेधावियों की माताओं का सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागेश्वर।** सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज बागेश्वर में सप्तशती संगम के तहत मृत शक्ति सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बात वर्ष बोर्ड परीक्षा हाइस्कूल एवं इंटर मीडिएट में मेधावी छात्र छात्राओं के माताओं को कमला नेहरू पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक इंद्र सिंह फर्स्वाण एवं गायत्री विद्या मंदिर की प्रधानाचार्य दुर्गा असवाल व अन्य द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के संरक्षक हरीश बिष्ट ने कहा कि आज लड़का व लड़की में भेदभाव नहीं है, बल्कि लड़कियां लड़कों के कंधों से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। उन्होंने अभिभावकों को कहा कि वे अपने अपने बेटियों को मानसिक रूप से दक्ष बनाकर जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दें। विद्यालय प्रबंधक समिति के सदस्य विजय बर्मा ने कहा कि अनुशासन में रहकर समय का सद्पयोग करें, साथ ही अपने भविष्य के लिए एक लक्ष्य निर्धारित कर जीवन सफल करें। इसी क्रम में प्रबंधक इंद्र सिंह फर्स्वाण ने कहा कि स्कूल जीवन मनुष्य के लिए गोल्डन टाइम है। जिसे आवश्यक एवं सोशल मीडिया जैसी की फालतू के चीजों में बर्बाद न करते हुए ज्ञान वर्धक विषयों में रुचि रखें। जिसमें अभिभावकों की भी महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य रमेश असवाल ने कहा कि बच्चों की प्राथमिक पाठशाला घर होता है, घर में जो संस्कार बच्चों को दिए जाते हैं, वे उन संस्कारों को आजीवन अपने जीवन में उतारते है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक बच्चे के अंदर प्रतिभा होती है बस उसे सही दिशा और सही मार्ग दिखाना हम सभी का दायित्व है। इस मौके पर पुष्पा मेहता, भारती कांडपाल, जगदीश पाठक, विद्यालय के कोषाध्यक्ष लीलाधर उपाध्याय, हरीश तिवाड़ी, दीपक जोशी, डा. समित जोशी, मीना तिवाड़ी, नंदी देवी सहित दर्जनों अभिभावक मौजूद थे।

## एक नजर

### चार युवा चित्रकारों को ऐपण प्रोत्साहन सम्मान

**अल्मोड़ा।** मोहन उप्रेती लोक संस्कृति कला एवं विज्ञान शोध समिति की ओर से मीरा जोशी ऐपण सम्मान के लिए कलाकारों के नामों की घोषणा की गई। वर्ष 2024 के लिए हल्द्वानी की रश्मि जोशी व अल्मोड़ा की भूमिका बोरा और वर्ष 2025 के लिए अल्मोड़ा की मनीषा बगड़वाल और हल्द्वानी के जय टम्टा को चयनित किया गया। मीरा जोशी ऐपण प्रोत्साहन सम्मान में कलाकार को पांच की राशि और सम्मान प्रदान किया जाता है। संस्था के अध्यक्ष हेमंत जोशी ने बताया कि ऐपण कला को समर्पित व्यक्तित्व मीरा जोशी द्वारा अपनी अल्प फैमिली पेंशन से युवा चित्रकारों को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से ये धनराशि दी जाती है। उन्होंने बताया कि इन चार युवा कलाकार जनवरी माह में आयोजित होने वाली ऐपण कार्यशाला में प्रदान किया जाएगा।

### डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ की प्रतियोगिताएं

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड डिप्लोमा इंजीनियर्स महासंघ कुमाऊं मंडल की ओर से मंडल स्तरीय शीतकालीन वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई है। पहले दिन क्रिकेट में रानीखेत और बागेश्वर की टीमों ने अपने-अपने मैच जीते। हेमवती नंदन बहुगुणा स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता के महिला बैडमिंटन वर्ग के फाइनल में अमिता ने जीत दर्ज की। वहीं, यशोदा रनरअप रही। जबकि महिला डबल्स में फाइनल में अमिता व यशोदा विजेता और हितांशी व रिनी पांडे उपविजेता रहीं। क्रिकेट में पहला मुकाबला बागेश्वर व मंडल-11 के बीच हुआ। बागेश्वर ने 14 ओवर में 108 रन बनाए। वहीं, जवाब में मंडल-11 मात्र 95 रन ही बना सकी। बागेश्वर की टीम विजेता रही। दूसरे मुकाबले में रानीखेत ने 160 रन बनाए। वहीं, जवाब में इंजीनियर्स इलेवन 85 रन ही बना सकी। यहां मेयर अजय वर्मा, सीडीओ रामजी शरण शर्मा, जिलाध्यक्ष कांग्रेस भूपेंद्र सिंह भोज, मोहन सिंह रावत, मंडल अध्यक्ष एसएस डंगवाल, सचिव दीपक सिंह मटियाली, ललित मोहन बिष्ट, प्रदीप जोशी, रवि दानी, जीवेश वर्मा, गणेश जोशी, विपिन तिवारी, प्रफुल्ल जोशी, दिनेश पंवार आदि मौजूद रहे।

### राइंका कमलेश्वर में आयोजित हुआ बाल मेला

**अल्मोड़ा।** हवालबाग के राजकीय इंटर कालेज कमलेश्वर में बालसखा एवं कौशलम कार्यक्रम तहत बाल मेले का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं की ओर से विभिन्न तरह की रचनात्मक एवं उपयोगी उत्पादों के स्टाल लगाए गए। बच्चों ने स्वयं निर्मित वस्तुओं की बिक्री की। प्रधानाचार्य खजान चंद्र कांडपाल ने बताया कि बाल मेले का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वावलंबन, उद्यमशीलता, व्यावहारिक ज्ञान एवं कौशल विकास को बढ़ावा देना है। कहा कि इस आयोजन से विद्यार्थियों में कार्य के प्रति रुचि एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित होगी। प्रधानाचार्य ने बालसखा एवं कौशलम कार्यक्रम से जुड़े सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस प्रकार के आयोजनों को विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत उपयोगी बताया। यहां कार्यक्रम में विद्यालय के संरक्षक राजेन्द्र सिंह बिष्ट, संगीता पंत, रेणुका जोशी, गणेश जोशी, प्रेमा कैड़ा, ललिता रौतेला, निर्मला लोहुमी, विशाखा रानी, राम लाल, अंजना नेगी रहे।

### रोहित का सीआईएसएफ में हुआ चयन

**अल्मोड़ा।** जिला मुख्यालय के न्यू इंदिरा कालोनी निवासी रोहित पंत का चयन यूपीएससी की सीआईएसएफ परीक्षा में हुआ है। उन्होंने कठिन परिश्रम से यह सफलता पाई है। परीक्षा में रोहित ने ऑल इंडिया स्तर पर तीसरी रैंक हासिल की है। रोहित सीआईएसएफ की परीक्षा पास कर असिस्टेंट कमांडेन्ट बन गए हैं। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा सरस्वती शिशु मंदिर शिवाजीनगर अल्मोड़ा, हाईस्कूल तक की पढ़ाई विवेकानंद इंटर कालेज रानीधारा व इंटरमीडिएट की पढ़ाई अल्मोड़ा इंटर कालेज अल्मोड़ा से हुई। जिसके बाद डीआईटी यूनिवर्सिटी ने इंजीनियरिंग की पढ़ाई की है। रोहित के पिता प्रकाश पंत सम्भाग निरीक्षक विद्या भारती से सेवानिवृत्त और मां जानकी पंत सरस्वती शिशु मंदिर शिवाजीनगर से अवकाश प्राप्त शिक्षिका है। रोहित की इस उपलब्धि पर लोगों ने खुशी जताई है।

### कुलपति प्रो. बिष्ट को किया जाएगा सम्मानित

**अल्मोड़ा।** सोबन सिंह जीना विवि के कुलपति प्रो. सतपाल सिंह बिष्ट को नई दिल्ली स्थित इंडिया इंटरनेशनल सेंटर सचिवालय के सभागार में आयोजित होने वाले दो दिवसीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय अनुसंधान उत्कृष्टता एवं नीति प्रभाव पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा। उनका चयन 46वें विश्व प्रबंधन कांग्रेस की अवार्ड और अनुशंसा कमेटी ने किया है। उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शोध क्षेत्र में किये गए विशिष्ट एवं उत्कृष्ट कार्यों व योगदान देने के लिए यह सम्मान दिया जाएगा। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में वे विश्वविद्यालय स्तर के संस्थानों की मदद से राज्य सरकारों में प्रोडक्टिविटी लाने की आवश्यकता को लेकर व्याख्यान भी देंगे। कुलपति प्रो बिष्ट को यह सम्मान 30 और 31 दिसंबर, 2025 को 46वें विश्व प्रबंधन कांग्रेस में दिया जाएगा। जिसका मुख्य विषय बिल्डिंग रेसिलिएंट स्टेट्स ऑप्टिमाइजेशन इनोवेटिव हायर एजुकेशन, स्किल डेवलपमेंट एंड रिसर्च विषय है। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बिष्ट को सम्मान देने के लिए इंदिरा गांधी प्रौद्योगिकी एवं चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के संस्थापक कुलाधिपति डा. प्रिय रंजन त्रिवेदी ने सम्मान की घोषणा करते हुए उन्हें सम्मानित करने के साथ उद्बोधन देने के लिए आमंत्रित किया है।

### आकाश गोस्वामी सेना में लेफ्टिनेंट बने

**बागेश्वर।** पुलिस में तैनात हवलदार पुष्कर नाथ गोस्वामी का पुत्र आकाश गोस्वामी सेना में लेफ्टिनेंट बन गया है। देहरादून में आयोजित पासिंग परेड में उन्हें सेना में यह जिम्मेदारी मिली है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोड़के व पुलिस परिवार ने आकाश के उज्जवल भविष्य की कामना की है। उन्होंने कहा कि इससे बागेश्वर पुलिस का भी सिर ऊंचा हुआ है।

### सीएडी और टैक्सटाइल्स पर अतिथि व्याख्यान

**पंतनगर।** पंतनगर विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग ने सीएडी एण्ड टैक्सटाइल्स इन्नोवेशन्स फार द वे फारवर्ड विषय पर एक ऑनलाइन अतिथि व्याख्यान आयोजित किया। केलो स्टेट यूनिवर्सिटी, न्यूयॉर्क की सहायक प्राध्यापक डा. ममता सहारन ने मुख्य वक्ता के रूप में इस कार्यक्रम को संबोधित किया। डा. सहारन ने सीएडी (कंप्यूटर एडेड डिजाइन) की बढ़ती भूमिका और इसके प्रभावी उपयोग पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि यह तकनीक डिज़ाइन प्रक्रिया को तेज़ और प्रभावी बनाती है, साथ ही इससे वेस्टेज भी कम होते हैं। उन्होंने एडोब सॉफ्टवेयर एप्लिकेशन जैसे सब्सटेंस 3डी सैम्पलर और डिजाइनर का प्रदर्शन किया और छात्रों के लिए इनके निःशुल्क संस्करण की जानकारी दी।

## नशे के खिलाफ शांतिपुरी में युवाओं ने लगाई दौड़

### सांसद अजय भट्ट ने झंडा दिखाकर किया शुभारंभ, विजेताओं को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शांतिपुरी।** सार्वजनिक खेल मैदान शांतिपुरी में ग्रीन क्लब शांतिपुरी द्वारा नशे के खिलाफ जागरूकता अभियान के तहत क्रमशः 5 व 10 किमीद्र दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की। जिसका शुभारंभ रविवार प्रातः 8.30 बजे नैनीताल-उधमसिंह नगर के सांसद अजय भट्ट ने हरी झंडी दिखाकर किया। उन्होंने नशे के खिलाफ आयोजित कार्यक्रम की सफलता की आयोजक टीम को बधाई दी।

उन्होंने कहा कि प्रदेशभर से आए प्रतिभागियों के माध्यम से नशे के खिलाफ शांतिपुरी से उठी यह बुलंद आवाज उत्तराखण्ड के जन-जन तक पहुंचेगी। जिससे प्रेरित होकर प्रदेश का युवा अच्छी शिक्षा व खेलों



की ओर कदम बढ़ायेंगे। इस दौरान सांसद भट्ट ने शांतिपुरी में पार्टी की ब्लाक प्रमुख रीना गौतम द्वारा कराये जाने वाले मिनी स्टेडियम निर्माण को पूरा कराने में हर संभव सहयोग का भरोसा दिया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार बांटे और कार्यक्रम की सफलता के लिए आयोजक मण्डल के संयोजक उत्तराखण्ड ऊर्जा निगम के मुख्य अभियांता शेखर त्रिपाठी को बधाई दी। प्रतियोगिता के निर्णायक रन शांतिपुरी कार्यक्रम के सभी प्रतियोगिताओं में जिला खेल समन्वयक लक्षमण सिंह टाकुली से.नि. खेल शिक्षक चिदंबर जोशी, प्रकाश मिश्रा व कमल वर्मा रहे।

वहीं शांतिपुरी में नशे के खिलाफ आयोजित पांच व 10 किमी. दौड़ प्रतियोगिताओं में 50 वर्ष आयु महिला वर्ग की पांच किमी. दौड़ में गगनदीप कौर प्रथम, 70 वर्ष आयुवर्ग पुरूषों की पांच किमी में प्रेम सिंह देउपा, 50 वर्ष में मोहन सिंह कोरंगा, 20 वर्ष में नितिन, 30 वर्ष में अनुपम, 40 वर्ष में नवीन कुमार, 50 वर्ष आयु वर्ग की 10किमी. पुरूष प्रतियोगिता में घनानंद पाण्डे तथा चिनप में ग्रीश बिष्ट व आर्म रेसलिंग में रबि बिष्ट आदि ने बेहतरीन प्रदर्शन कर प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि स्किपिंग में स्वेता मेहरा विजयी रही। संचालन आचार्य मोहन सिंह खोलिया ने किया। प्रतियोगिता के दौरान सभी अतिथियों एवं विशिष्ट खिलाड़ियों का स्वागत बी हनी इंटरप्राइजेज शांतिपुरी आंनर व सेवानिवृत जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद्र बुधानी ने स्व उत्पादित शहद भेंट कर किया। इस कार्यक्रम में मौजूद उत्तराखण्ड वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष सुरेश परिहार, पूर्व विधायक राजेश शुक्ला, पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, उत्तराखण्ड ओलंपिक संघ के अध्यक्ष महेश नेगी, भारतीय ओलंपिक संघ के सेकेट्री राजीव मेहता, अजय तिवारी, अमित पुरोहित, सेवानिवृत जिला खादी ग्रामोद्योग अधिकारी भुवन चंद्र बुधानी आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## बीरशिवा स्कूल में वार्षिक खेलकूद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अल्मोड़ा।** बीरशिवा स्कूल रानीखेत में वार्षिक खेल दिवस धूम-धाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विधायक डा. प्रमोद नैनवाल, गेस्ट ऑफ ऑनर एसएसबी कमांडेंट कुमार सुंदरन, विशिष्ट अतिथि जुबेद अहमद एवं नगरपालिका अध्यक्ष चिलियानौला अरुण रावत द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने मार्चपास्ट कर अनुशाशन ओर खेल भावना का परिचय दिया। शपथ ग्रहण कर खेल मशाल प्रज्वलित करी, कार्यक्रम का संचालन गरिमा पंत ओर मानसी सामंत ने क्रिकया। छात्रों ने विश्व कप क्रिकेट विजय, स्पोर्ट्स डांस भंगड़ा नृत्य, सूफी नृत्य, योग पुष्प नृत्य भंगड़ा आदि प्रस्तुतियां कर दर्शकों का मन मोह लिया। खेलो में विद्यार्थियों ने दौड़, रिले दौड़, लंबी कूद, शोटपुट भाला फेक आदि



प्रतियोगिताओं में प्रदर्शन किया। सभी विजेताओं को मैडल एवं ट्राफी से पुरस्कृत किया गया। संस्थापिका निरुपमा भट्ट तलवार ने चेयरमैन तिलक राज तलवार को मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षा एवं समाज में अग्रणी कार्य करने पर पुरस्कृत होने पर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य विपिन अधिकारी ने वार्षिक उपलब्धियों, शैक्षणिक प्रगति सह पठाय क्रम कार्यों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत करी। उच्चतम अंक प्राप्त दसवीं और बारहवीं के छात्रों को पुरस्कृत किया गया। राष्ट्रगान के साथ खेल दिवस का समापन हुआ। यहां संस्थापिका निरुपमा भट्ट तलवार चेयरमैन तिलक तलवार, अध्यक्ष निरुपेंद्र तलवार, मुस्कान् तलवार, अकादमिक निदेशक प्रीति पांडे, प्रधानाचार्य बिपिन अधिकारी और कोऑर्डिनेटर प्रियंका मौजूद रहे।

# सीधे एसएसपी को सुनाई फरियाद

## जनपद के सुदूरवर्ती बेतालघाट थाने में पुलिस कप्तान ने किया जनसंवाद

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुदूरवर्ती क्षेत्र बेतालघाट थाने में रविवार को एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी की अध्यक्षता में जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें स्थानीय जनता ने सीधे एसएसपी से संवाद किया और अपनी समस्याएं साझा कीं। एसएसपी ने न केवल फरियादियों की शिकायतों को गंभीरता से सुना, बल्कि कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। कार्यक्रम से पूर्व व्यापारियों व स्थानीय लोगों ने कुमाऊनी रीति-रिवाज से एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी का स्वागत किया। एसएसपी ने बेतालघाट की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना करते हुए इसे एक अद्वितीय स्थान बताया। इसके बाद एसएसपी ने जन संवाद के दौरान आम नागरिकों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याओं



को सुना। एसएसपी ने फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निवारण किया, जिसमें प्रमुख रूप से जुआ खेलने की शिकायत पर थानाध्यक्ष बेतालघाट को कार्रवाई के निर्देश दिए गए। साथ ही पुलिस चौकी बनाने और पुलिस स्टाफ बढ़ाने के सुझाव पर एसपी क्राइम और क्षेत्राधिकारी भवाली को सर्वे करने के निर्देश दिए। फायर स्टेशन की कमी को लेकर थाने के बगल में भूमि का चयन कर मिनी फायर स्टेशन बनाने का प्रस्ताव भेजने की बात कही गई। एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी ने स्कूलों और वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए भारी वाहनों विशेषकर डंपरों, का बाजार में प्रवेश सुबह 8 से 10 बजे और शाम 3 से 5 बजे तक प्रतिबंधित करने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जन संवाद कार्यक्रम के बाद एसएसपी ने थाना बेतालघाट का निरीक्षण किया और थाना कार्यालय सीसीटीएनएस कार्यालय तथा भोजनालय में सुधार के निर्देश दिए। उन्होंने कर्मचारियों का सम्मेलन भी आयोजित किया और उनकी समस्याओं का समाधान किया। एसएसपी ने लोकल फॉर वोकल को बढ़ावा देने के लिए बेतालघाट बाजार का भ्रमण किया और स्थानीय उत्पादों जैसे मडुवा और ऑर्गेनिक मसाले खरीदे। इससे स्थानीय किसानों और काश्तकारों को प्रोत्साहन मिला और उनके उत्पादों को बढ़ावा मिला। इस मौके पर एसपी क्राइम डा. जगदीश चंद्रा, एसपी दूरसंचार रेवाधर मठपाल, निरीक्षक एलआईयू ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा, बेतालघाट थानाध्यक्ष विजय नेगी सहित क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, व्यापारी व स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## कैंटीन संचालक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** कालू सिद्ध मंदिर के पास कूड़ा जलाने के मामले में नगर निगम ने सख्त कार्रवाई करते हुए एक कैंटीन संचालक पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। यह कार्रवाई रविवार को कुमाऊं आयुक्त दीपक रावत के हल्द्वानी के कालाढूंगी चौराहे के पास निरीक्षण के दौरान हुई। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कालू सिद्ध मंदिर के निकट स्थित बिजलीघर के पास एक कैंटीन संच. ालक को कूड़ा जलाते हुए देखा। इस पर आयुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए नगर निगम अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए। आयुक्त के निर्देश पर मौके पर पहुंचे वरिष्ठ सफाई निरीक्षक अमोल असवाल ने कैंटीन संचालक राजू जोशी पर पांच हजार रुपये का जुर्माना लगाया और जुर्माना राशि मौके पर ही जमा कराई। इस दौरान निरीक्षक ने चेतावनी दी कि भविष्य में यदि कोई व्यक्ति कूड़ा जलाता हुआ पाया गया, तो उसके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# बस व कार की भिड़ंत बस पलटी, 8 घायल

## तीन की हालत नाजुक, हायर सेंटर रेफर





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कालाढूंगी।** रविवार की सुबह रामनगर से हल्द्वानी आ रही एक पैसेंजर बस विजयपुर धमौला के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस व कार की हुई टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस में सवार यात्रियों में चीखपुकार मच गई। इस हादसे में बस में सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनमें से तीन की हालत नाजुक देखते हुए हायर सेंटर रेफर कर दिया है। घटना की सूचना पर कालाढूंगी एसडीएम विपिन पंत व पुलिस मौके पर पहुंच गई। जानक. ारी के अनुसार रामनगर से सवारी लेकर पैसेंजर बस संख्या यूके04पीए-0154 हल्द्वानी को आ रही थी। जैसे ही बस विजयपुर धमौला के पास पहुंची तभी कार संख्या डीएल3 सीसीएक्स-8056 से भिड़ंत हो गई। बस व कार की भिड़ंत से बस अनियंत्रित होकर पलट गई। बस के पलटते ही बस में बैठी सवारियों में चिखपुकार मच गई। सड़क पर मची चिखपुकार सुनकर आसपास के लोग भी एकत्र हो गए और घटना की सूचना पर कालाढूंगी एसएसआई पंकज जोशी भी मय टीम के साथ मौके पर पहुंच गए, और स्थानीय लोगों की मदद से बस के अंदर फसी सवारियों को बाहर निकाला और 108 की मदद से कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा। घायलों में दिल्ली निवासी 25 वर्षीय दीपू, कठघरिया हल्द्वानी निवासी 53 वर्षीय सुमन सिंह पत्नी बृजेश सिंह, रूद्रपुर निवासी 60 वर्षीय सुरेन्द्र सिंह पुत्र राजेश सिंह, दमुवाढूंगा काठगोदाम निवासी 65 वर्षीय जीवन राम पुत्र जोगा राम, मालधनचौड़ निवासी 65 वर्षीय बबली देवी पत्नी दलीप राम, गौलापार निवासी रबसा पुत्री साजिद, कंचन फुलेरिया सहित आठ लोग घायल हो गए। इन घायलों में तीन की हालत नाजुक होने पर उन्हें हायर सेंटर रेफर किया गया। सड़क हादसे की जानकारी मिलते ही एसडीएम विपिन पंत व तहसीलदार ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का हाल-चाल जाना, और कहा कि इस घटना की जांच की जाएगी।

# दरोगा और सिपाहियों पर व्यापारी से बदसलूकी का आरोप

## वायरल हुआ वीडियो, कोतवाली में लिखवाया माफीनामा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी कोतवाली के सामने एक पुलिसकर्मी की गुंडागर्दी के बाद अब एक और विवाद ने तूल पकड़ा है, जिसमें आरोप एक दरोगा और दो सिपा. हियों पर लगे हैं।

बताया गया कि एक व्यापारी ने चाय की दुकान के सामने खड़ी दरोगा की गाड़ी को हटाने को कहा था और यही बात पुलिस वालों को नागवार गुजर गई। पुलिस वालों ने व्यापारियों को गिरेबां से पकड़ खींचा और खींचते हुए पुलिस चौकी ले गए। जहां उससे माफीनामा लिखावाया गया। इस पूरी घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। यह घटना हीरानगर चौकी क्षेत्र में शनिवार की बताई जा रही है। यहां पर एक छोटा व्यापारी चाय की दुकान चलाता है। बताया जा रहा है कि एक दरोगा ने उसकी दुकान के सामने अपनी काली कार लगा दी। व्यापारी ने जब दरोगा से गाड़ी किनारे लगाने को कहा तो वह बिफर गया।

दरोगा पर व्यापारी को गालियां देने का आरोप है। इसके बाद दरोगा ने डायल 112 बुलाई और व्यापारी को कॉलर पकड़ते हुए चौकी ले आए। चौकी में व्यापारी से माफीनामा लिखवाया गया, जिसके बाद मामला शांत हो गया। इस घटना से संबंधित सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है, जिसमें दरोगा द्वारा व्यापारी को गिरेबां से पकड़कर खींचते हुए देखा जा सकता है। कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि वीडियो संज्ञान में है। दरोगा को व्यापारी गाली दे रहा था। हालांकि बाद में उसने चौकी में माफीनामा दिया। जिसके बाद मामला खत्म हो गया।

## शातिर अपराधी धर्मेन्द्र गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** किसी घटना को अंजाम देने के फिराक में घूम रहे एक शातिर अपराधी को बनभूलपुरा पुलिस ने बीती रात्रि गश्त के दौरान गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक अदद चाकू बरामद हुआ है। पकड़ा गया आरोपी चोरी व तस्करी के आरोप में पांच पर जेल की हवा खा चुका है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की रात्रि बनभूलपुरा थाना प्रभारी निरीक्षक दिनेश फर्त्याल मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी गोला पार्किंग स्थित सज्जाद की झोपड़ी से एक व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिया। जिससे रोककर पूछताछ व तलाशी ली तो उसके पास से एक अदद चाकू बरामद हुआ। पकड़े गए आरोपी युवक ने अपना नाम धर्मेंद्र कश्यप पुत्र मुन्नालाल निवासी पंचशील कॉलोनी पीलीकोठी मुखानी बताया। बताया जा रहा कि पकड़ा गया आरोपी धर्मेन्द्र एक शातिर किस्म का अपराधी है, और वह मुखानी से पूर्व में चोरी तथा नशे की तस्करी में पांच बार जेल जा चुका है।

## पुलिस ने गुमशुदा ही दर्ज किया मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मारपीट के मामले में लापता हुए बेटे की तलाश के लिए मां ने एसएसपी से गुहार लगाई। एसएसपी ने बेटे की तलाश के लिए जांच की तो मामला उल्टा पड़ गया। जिसके बाद पुलिस ने गुमशुदा युवक पर ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी। जानक. ारी के अनुसार फतेहपुर नवाड़ सैलानी निवासी लीला देवी ने तीन दिन पूर्व एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि दो साल पहले कुछ युवकों से उनके बेटे प्रियांशु का झगड़ा हो गया था। मुखानी थाने में समझौता हो गया। बीती 7 दिसंबर को मारपीट करने वाले युवकों ने एक बार फिर प्रियांशु के साथ मारपीट की, जान की धमकी दी। जिसके बाद उनका बेटा घर छोड़कर गायब हो गया। मां की शिकायत पर एसएसपी ने मुखानी पुलिस को जांच के निर्देश दिए। मुखानी पुलिसने जब मामले की जांच की तो सामने आया कि नवाड़ सैलानी फतेहपुर गुजरौड़ा निवासी विशाल रौतेला से प्रियांशु का विवाद था। विशाल कठघरिया स्थित सुरभि मॉल में काम करता है। 9 दिसंबर को विशाल अपनी जॉब पर था और तभी प्रियांशु व सुमित उसे मॉल से बाहर ले गए। मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। मारपीट में विशाल का सिर फट गया और पांच टांके लगे। मुखानी थानाध्यक्ष सुशील जोशी ने बताया कि मामले की जांच में आरोपी निराधार पाए गए। पुलिस ने अब पीड़ित विशाल रौतेला की तहरीर के आधार पर प्रियांशु पर ही मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

# शोरूम का ताला खोलकर उड़ाई तीन स्कूटी, सीसीटीवी में कैप्चर वारदात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** हल्द्वानी। शोरूम के ताले को तोड़कर चोरी करने के बजाय अब शातिर चोर ताला खोलकर चोरी की वारदातें अंजाम देने लगे हैं। ताजा मामला हल्द्वानी में स्थित एक वाहन शोरूम से जुड़ा है, जहां एक नकाबपोश चोर ने शोरूम का ताला खोलकर तीन स्कूटी और ऑटो पार्ट्स चोरी कर फरार हो गया। यह घटना तब सामने आई, जब शोरूम मालिक ने हिसाब-किताब मिलाना शुरू किया। घटना से जुड़ा एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है। पुलिस ने शोरूम स्वामी की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार रुद्रपुर गल्ला मंडी निवासी राजेश बंसल ने बताया कि उनका हल्द्वानी में रामपुर रोड पर उनका श्री बाला जी मोटर्स के नाम से शोरूम है। शोरूम में आठ कर्मी काम करते हैं। बताया कि 12 दिसंबर को वह स्टाफ के साथ शोरूम में मौजद स्टाफ का मिलान कर रहे थे, तभी सामने आया कि शोरूम से तीन स्कूटी और ऑटो पार्ट्स गायब हैं। जिसके बाद उन्होंने स्टाफ से पूछताछ शुरू की और जब सीसीटीवी चेक किया तो सामने आया कि 11 दिसंबर की रात एक नकाबपोश ताला खोलकर शोरूम में दाखिल हुआ। इसी नकाबपोश ने तीन स्कूटी और ऑटो पार्ट्स पर हाथ साफ कर दिया। कोतवाल विजय मेहता ने बताया कि पीड़ित शोरूम स्वामी की तहरीर पर मुक. दमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज में चोर की पहचान के प्रयास किए जा रहे हैं, और जल्द ही नकाबपोश चोर को गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

# दबंगों ने कार्यालय में घुसकर की मारपीट, लूटे जेवरात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** देवलचौड़ रोड क्षेत्र स्थित एक कार्यालय में दबंगों ने घुसकर मारपीट की धमकी दी, तोड़फोड़ की और नकदी व जेवरात लूटकर फरार हो गए। पीड़ित ने घटना की तहरीर थाना प्रभारी को सौंप दी है, जिसके बाद पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार पुलिस को दी तहरीर के में कहा कि बीती 12 दिसंबर की शाम करीब चार बजे नीरज परगाई अपने साथियों नरेन्द्र कुमार और सिद्धार्थ सिंह के साथ कार्यालय में कार्यरत थे। इसी दौरान उमेश वर्मा उर्फ शिकंजी, हिमांशु दरम्वाल व चार अन्य लोगों ने पहले फोन पर जान से मारने की धमकी दी और कुछ ही देर बाद कार्यालय में आ धमके। आरोप है कि आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट का प्रयास किया और स्टाफ को डराते-धमकाते हुए गंभीर परिणाम भुगतने की चेतावनी दी। घटना के दौरान कार्यालय में मौजूद एक युवक की लगभग दो तोले की सोने की चेन चोरी कर ली गई, वहीं काउंटर में रखे करीब 25 हजार रुपये नकद जबरन उठा ले गए। दबंगों की वजह से कार्यालय का स्टाफ दहशत में आ गया और कामकाज प्रभावित हो गया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और कुछ लोगों को हिरासत में लिया गया है। कोतवाल विजय मेहता का कहना है कि तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# बैठक में शिक्षिक संघ के अधिवेशन की तिथि और स्थल पर हुई चर्चा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को राजकीय शिक्षक संघ कुमाऊं मंडल की कार्यकारिणी की ऑनलाइन/ऑफलाइन बैठक एक बैंकट हॉल में आयोजित की गई, जिसमें कुमाऊं मंडल अधिवेशन की तिथि और स्थल पर विचार-विमर्श किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष पिथौरागढ़, प्रवीण रावल और जिला मंत्री देवेश अवस्थी ने पिथौरागढ़ में मंडलीय अधिवेशन आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जबकि जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा ने यह सुझाव दिया कि ऊधम. सिंहनगर में अब तक मंडलीय अधिवेशन न होने की वजह से इस बार आयोजन वहां किया जाए। कुमाऊं मंडल मंत्री ने पिथौरागढ़ में अधिवेशन कराए जाने का समर्थन किया, लेकिन विभिन्न पदाधिकारियों ने भौगोलिक और मौसम की स्थिति को ध्यान में रखते हुए निर्णय लेने की सलाह दी।

अंत में कुमाऊं मंडल अध्यक्ष ने ऊधमसिंहनगर में मंडलीय अधिवेशन कराने का निर्णय लिया, क्योंकि वहां अब तक कोई आयोजन नहीं हुआ था। 23-24 दिसंबर 2025 को होने वाले अधिवेशन के लिए तिथि तय की गई, जिलाध्यक्ष दीपक शर्मा तथा प्रान्तीय उपाध्यक्ष राजकुमार चौधरी से बात करने के पश्चात अधिवेशन स्थल राजकीय इण्टर कॉलेज बागवाला रुद्रपुर तय किया गया। यह भी जानक. ारी दी गई कि कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष और मंत्री शीघ्र ही संयुक्त हस्ताक्षरित पत्र के माध्यम से अपर निदेशक से अधिवेशन अवकाश स्वीकृत करवाएंगे। कुमाऊं मण्डल अध्यक्ष ने यह भी कहा कि चुनाव 25 दिसंबर से पहले आयोजित किए जाने चाहिए, और अगर अध्यक्ष और मंत्री के बीच अधिवेशन स्थल/तिथि पर सहमति नहीं बन पाई तो कुमाऊं मण्डल कार्यकारिणी को भंग कर दिया जाएगा, और प्रांतीय कार्यकारिणी से अधिवेशन और चुनाव कराने का अनुरोध किया जाएगा। बैठक में कुमाऊं मण्डल के अध्यक्ष डा. गोकुल सिंह मर्तोलिया, मण्डल मंत्री डा. रविशंकर गुसाईं, जिलाध्यक्ष और मंत्री सहित विभिन्न पदाधिकारी मौजूद रहे।

# लायंस क्लब ने मनाई 30वीं वर्षगांठ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लायंस क्लब हल्द्वानी ग्रीन सिटी द्वारा 1996 से लेकर 2025 तक अपनी स्थापना के 30 वर्षों का सफलतापूर्वक समापन पर रविवार को क्लब द्वारा रामपुर रोड स्थित एक होटल में भव्य वार्षिक समारोह एवं विदाई कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न रंगारंग प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें क्लब के सदस्यों और बच्चों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में बच्चों की कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता रही, जिसमें क्रियांश गुप्ता, अक्षत अग्रवाल, पीहू गुप्ता और सांविका अग्रवाल ने क्रमशः प्रथम, द्वितीय और तृतीय पुरस्कार प्राप्त




किए। इसके अतिरिक्त, लकी ड्रॉ के तहत कूपन नंबर 77, 53 और 61 के विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। माचिस उठाओ और मोमबत्ती जलाओ प्रतियोगिता भी दर्शकों के बीच आकर्षण का केंद्र रही। इस प्रतियोगिता में मुकेश गुप्ता ने प्रथम, पंकज अग्रवाल ने द्वितीय और संजय गर्ग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, जबकि अशोक जैन और अजय कृष्ण गोयल को चतुर्थ और प्रदीप अग्रवाल को पंचम स्थान मिला। कार्यक्रम के दौरान लायंस सिल्वर जुबली सम्मान से सरिता संग ज्योतिष आचार्य राजीव श्रीवास्तव को सम्मानित किया गया। साथ ही, क्लब के अन्य सक्रिय सदस्यों को लायंस वर्षगांठ सम्मान पत्र भी प्रदान किए गए। इस मौके पर अध्यक्ष डा. प्रमोद अग्रवाल गोल्डी, अनीता अग्रवाल, निशुल् अग्रवाल, अनुजकांत अग्रवाल, डा.अनुज अग्रवाल, विजय कुमार शर्मा, रूबी लोकेश गुप्ता, कनक अनुजकांत, अमिता प्रदीप अग्रवाल, कुसुम अजय कृष्ण, सुमन आशीष जैन, शालिनी विजय श्रीवास्तव, रेणुका संजय गर्ग, बीना राकेश वर्मा, निधि, कनक, अंजू, राखी अग्रवाल, स्नेहा अग्रवाल, अंशील वर्मा, प्रेक्षा बिश्नोई, विशेष गुप्ता, सनी गुप्ता, प्रदीप अग्रवाल, विनीता शर्मा, सुमन जैन, डा. मोनिका मित्तल, डा. अभिषेक मित्तल, रागिनी गुप्ता, समृद्धि अग्रवाल, अक्षत, यश अग्रवाल मौजूद रहे।

## खरमास कल से

**हल्द्वानी।** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार 16 दिसंबर 2025 से 13 जनवरी 2026 तक खरमास रहेगा। इस अवधि में विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन सहित सभी प्रकार के मांग. लिक कार्य बंद रहेंगे। पंडित डा. नवीन चंद्र जोशी ने बताया कि खरमास को शुभ कार्यों के लिए वर्जित माना गया है। उन्होंने बताया गया कि पौष मास में रविवार के दिन सूर्य उपासना का विशेष महत्व है। विशेष रूप से विद्यार्थी वर्ग को विद्या, बुद्धि और मानसिक विकास के लिए रविवार को भगवान सूर्य की आराधना करनी चाहिए। धार्मिक पंचांग के अनुसार 14 जनवरी 2026 (मकर संक्रांति) से खरमास की समाप्ति के साथ ही सभी मांगलिक कार्य पुनः आरंभ हो जाएंगे। इस दिन से विवाह, गृह प्रवेश और अन्य शुभ संस्कार किए जा सकेंगे।

# ब्लू एकादश ने जीता मैत्री मैच

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रविवार को हल्द्वानी स्टेडियम में क्रिकेट प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे अंडर-16 खिलाड़ियों के बीच रविवार को एक मैत्रीपूर्ण क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। मैच की शुरुआत कप्तान ब्लू एकादश मोहम्मद आदिल द्वारा टॉस जीत कर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया।

बल्लेबाजी करने उतरी रेड एकादश की टीम निर्धारित 25 ओवर में केवल 85 रनों पर ही आलआउट हो गई। ब्लू एकादश की ओर से शानदार गेंदबाजी करते हुए कुंवर श्रीवास्तव ने 5 विकेट, जबकि प्रतीक मुलानी ने 4 विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी ब्लू एकादश की टीम ने 22 ओवर में 7



विकेट खोकर 87 रन बनाकर जीत दर्ज की। शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए कुंवर श्रीवास्तव को मैन ऑफ-द मैच का पुरस्कार दिया गया। मैच में क्रिकेट कोच त्रिलोक जीना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मैच में बच्चों के माता-पिता और अभिभावकों की उपस्थिति भी खास रही। उन्होंने अपने-अपने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और शानदार प्रदर्शन के लिए वीडियो बनाते हुए उन्हें प्रोत्साहित किया। मैच में अंपायर की भूमिका कुश राणा और विशेष बगड़वाल ने निभाई। मैच के उपरांत मास्टर करन नागपाल ने अपने जन्मदिन के अवसर पर खिलाड़ियों को मिष्ठान वितरित किया।

# कल से एक माह के लिए मांगलिक कार्य स्थगित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मंगलवार से एक माह तक के लिए सभी प्रकार के मांगलिक कार्य स्थगित हो जायेंगे। क्योंकि ज्योतिष शास्त्र अनुसार इस माह मे सूर्य और बृहस्पति के बल में क्षीणता आने के कारण मांगलिक कार्य करने से असफलता और जीवन मे नकारात्मकता का आगमन हो जाता है। ज्योतिषी अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि वर्ष का दूसरा खरमास 16 दिसम्बर (मंगलवार) से प्रारंभ हो जायेगा, जो 14 जनवरी 2026 को समाप्त होगा। इस मध्य सगाई, विवाह, गृहप्रवेश, नवनिर्माण, नवव्यवसाय, मुंडन, नया वाहन क्रय जैसे मांगलिक कार्यो पर विराम लग जाता है। मकर संक्रांति के दूसरे दिन से मांगलिक कार्य प्रारंभ हो जाते हैं। लेकिन इस बार 12 दिसंबर से 1 फरवरी 26 तक शुक्रास्त रहने के कारण मांगलिक कार्य नहीं हो पायेंगे। आगामी शुभ मुहूर्त 2 फरवरी से शुरू होंगे, जो 11 मार्च तक चलकर 17 मार्च से 13 अप्रैल वर्ष का पहला खरमास लग जायेगा। अशोक वार्ष्णेय ने बताया कि 19 अप्रैल से 12 मई तक वैवाहिक कार्यक्रम आयोजन होंगे। फिर 17 मई से 15 जून तक पुरूषोत्तम मास लगने पर मांगलिक कार्य रूक जायेगे। उन्होंने खरमास और पुरूषोत्तम मास का अंतर बताते हुए कहा कि खरमास वर्ष मे दो बार आता है, जबकि अधिक मास या पुरूषोत्तम मास तीन वर्ष मे एक बार आता है। यह सूर्य और चंद्र की गणना को संतुलित रखने के लिये होता है। खरमास मे विष्णु, सूर्य, गुरु, तुलसी पूजा एवं दान करना शुभ फलदायक माना जाता है।

# 210 लोगों ने उठाया शिविर का लाभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भारत विकास परिषद शाखा काठगोदाम की ओर से रविवार को निशुल्क चिकित्सा शि. विर का आयोजन किया गया जिसमें कुल 210 रोगियों ने स्वास्थ्य लाभ लिया।

शिविर में विभिन्न रोगों से पीड़ित मरीजों की जांच कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सकों ने परामर्श एवं निशुल्क दवाइयां वितरित की। शिविर में वरिष्ठ फिजीशियन डा. केसी लो. हनी, नेत्र रोग विशेषज्ञ डा. आरजेके सिंह, काया आयुर्वेद मेडिकल कॉलेज से डा. विनय खुल्लर, डा. महेंद्र बोरा, डा. स्वप्निल, डा. श्वेता, डा. दिबेश तथा डा. रोहित गोयल ने मरीजों की जांच कर उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। इससे पहले शिविर का शुभारंभ मेयर गजराज सिंह बिष्ट, परिषद के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल,




डा. केसी लोहनी, डा. विनय खुल्लर एवं दीपक माहेश्वरी ने दीप प्रज्वलन कर किया। शिविर में रोगियों की विभिन्न श्रेणियों के अनुसार जांच और उपचार किया गया। इनमें से 20 प्रतिशत रोगियों को शुगर और ब्लड प्रेशर से संबंधित समस्याएं थीं, 30 प्रतिशत को गठिया और जोड़ो के दर्द की शिकायत थी, 10 प्रतिशत स्किन से संबंधित रोगी थे, 15 प्रतिशत पेट के रोगियों को परामर्श दिया गया और बाकी सामान्य रोगियों को भी निशुल्क दवाई वितरित की गई। इस मौके पर पार्षद बबली वर्मा, विशाल सिंघल, आलोक सक्सेना, दीपक बिष्ट, भुवन तिवारी, विपिन जोशी, ममता खुल्लर, गरिमा सिंघल, गौरव नेगी, सुशील मित्तल, जितेन्द्र डीरोलिया, राजीव रावत और ज. दिनेश सनवाल सहित कई लोग मैजूद रहे।

# जर्जर हालत सड़क पर लोग हो रहे चोटिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** चौपुला चौराहे से कटघरिया चौराहे तक सड़क की जर्जर हालत को लेकर स्थानीय नागरिकों में गहरा आक्रोश व्याप्त है। सड़क की बदहाली के खिलाफ रविवार को हिमालय शक्ति परिषद की और से जनसंपर्क अभियान चलाया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर गड्ढों और धूल-मिट्टी के कारण आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है जिससे कई लोग घायल हो चुके है। सड़क किनारे स्थित घरों और दुकानों में धूल भरने से वायु प्रदूषण बढ़ रहा है और आम जनता के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। हिमालय शक्ति परिषद के संस्थापक सदस्य एवं हल्द्वानी नगर प्रभारी प्रताप सिंह राणा ने कहा कि नहर कवरिंग का कार्य कर रहे ठेकेदार द्वारा पिछले कई महीनों से काम बंद कर दिया गया है जिससे सड़क की स्थिति और भी बदतर हो गई है। इसके अलावा सड़क किनारे स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था न होने से रात्रि में पैदल चलने वालों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परिषद और स्थानीय नागरिक मिलकर इस समस्या को लेकर जनसंपर्क अभियान चला रहे है तथा संबंधित विभागों से मांग की जा रही है कि नहर कवरिंग का कार्य शीघ्र पूर्ण किया जाए, सड़क को दुरुस्त कर डामरीकरण कराया जाए और पर्याप्त स्ट्रीट लाइटें लगाई जाए। इस दौरान विनोद साही, मोहन काण्डपाल, भगवंत सिंह राणा, तारा सिंह राणा, विनय तिवारी, कमलेश खंडूड़ी, गौरव गोस्वामी, दीपक पडलिया, मुकेश कुमार, चरन राम, प्रेम पाल, गणेश आर्या, पूजा टम्टा, जीत सिंह साहित्य कई लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**

*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286

मुख्यालयः
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# नहीं बिगड़ने देंगे खटीमा का साम्प्रदायिक सौहार्द: रमेश जोशी

- पुलिस की सक्रियता और कार्यशैली की भाजपा कार्यकर्ताओं ने की प्रशंसा
- अन्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने एवं पीड़ित पक्ष के न्याय की मांग



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** भाजपा कार्यकर्ताओं ने रविवार को वरिष्ठ भाजपा नेता व नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में एक प्रेस कांफ्रेंस कर खटीमा में तुषार शर्मा हत्याकांड के आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने की मांग की एवं एक मुख्य आरोपी को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार करने पर पुलिस प्रशासन की सक्रियता और कार्यशैली की सराहना की।

वहीं भाजपा नेता रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी व पुलिस क्षेत्राधिकार विमल रावत से मुलाकात कर घटना में सम्मिलित अन्य आरोपियों को तत्काल गिरफ्तार करने, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने, स्मैक तस्करों एवं उनकों संरक्षण देने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की। इसके उपरांत भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर उनको सांत्वना दी तथा संयम बरतने की अपील की। साथ ही भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार को हर संभव मदद करने का भी आश्वासन दिया।

वरिष्ठ भाजपा नेता रमेश चंद्र जोशी ने कि यह घटना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। जिसको कुछ लोगों द्वारा सांप्रदायिक रंग देने और माहौल को खराब करने का का प्रयास किया जा रहा था लेकिन स्थानीय जनता, जनप्रतिनिधियों ने सूझबूझ दिखाते हुए स्थानीय प्रशासन एवं पुलिस विभाग का काफी सहयोग किया। उन्होंने इस मामले में पुलिस प्रशासन की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड को भय मुक्त व अपराध मुक्त बनाने हेतु मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का सख्त निर्देश है। इसी क्रम में खटीमा में हुए हत्याकांड मामले में पुलिस द्वारा दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है और पुलिस द्वारा भी सख्त रवैया अख्तियार करते हुए मामले के सभी दोषियों को पकड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नशे के कारोबारियों के खिलाफ भी पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसके साथ ही भाजपा नेता जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का खटीमा की इस घटना पर कड़ी नजर है। उन्होंने कहा कि खटीमा का माहौल खराब करने वालों को कड़ा जवाब दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि खटीमा के माहौल को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण बनाने का हम सभी लोग मिलकर पूरा प्रयास करेंगे तथा खटीमा की सद्भावना को बिगड़ने नहीं देंगे। पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष व भाजपा नेता गणेश ठुकराठी ने कहा कि मुख्यमंत्री के सख्त निर्देश पर खटीमा में हुए हत्याकांड मामले के दोषियों को पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए पकड़ने और उनके खिलाफ कार्रवाई करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने पुलिस प्रशासन की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि शहर का फिजा खराब करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए पुलिस ने खटीमा शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखी और अराजक तत्वों को कड़ा संदेश दिया। खटीमा में सांप्रदायिक सौहार्द को बनाए रखने हेतु हम सब मिलकर लगातार प्रयास कर रहे हैं। खटीमा एक शांतिपूर्ण शहर है यहां के माहौल को बिगड़ने नहीं दिया जाएगा। साथ उन्होंने प्रशासन से दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने तथा पीड़ित पक्ष के न्याय की भी मांग की।

इस अवसर पर पूर्व नगर मंडल महामंत्री मनोज बाधवा, जिला उपाध्यक्ष अमित पांडे, चंपावत प्रभारी हिमांशु बिष्ट, नीरज रस्तोगी, भुवन जोशी, हरीश चुफाल, सिद्ध गुप्ता, चंद्रशेखर गुप्ता, इशु ठाकुर, अर्पित कॉलोनी, शुभम पटवा, राहुल सक्सेना आदि उपस्थित रहे।

## स्मैक तस्करों और उनको संरक्षण देने वालों पर हो कड़ी कार्रवाई



नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने को विमल रावत एवं एसपी सिटी उत्तम सिंह नेगी से मुलाकात कर अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई करने की मांग भी की सीओ विमल रावत एवं एसपी सिटी उत्तम सिंह ने आश्वासन दिया कि पुलिस प्रशासन अन्य बचे आरोपियों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्रवाई करेगा जो एक मिसाल रहेगी। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार के घर पर पहुंचकर मुलाकात की एवं संयम बरतने की अपील की। भाजपा कार्यकर्ताओं ने पीड़ित परिवार को हर संभव सहायता उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। नगर मंडल पूर्व महामंत्री मनोज बाधवा ने स्थानीय प्रशासन से स्मैक तस्करों के खिलाफ कठोर से कठोर कार्यवाही करने एवं उनको संरक्षण देने वाले को भी चिन्हित करने की मांग की।

## सवा दो लाख का सामान चोरी, पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** चोरों ने ग्राम मुंडिया कलां चर्च के सामने स्थित आहिल किचन से लगभग सवा दो लाख रुपये के सामान पर हाथ साफ कर दिया। रविवार को इश्तकार अली पुत्र मोहम्मद अली, ग्राम महमूदपुर लाल, थाना डिलारी, तहसील ठाकुरद्वारा, जिला मुरादाबाद उत्तर प्रदेश निवासी ने कोतवाली में तहरीर देते हुए बताया कि उसकी ग्राम मुंडियाकलां स्थित चर्च के सामने आहिल किचन के नाम से दुकान है। जहां वह स्टील के सामान की मैन्युफैक्चरिंग करता है।

गत रात्रि वह दुकान बंद कर अपने घर चला गया। रविवार की प्रात: लगभग साढ़े आठ बजे उसका कर्मचारी अरसलान पुत्र रहीस निवासी मुंडियां कलां, बाजपुर दुकान खोलने आया तो उसने देखा कि दुकान का शटर लगभग दो फुट खुला हुआ था। जिसकी जानकारी दूरभाष पर उसके द्वारा उन्हें दी गई। सूचना पर दुकान पर आकर देखा तो दुकान में से बैन्डिंग करने वाली आठ डाई (कीमत लगभग सवा लाख रुपये), तीन कैंची (कीमत लगभग 25 हजार रुपये), दो लोहे के लट्ठे (कीमत लगभग 34 हजार रुपये) ,एक ऑटोमैटिक बैल्डिंग मशीन (कीमत लगभग 12 हजार रुपये) गायब था। चोर उसकी दुकान से लगभग सवा दो लाख रुपये का सामान चोरी कर ले गए हैं। पुलिस ने मौका मुआयना कर जांच शुरू कर दी है।

## अंडर-14 में ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल ने प्राप्त किया तीसरा स्थान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रुद्रपुर के जीडी गोयनका स्कूल में टी-10 टेनिस बॉल क्रिकेट एशोसिएशन ऑफ उत्तराखंड द्वारा आयोजित प्रथम अंडर-14 टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता में बाजपुर के ज्ञानदीप ग्लोबल स्कूल की टीम ने तीसरा स्थान प्राप्त किया।



प्रतियोगिता में उत्तराखंड के अलग-अलग जिलों के 19 स्कूलों की टीमों ने प्रतिभाग किया। शनिवार को आयोजित प्रतियोगिता का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री बलदेव औलख के सुपत्र गुरकीरत औलख व स्कूल डायरेक्टर रुचि गोयल ने खिलाड़ियों से परीचय प्राप्त कर किया। प्रतियोगिता में ज्ञानदीप की टीम ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया। रविवार को खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के चेयरमैन सुरेंद्र सिंह कहलो, डायरेक्टर राजिंदर कोर कहलो, प्रिंसिपल भुवन कांडपाल, मोहिता कांडपाल व शिक्षकों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर राजेश चौहान, सौरभ चौहान, कोच मनोज राजहँस शेखर, विक्रांत, राजन, मनदीप, रितिक आदि मौजूद थे।

## आगामी उत्तरायणी मेले कौतिक 2025 को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पर्वतीय महासभा समिति बाजपुर की एक बैठक विद्या निकेतन हाई स्कूल हरिपुरा में रविवार को कैप्टन सुरेश चन्द्र पांडे की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई।



बैठक में आगामी उत्तरायणी मेले कौतिक 2025 के आयोजन पर चर्चा हुई। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि कौतिक 2025 का आयोजन 13 व 14 जनवरी 2026 को विद्या निकेतन हरिपुरा के प्रांगण में किया जाएगा। मेले में उत्तराखण्ड में प्रचलित खानपान एवं उत्पादों के स्टॉल लगाये जायेंगे। मेले में एपण ,नवविवाहित दुल्हा-दूल्हेणी वेशभूषा, कुमाऊंनी भाषण आदि प्रतियोगितायें आयोजित की जाएगी। स्थानीय कलाकारों द्वारा उत्तराखंडी नृत्य, गीत, नाटक आदि प्रस्तुतियाँ दी जायेंगी।प्रस्तुति के लिये रजिस्ट्रेशन /ऑडिशन 4 जनवरी 2026 को किया जायेगा। बैठक में पूरन चन्द्र जोशी, रवि उप्रेती, कैप्टन एनडी जोशी, पूरन सिंह बिष्ट, प्रेम बल्लभ चौबे, पीडी ममगाई, नीरज तिवारी, भगवंत म्यान, दिनेश पांडे, वीके अंडोला, हिमांशु बोरा आदि वक्ताओं ने अपने विचार प्रकट किए।

## ऊधमसिंह नगर, देहरादून, हरिद्वार और रुद्रप्रयाग ने जीत दर्ज की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** मनोज सरकार स्पोर्ट्स स्टेडियम में राज्य स्तरीय वालीबॉल चौंपियनशिप शनिवार को कई प्रतियोगिताएं हुई।

मुख्य अतिथि जिला विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जय किशन ने शुभारंभ किया। स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता का पहला मैच ऊधमसिंह नगर और चमोली के मध्य खेला गया। इसमें ऊधमसिंह नगर ने 2-0 से जीत दर्ज की। दूसरे मैच देहरादून ने उत्तरकाशी को 1-0 से हरा दिया। तीसरा मैच देहरादून और रुद्रप्रयाग के मध्य खेला गया। इसमें देहरादून ने 2-0 से जीत दर्ज की। चौथा मैच हरिद्वार और चंपावत के मध्य खेला गया। इसमें हरिद्वार ने 2-1 ने जीत दर्ज की। इसी तरह 5वां मैच उत्तरकाशी और रुद्रप्रयाग के मध्य खेला गया। इसमें रुद्रप्रयाग ने 2- 1 से जीत दर्ज की। मैचों में निर्णायक की भूमिका सुरेश बिष्ट, गुरतेज सिंह, शैलेंद्र शर्मा, उपेंद्र, शहजाद, विकास, गौरव एवं रजत कुमार ने निभाई।

## तुषार हत्याकांड मामले का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में दबोचा

- गोलीबारी में हाशिम के पैर में लगी गोली, घायल अस्पताल में भर्ती



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** कोतवाली पुलिस ने तुषार शर्मा हत्याकांड के मुख्य आरोपी इस्लामनगर निवासी हाशिम को खटीमा के झनकट ईट भट्ठे में मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। मुख्य आरोपी हाशिम के झनकट ईट भट्ठे में छुपे होने की खबर मिलते ही पुलिस टीम द्वारा शनिवार की मध्य रात्रि उसकी घेराबंदी की गई, जहां हाशिम द्वारा तमंचे से पुलिस टीम पर फायर झोंकने के बाद पुलिस द्वारा भी जवाबी कार्रवाई की गई जिसमें हाशिम के पैर में गोली लगने से वह घायल हो गया। जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया और इलाज हेतु सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

एडिशनल एसपी उत्तम सिंह नेगी ने कहा कि दो अन्य आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्थानीय व सामाजिक राजनीतिक संगठनों के सहयोग से फिलहाल खटीमा में शांति बनी हुई है। आपको बता दें कि खटीमा में शुक्रवार की देर रात बस स्टेशन के समीप दो गुटों में हुए संघर्ष व चाकूबाजी की घटना में एक युवक तुषार शर्मा की जहां मौत हो गई थी वहीं दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इस घटना के बाद खटीमा में लगातार तनाव की स्थिति बनी हुई है ,पीड़ित पक्ष हत्यारोपियों की गिरफ्तारी की जहां मांग कर रहा है। वहीं मामला दो अलग अलग समुदायों से जुड़ा होने के चलते शनिवार को खटीमा में स्थिति बिगड़ते बिगड़ते बची थी। आक्रोशित लोगो ने बस स्टेशन में हत्यारोपी के पिता की दुकान में आगजनी एवं तोड़फोड़ कर जमकर प्रदर्शन भी किया। वहीं लाठीचार्ज एवं धारा 163 लगाकर प्रशासन एवं कोतवाली पुलिस द्वारा बमुश्किल हालातों को सामान्य किया गया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र शाह, वरिष्ठ उप निरीक्षक ललित मोहन रावल, उप निरीक्षक ललित बिष्ट, कांस्टेबल दीपक कुमार, मोहसिन तथा कमल पाल आदि शामिल रहे।

## समाजवादी पार्टी का गदरपुर विधानसभा में हुआ कार्यकर्ता सम्मेलन

- वर्तमान सरकार ने जात-पात की राजनीति को बढ़ावा देने का किया है काम: अरविंद यादव




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गदरपुर।** समाजवादी पार्टी ने अपने कार्यकर्ताओं में जोश भरने के लिए कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें दर्जन महिलाएं और पुरुष ने भाग लेकर सम्मेलन को सफल बनाया।

समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव यूथ ब्रिगेड के हर्ष शर्मा के नेतृत्व में रविवार को गदरपुर में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में समाजवादी पार्टी के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव अरविंद यादव के पहुंचने पर उनका माल्यार्पण कर स्वागत किया। अरविंद यादव ने सम्मेलन में पहुंचे सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए बताया कि समाजवादी पार्टी अब आगामी विधानसभा चुनाव 2027 के लिए मजबूती से तैयार हो रही है। विधानसभा क्षेत्र में बूथ स्तर पर पार्टी संगठन को मजबूत किया जा रहा है। उन्होंने भाजपा और कांग्रेस दोनों ही पार्टियों पर निशाना साधते हुए वोट बैंक की राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि अब वर्तमान में उत्तराखंड में मुस्लिम समाज को टारगेट किया जा रहा है। जगह-जगह अतिक्रमण के नाम पर उन्हें परेशान किया जा रहा है।

विभाजन के 25 साल बाद भी उत्तराखंड में कांग्रेस और भाजपा दोनों ही पार्टियों ने जात-पात की राजनीति को बढ़ावा देने का काम किया है। भाजपा सरकार में बेरोजगारी के कारण युवा लगातार पलायन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिना समाजवादी पार्टी के समर्थन के उत्तराखंड में सरकार बनाना असंभव होगा। वहीं बैठक में मौजूद जिला अध्यक्ष रवि छाबड़ा ने बताया कि मौजूदा सरकार युवाओं के हित में कोई कार्य नहीं कर रही है, बल्कि किसी भी भर्ती को निकालने से पहले ही उसके पेपर लीक हो जा रहे हैं। वर्तमान सरकार ने रोजगार के नाम पर युवाओं को ठगने का काम किया है। इस दौरान समाजवादी पार्टी महिला मोर्चा से जिला अध्यक्ष जय ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष अमित कुमार, इमरान अंसारी, शिव अवतार शर्मा, सलीम सैफी, मोहम्मद आजम, धर्मपाल लोधी, राम सिंह सागर सहित दर्जनों महिलाएं भी मौजूद रहीं।

## जसपुर के ब्लॉक सभागार में हुआ भाजपा की संगठनात्मक बैठक का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जसपुर।** एसआईआर तथा विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर जसपुर के ब्लॉक सभागार में भाजपा की संगठनात्मक मीटिंग का आयोजन हुआ। दीप प्रज्वलन के बाद खड़े होकर सावधान मुद्रा में वंदे मातरम् गीत गाया। मंच पर बैठे सभी पदाधिकारीयों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया ।

तत्पश्चात बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष मनोज पाल ने विस्तार से संबोधित किया। सबसे पहले भाजपा पदाधिकारियों की उपस्थित ली गई। कहा कि जो भी पदाधिकारी निष्क्रिय पाया जाएगा उसकी जगह दूसरे सक्रिय कार्यकर्ता को जिम्मेदारी दी जाएगी। कार्यकर्ताओं को विस्तार से समझाते हुए कहा कि 2027 के चुनाव के शंखनाद की पहली बैठक है। इसी मीटिंग में शुरू होने जा रहे हैं एसआईआर की प्रक्रिया को विस्तार से बताते हुए कहा BLA-2 के लिए 16 तारीख तक पार्टी के कार्यकर्ताओं को बनाया जाएगा। पार्टी ने वकील के तौर पर भावेश मित्तल को जिम्मेदारी दी है। राष्ट्रगान के बाद बैठक का समापन हुआ। मीडिया से रूबरू होते हुए प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य खड़क सिंह चौहान ने बताया कि विधानसभा चुनाव 2027 की तैयारी को लेकर तथा शुरू होने जा रहे एसआईआर को लेकर इस संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। कहा कि मैं पार्टी के शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद देना चाहता हूं कि पहले से की गई तैयारी से बाद में कोई व्यवधान नहीं आता है, जिसके परिणाम काफी हद तक सकारात्मक देखने को मिलेंगे।

बैठक में डा. शैलेंद्र मोहन सिंघल, राजकुमार सिंह, सुशील शर्मा, रवि मनी, विशाल कश्यप, महेश प्रजापति, आकांक्षा ठाकुर, लक्ष्मी भंडारी, डा. एमपी सिंह, डा. सुदेश कुमार, सुरेंद्र सिंह, विनीत चौहान, सुरेश लोहिया, धर्मेंद्र प्रधान, बलराम तोमर, कुलदीप बंसल, अनीता पवार, बीना नागर, विनोद प्रजापति, मनप्रीत लाडी समेत दर्जनों भाजपा पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## छह दिन बाद इलाज के दौरान हो गई विवेक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** छह दिन तक जिंदगी और मौत से संघर्ष करने के बाद पंतनगर विश्वविद्यालय के बीटेक फाइनल ईयर के छात्र विवेक की शनिवार देर रात मौत हो गई। विवेक ने 8 दिसंबर को छात्रावास के अपने कमरे में आत्महत्या का प्रयास किया था।

परिजनों के अनुसार, वह पढ़ाई के दबाव के चलते मानसिक तनाव और अवसाद से गुजर रहा था। 23 वर्षीय विवेक आर्य पुत्र जगदीश आर्य मूल निवासी गरमपानी, कोश्यांकुटौली नैनीताल हाल निवासी किच्छा पंतनगर विश्वविद्यालय के प्रौद्योगिकी महाविद्यालय में बीटेक फाइनल ईयर (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) का छात्र था। आठ दिसंबर की रात विश्वेश्वरैया छात्रावास के कमरे में उसने फंदा लगाकर आत्महत्या का प्रयास किया। समय रहते साथी छात्रों की नजर पड़ने पर उसे फंदे से उतारकर विश्वविद्यालय के अस्पताल ले जाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद उसे रुद्रपुर के एक निजी अस्पताल रेफर किया गया, जहां इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। विश्वविद्यालय प्रशासन, शिक्षकों और छात्रों ने उसके इलाज व आर्थिक सहायता में सहयोग किया, लेकिन तमाम प्रयासों के बावजूद उसकी जान नहीं बचाई जा सकी। पंतनगर थाना प्रभारी नंदन सिंह रावत ने बताया कि पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है।

## लिटल किंगडम स्कूल में शानदार एनुअल क्राफ्ट, आर्ट एवं साइंस एग्जिबिशन हुआ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** लिटल किंगडम स्कूल में वार्षिक एनुअल क्राफ्ट, आर्ट एवं साइंस एग्जिबिशन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मेयर विकास शर्मा ने दीप प्रज्वलित कर किया। विद्यालय परिसर नन्हे विद्यार्थियों की रचनात्मकता, विज्ञान प्रयोगों और आकर्षक कलाकृतियों से जगमगा उठा। प्रदर्शनी में फेस्टिवल ऑफ इंडिया, आवर प्लेनेट, विज्ञान मॉडल तथा अन्य क्रिएटिव प्रोजेक्ट प्रस्तुत किए गए। कक्षा 1 से 5 तक के छात्रों ने उत्कृष्ट साइंस मॉडल बनाए, जबकि प्लेग्रुप,एलकेजी और यूकेजी के नन्हें बच्चों ने अपनी सुंदर ड्राइंग और क्राफ्ट से सभी को प्रभावित किया। अभिभावकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर बच्चों की प्रतिभा एवं विद्यालय की पहल की सराहना की।

विद्यालय की प्रशासिका परविंदर पुरी ने कहा कि एनुअल एग्जिबिशन बच्चों में सृजनशीलता, अवलोकन क्षमता और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने का माध्यम है। हम चाहते हैं कि शिक्षा सिर्फ पुस्तकों तक सीमित न रहे, बल्कि बच्चे सीखते हुए खुद भी निर्माण करें। प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना ने अपने संदेश में कहा बच्चों की मेहनत और उत्साह इस प्रदर्शनी में साफ दिखाई देता है। विद्यालय हमेशा से बच्चों को अनुभवात्मक शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। उप-प्रधानाचार्य ने कहा कि बच्चों ने जिस आत्मविश्वास और रचनात्मकता के साथ अपने मॉडल प्रस्तुत किए, वह प्रशंसनीय है। ऐसे कार्यक्रम बच्चों में टीमवर्क, नवाचार और प्रस्तुति कौशल को विकसित करते हैं। विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने कहा कि यह एग्जिबिशन बच्चों के सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। हमारा प्रयास है कि प्रत्येक बच्चा अपनी प्रतिभा को निखार सके और भविष्य के लिए मजबूत आधार तैयार कर सके।

मेयर विकास शर्मा ने विद्यालय की सराहना करते हुए कहा कि बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय का प्रयास प्रेरणादायक है। उन्होंने यह भी कहा कि ऐसे आयोजन शहर के शैक्षणिक माहौल को नई दिशा देते हैं। प्रदर्शनी के समापन पर अभिभावकों ने विद्यालय प्रबंधन और शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा की तथा बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम में मेयर विकास शर्मा, विद्यालय प्रशासिका परविंदर पुरी, प्रधानाचार्या गायत्री खन्ना, उप प्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा, मानसी अन्य अध्यापक गण मौजूद रहे।

## हल्द्वानी में 18 को होगी कर्मचारी यूनियन की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तरांचल रोडवेज कर्मचारी यूनियन, नैनीताल मंडल की बैठक 18 दिसंबर को हल्द्वानी में आयोजित की जाएगी।

बैठक में प्रदेश पदाधिकारी, मंडलीय पदाधिकारी तथा नैनीताल मंडल की सभी शाखाओं के पदाधिकारी प्रतिभाग करेंगे। क्षेत्रीय मंत्री मनिंदर सिंह ने बताया कि बैठक में उत्तराखंड परिवहन निगम में कार्यरत विशेष श्रेणी, संविदा, तकनीकी, उपनल एवं पीआरडी कार्मिकों को नियमितीकरण का लाभ दिलाने को लेकर चर्चा की जाएगी। साथ ही संगठन को सुदृढ़ करने और कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं को उठाकर उनके निस्तारण पर भी विचार किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसी क्रम में 17 दिसंबर को देहरादून मंडल की बैठक देहरादून में और 19 दिसंबर को टनकपुर मंडल की बैठक टनकपुर में आयोजित की जाएगी।

## ई-रिक्शा व सीएनजी ऑटो चालकों में कहासुनी, पुलिस ने कराया मामला शांत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** रविवार को ब्लॉक कार्यालय के सामने ई-रिक्शा और सीएनजी ऑटो चालकों के बीच कहासुनी हो गई।यह विवाद ब्लॉक कार्यालय के सामने उस समय हुआ। जब दोनों पक्ष सवारी बैठाने को लेकर आपस में उलझ गए। देखते ही देखते मामूली कहासुनी ने तनावपूर्ण स्थिति का रूप ले लिया। एक पक्ष ने मारपीट में की। घटना को देख मौके पर काफी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्र हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही बाजपुर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और पुलिस ने दोनों पक्षों को समझा-बुझाकर मामला शांत कराया। गनीमत रही कि समय रहते पुलिस पहुंच गई। जिससे कोई बड़ा विवाद या अप्रिय घटना नहीं हुई। मौजूद लोगों ने बताया कि सवारी को लेकर अक्सर ई-रिक्शा और ऑटो चालकों के बीच नोकझोंक होती रहती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि ऐसे स्थानों पर यातायात व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों को शांति बनाए रखने की हिदायत दी गई है। साप्ताहिक बाजार के चलते पुलिस प्रशासन ने ई-रिक्शा चालकों को एक दिन के लिए शहर के अंदर एंट्री करने के लिए अनुमित दी थी।

## रद्द किए जाएं मजदूर विरोधी चार लेबर कोड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** अखिल भारतीय मजदूर अधिकार दिवस के अवसर पर रविवार को रुद्रपुर में मजदूर संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। मजदूर अधिकार संघर्ष अभियान (मासा) के आह्वान पर गांधी पार्क में धरना-प्रदर्शन, सभा आयोजित की गई और मुख्य बाजार में रैली निकाली गई। इसमें बड़ी संख्या में मजदूरों ने भाग लिया। प्रदर्शन के दौरान मजदूर संगठनों ने राष्ट्रपति को 12 सूत्रीय और मुख्यमंत्री को 17 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में मजदूर विरोधी चार श्रम संहिताओं को रद्द करने, निजीकरण पर रोक लगाने और मजदूर अधिकारों की बहाली की मांग की गई। वक्ताओं ने कहा कि सरकार द्वारा लागू की गई श्रम संहिताएं मजदूरों के हितों के खिलाफ हैं, जिससे उनके अधिकार कमजोर हुए हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि बेरोजगारी और महंगाई लगातार बढ़ रही है, जबकि सामाजिक और सार्वजनिक संसाधनों का तेजी से निजीकरण किया जा रहा है। इससे मेहनतकश वर्ग पर अतिरिक्त बोझ पड़ रहा है। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा नीतियों से मजदूरों की नौकरियां छिन रही हैं और उन्हें महंगे जीवन यापन के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने मजदूरों से एकजुट होकर अपने अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष तेज करने का आह्वान किया। रैली में महिला मजदूरों सहित सैकड़ों श्रमिकों की भागीदारी रही।

प्रदर्शन के अंत में सरकार से मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की गई। इस दौरान सीएसटीयू के मुकुल, आईएमके के रोहित, श्रमिक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष दिनेश तिवारी सहित विभिन्न श्रमिक संगठनों और यूनियनों के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

# 16 दिसंबर: विजय दिवस भारतीय सेना के शौर्य और पराक्रम की अमर गाथा

- भारतीय सैन्य इतिहास का स्वर्णिम अध्याय



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** 16 दिसंबर भारतीय सेना के शौर्य, साहस और पराक्रम का ऐसा दिन है, जिसे सैन्य इतिहास में स्वर्ण अक्षरों में दर्ज किया गया है। इसी दिन वर्ष 1971 में भारतीय सेना ने वह ऐतिहासिक विजय प्राप्त की, जिसने विश्व इतिहास में सबसे बड़े सैन्य आत्मसमर्पण की मिसाल कायम की।

1971 के भारत-पाक युद्ध में पाकिस्तानी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एएके नियाजी ने अपने 93,000 सैनिकों के साथ भारतीय सेना के तत्कालीन पूर्वी कमान प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल जगजीत सिंह अरोड़ा के समक्ष आत्म समर्पण किया। इससे पहले विश्व इतिहास में इतनी बड़ी संख्या में किसी सेना ने एक साथ आत्मसमर्पण नहीं किया था। पूर्व सैनिक लीग के जिलाध्यक्ष कैप्टन आरएस देव के अनुसार 3 दिसंबर 1971 को पाकिस्तान ने भारत पर अचानक हमला कर युद्ध की शुरुआत की। इसके बाद तत्कालीन प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने थल सेनाध्यक्ष फील्ड मार्शल सैम मानेकशॉ से परामर्श कर युद्ध की औपचारिक घोषणा की। भारतीय सेना ने महज 13 दिनों के भीतर अद्भुत रणनीति, साहस और समन्वय का परिचय देते हुए पाकिस्तानी सेना को निर्णायक पराजय दी। इस युद्ध में भारतीय सेना के 2,473 वीर सैनिक मातृभूमि की रक्षा करते हुए शहीद हुए। उनकी शहादत ने इस विजय को और भी गौरवशाली बना दिया। यह जीत भारतीय सेना के शौर्यपूर्ण इतिहास में एक अमिट अध्याय बन गई, जिसे आज पूरा देश गर्व के साथ स्मरण करता है। चंपावत जिला वीर प्रसूता धरती के रूप में जाना जाता है। यहां की माताओं ने ऐसे सपूतों को जन्म दिया है, जिन्होंने देश की रक्षा के लिए अद्वितीय साहस और पराक्रम का परिचय दिया।

वीर चक्र प्राप्त कैप्टन कर्म सिंह सामंत (नीडल गांव, नेपाल सीमा क्षेत्र) ने 1947-48 के भारत-पाक युद्ध में बारामूला सेक्टर में जान जोखिम में डालकर दुश्मन पर निर्णायक हमला किया और लगभग 90 शत्रु सैनिकों को निष्क्रिय कर अपनी टुकड़ी को सुरक्षित रखा। अमर शहीद नायक पूर्ण चंद (3 पैरा रेजीमेंट) वर्ष 1997 में गाजा पट्टी में तैनाती के दौरान अपनी टुकड़ी को बचाते हुए बारूदी सुरंग विस्फोट में शहीद हुए। उन्हें मरणोपरांत अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। कप्तान उमेद सिंह (जनकांडे) ने 1971 में नागालैंड में अभियान के दौरान अदम्य साहस का परिचय देते हुए वीरगति पाई। उन्हें भी मरणोपरांत अशोक चक्र प्रदान किया गया। चार पैरा बटालियन के सिपाही राम सिंह को उनकी वीरता और जांबाजी के लिए अशोक चक्र से सम्मानित किया गया। पाटन के सूबेदार मेजर कल्याण सिंह ने 1984 में पंजाब में आतंकवाद विरोधी अभियान के दौरान आतंकियों को मुंहतोड़ जवाब दिया, जिसके लिए उन्हें शौर्य चक्र प्रदान किया गया।

मोहन सिंह, बलवीर सिंह (रौतली मेहरा), रमेश सिंह (तडांग), तथा दीवान सिंह तड़ागी जैसे अनेक वीरों को शौर्य, कीर्ति और अन्य वीरता पदकों से सम्मानित किया गया। इन वीर सपूतों की गाथाएं चंपावत की मिट्टी को गौरवान्वित करती हैं और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं।

विजय दिवस केवल अतीत की स्मृति नहीं, बल्कि वर्तमान और भविष्य के लिए संकल्प का दिन है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि राष्ट्र की स्वतंत्रता, एकता और अखंडता यूं ही सुरक्षित नहीं रहती इसके पीछे पीढ़ियों का त्याग, अनुशासन और अदम्य साहस छिपा है। चंपावत जैसे सीमांत और पर्वतीय जिले यह प्रमाणित करते हैं कि देश की रक्षा केवल सीमाओं पर तैनात सैनिकों तक सीमित नहीं है, बल्कि हर उस परिवार तक फैली है, जिसने अपने बेटे को तिरंगे की शान के लिए समर्पित किया। आज आवश्यकता है कि हम विजय दिवस को केवल समारोह तक सीमित न रखें, बल्कि शहीदों के सपनों का भारत बनाने का संकल्प लें-एक सशक्त, आत्मनिर्भर और राष्ट्रहित सर्वोपरि रखने वाला भारत।

# कनाडा भेजने के नाम पर लाखों रुपये हड़पे

- कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** उच्च शिक्षा के लिए कनाडा भेजने के नाम पर दम्पत्ति द्वारा लाखों रुपये की धोखाधड़ी कर हड़प लेने का मामला प्रकाश में आया है। कोर्ट के आदेश पर आरोपियों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया गया है।

रणधीर सिंह पुत्र स्व. अग्रेज सिंह निवासी ग्राम नेताजी नगर, दिनेशपुर ने गुरबाज सिंह गिल पुत्र बलवीर सिंह व मनदीप कौर पत्नी गुरबाज सिंह गिल निवासीगण बिलासपुर, रामपुर के विरूद्ध दर्ज कराई रपट में आरोप लगाया है कि वह अपने भतीजे जसराज सिंह पुत्र बलदीप सिंह निवासी उम्मीदपुर, पोस्ट करनपुर, रामनगर नैनीताल को उच्च शिक्षा हेतु कनाडा भेजना चहता था। उसने गुरबाज सिंह गिल पुत्र बलवीर सिंह व उसकी पत्नी मनदीप कौर से बात की। दोनों लोग स्टडी वीजा एवं वर्क वीजा पर विदेश भेजने का काम करते है। एक अप्रैल 2024 को गुरबाज सिंह गिल व मनदीप कौर उसके भूरारानी गेट रुद्रपुर आफिस में आए और विश्वास दिलाया कि भतीजे को स्टडी वीजा पर कनाडा भिजवा देंगे, जिसमें आपका लगभग 27 लाख रुपया खर्चा आएगा। जिस पर विश्वास कर उन्हें तीन लाख रुपये नगद दिए। जिसके बाद गुरबाज सिंह व मनदीप कौर के कहने पर 11 अप्रैल 2024 को 13,08,829 रुपये व 10,43,800 रुपये 22 मई 2024 को उनके बताए खाते में ट्रांसफर किए गए । 10 जनवरी 2025 को उसके द्वारा 12 जनवरी 2025 की कनाडा की कथेपैसिफिक एयरलाईन की टिकट करवाई गई।

जैसे ही जसराज सिंह कनैडियन एम्मीग्रेशन पर पहुंचा तो वहां गुरबाज सिंह व उसकी पत्नी द्वारा दिए गए दस्तावेजों को फर्जी बताया गया व जसराज सिंह पर पांच हजार डॉलर का जुर्माना लगा दिया और तुरन्त अगली फ्लाईट से वापस भेज दिया।

पता चला कि गुरबाज सिंह गिल व मनदीप कौर द्वारा जसराज सिंह का फर्जी वीजा एवं शिक्षा के कागजात भी फर्जी बनाए गए हैं। जब उनसे फोन पर सम्पर्क करने की कोशिश की तो उन्होंने गालियां देते हुए कहा तुम्हारे सारे पैसे हड़प लिए हैं और धमकी दी कि दोबारा पैसे मांगे तो जान से मार देंगे। रणधीर सिंह का आरोप है कि उसके कुल 29.52.629 रुपये छल पूर्वक गबन कर लिए हैं। मामले की शिकायत पुलिस से करने पर भी पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपी दम्पत्ति के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## एक नजर

# हाथियों के बढ़ते खतरे को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** हाथियों के बढ़ते खतरे को देखते हुए रेंज अधिकारी किलपुरा मनोज कुमार पांडे के निर्देश पर वन विभाग की टीम ने रविवार को खेतलसंडा मुस्ताजर गांव में जागरूकता अभियान चलाया।

अभियान के तहत ग्रामीणों को जंगली जानवरों से सुरक्षित रहने और सावधानी बरतने के उपायों की जानकारी दी गई। टीम ने ग्रामीणों को अनावश्यक रूप से जंगल न जाने की हिदायत दी और जंगल में प्रवेश करते समय विशेष सतर्कता बरतने की अपील की। साथ ही जंगली जानवरों से स्वयं की सुरक्षा करने और इस कार्य में वन विभाग का सहयोग करने का आग्रह किया गया। वन विभाग ने बताया कि किलपुरा रेंज में हाथियों की संख्या अधिक है। ग्रामीण अक्सर जानवरों के लिए चारा और चूल्हा जलाने के लिए लकड़ी लेने जंगल जाते हैं, जिससे उनके हाथियों के संपर्क में आने का खतरा बना रहता है। वर्तमान समय में हाथी ऊपरी क्षेत्रों से निचले इलाकों की ओर आ रहे हैं, जिससे खतरा और बढ़ गया है। ऐसे में ग्रामीणों में जागरूकता बेहद जरूरी है। अभियान के दौरान वन दरोगा खीमानंद आर्य, हरीश चौसाली सहित वन विभाग के कई कर्मचारी मौजूद रहे।

# धमौला में यात्री बस पलटी आधा दर्जन लोग गंभीर घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर-हल्द्वानी मोटर मार्ग पर रविवार शाम एक भीषण सड़क हादसा हो गया। कालाढूंगी थाना क्षेत्र के धमोला इलाके में एक पैसेंजर बस और कार के बीच जोरदार टक्कर के बाद बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खेत में जा पलटी।



हादसे में 6 से 7 यात्रियों के गंभीर रूप से घायल होने की सूचना है, जबकि कई अन्य यात्रियों को भी चोटें आई हैं।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा शाम के समय उस वक्त हुआ, जब बस रामनगर से हल्द्वानी की ओर जा रही थी। बस में 35 से अधिक यात्री सवार थे, जिनमें कुछ यात्री खड़े होकर भी सफर कर रहे थे। धमोला के पास बस के आगे चल रही एक कार अचानक कुत्ते को बचाने के प्रयास में इमरजेंसी ब्रेक लगा बैठी। पीछे चल रही बस के चालक ने भी कार को बचाने के लिए अचानक ब्रेक लगाए, लेकिन तेज रफ्तार के चलते बस का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क किनारे खेत में पलट गई।हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल बस में फंसे यात्रियों को बाहर निकाला और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही कालाढूंगी पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और रामनगर के रामदत्त संयुक्त चिकित्सालय भेजा गया है, जहां उनका उपचार जारी है।

रामनगर सीओ सुमित पांडे ने बताया कि यह हादसा आज शाम धमोला क्षेत्र में हुआ है। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि बस के आगे चल रही कार के चालक ने अचानक ब्रेक लगाया, जिससे पीछे आ रही बस पलट गई। बस में करीब 30 से 35 सवारियां मौजूद थीं। वहीं बस में सवार एक यात्री ने बताया कि वे रामनगर से हल्द्वानी की ओर जा रहे थे और बेलपड़ाव से बस में सवार हुए थे, उस समय बस पूरी तरह भरी हुई थी और 8 से 10 यात्री खड़े भी थे। उन्होंने बताया कि धमोला के पास बस अचानक पलट गई। उनके अनुसार बस में 6 से 7 यात्री गंभीर रूप से घायल हुए हैं और कुल मिलाकर बस में 40 से अधिक लोग सवार थे।

# दो छात्रों का रेलवे में तकनीशियन पद पर चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राजकीय जनजाति छात्रावास के दो छात्रों का रेलवे में तकनीशियन पद पर चयन हुआ है। जनजाति छात्रावास के छात्र सुरविंदर राणा और रवि राणा ने विषम परिस्थितियों में अध्ययन कर यह सफलता हासिल की। छात्रावास प्रबंधक नरेंद्र गंगवार ने दोनों छात्रों को पुरस्कृत किया। उन्होंने बताया कि पिछले वर्ष भी एक छात्र का स्टेशन मास्टर पद पर चयन हुआ था, जबकि पूर्व वर्षों में छात्रावास के कई छात्र एसएसबी, एसएससी, सीआरपीएफ और आईटीबीपी में नियुक्त हो चुके हैं। उन्होंने बताया कि निदेशक संजय टोलिया, अपर निदेशक योगेंद्र रावत और समन्वयक राजीव सोलंकी का विशेष सहयोग रहा।

# विधायक ने तहसीलदार को पोल्ट्री फार्म के खिलाफ जांच कर कार्रवाई के दिए निर्देश

- विधायक के एक्शन से बागवाला में चल रहे लोगों का आक्रोश हुआ शांत
- पोल्ट्री फार्म से होने वाली गंदगी, मक्खी-मच्छरों से जनता थी त्रस्त, लोग बैठे थे धरने पर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** विगत काफी समय से पोल्ट्रीफार्म के आस पास लगे बागवाला गांव के काफी क्षेत्रों में हवा का दूषित होना व मक्खी, मछरों की मात्रा इतनी अधिक हो गई, जिससे लोगों का अपने घरों में रहना दुस्वार हो गया है। ऐसे में लोगों का आक्रोश इतना बढ़ गया कि लोगों ने पोल्ट्रीफार्म बंद करने की मांग लेकर धरने पर बैठ गए। वही मौके पर पहुंचे विधायक शिव अरोरा ने पीड़ित लोगों की समस्या को सुना और मौके की स्थिति को देखा तो बोले वह स्वयं महसूस कर रहे हैं पोल्ट्रीफार्म के आस पास के क्षेत्र में इतना दूषित वातावरण गन्दी बदबू और मक्खियों मच्छर जो हवा में उनको भी नजर आ रहे हैं। निश्चित रूप से यह बागवाला स्थित पोल्ट्रीफार्म की घोर लापरवाही है, जो अपने मानकों को पूरा नहीं कर रहा है, जिस कर के ग्रामीण लोग दरी बिछाने को विवश हुए।

विधायक ने तत्काल मौके पर आक्रोषित लोगों के सामने रुद्रपुर तहसीलदार से दूरभाष पर वार्ता की और कहा यह पोल्ट्री फार्म की लापरवाही के कारण आस पास के लोगों का अपने घर पर रहना दुश्वर हो गया है। बुजुर्ग, छोटे बच्चों को बीमारी का खतरा बना हुआ है। ऐसे में इनके स्वास्थ को ध्यान मे देखते हुए एक कमेटी गठित कर पोल्ट्रीफार्म की जांच होनी चाहिए या तो इस प्रकार फैली गन्दी को पोल्ट्रीफार्म सुधार करे या फिर अपने मानकों के अनुरूप कार्य करे। विधायक ने सख्ती से निर्देशित करते हुए तहसीलदार को ठोस कार्यवाही करने की बात कही। अब कमेटी सोमवार को जांच हेतु उक्त स्थान पर जाएगी और उसके बाद अपनी जांच सौंपेगी उसके बाद कार्यवाही सुनिश्चित होंगी। विधायक की प्रशासनिक अधिकारी से वार्ता बाद ग्रामीणों का गुस्सा शांत हुआ और उनहोंने धरना समाप्त किया। इस दौरान ग्राम प्रधान भगवानपुर विनीत सोलंकी, भरत मिश्रा, सुधीर चौधरी, राजीव शुक्ला, राम सिंह,रामजी सिंह, हरजीत सिंह, बंटी त्रिपाठी, कुलदीप सिंह, आयुष चिलाना, सत्यसुकांत गुप्ता,राजू सिंह, अरविन्द यादव, हरीश चंद, हरि किशन, सुकेश, मनीष कुमार, राजा राम, राजदेव सागर, साधु सरण, अंकित वर्मा, मनोज चौधरी, महगूप्रसाद शर्मा, कविता, कुसुम चौधरी, इंदु चौधरी, मुनेश चौधरी, पूनम चौधरी, लक्ष्मी जायसवाल, महेंद्र गुसाई सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# स्कूटी और बाइक की आमने-सामने टक्कर में दो युवक गंभीर रूप से घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर। रामनगर में रविवार सुबह तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो युवक गं**भीर रूप से घायल हो गए,यह हादसा रामनगर के तेलीपुरा क्षेत्र में उस समय हुआ, जब स्कूटी और बाइक की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों वाहन सवार सड़क पर दूर जा गिरे और गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार रामनगर रेलवे कॉलोनी निवासी 17 वर्षीय मयंक वर्मा अपनी बहन दिव्यांशी को रोज की तरह तेलीपुरा स्थित एक प्लाईवुड फैक्ट्री छोड़ने जा रहा था, जहां दिव्यांशी कार्यरत है। इसी दौरान सामने से आ रहे रामनगर के गुलरघट्टी निवासी 24 वर्षीय अफसार की बाइक से तेलीपुरा के पास स्कूटी की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए घायलों की मदद की और 108 एंबुलेंस सेवा को सूचना दी,कुछ ही देर में दोनों घायलों को एंबुलेंस के माध्यम से रामनगर के संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया गया। संयुक्त चिकित्सालय में चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद दोनों युवकों की हालत गंभीर देखते हुए उन्हें हायर सेंटर हल्द्वानी रेफर कर दिया।

# महिला ने फांसी लगाकर दी जान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** ननद से हुई मामूली कहासुनी के बाद एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

कोतवाल सुशील कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि रविवार की सुबह मंजू पत्नी कमल सिंह निवासी कासमपुर जसपुर उम्र 21 वर्ष हाल निवासी पम्प हाउस परिसर, ख्वाजपुर पिरूमदारा कोतवाली रामनगर ने अपने दुपट्टे से लटक कर आत्महत्या कर ली। आत्महत्या पम्प हाउस परिसर में बने सरकारी आवास में की। मृतका के जेठ सोनू सागर जल संस्थान, ख्वाजपुर पिरूमदारा में संविदा पर काम करते हैं। मृतका मंजू और ननद चांदनी के बीच बच्चे को लेकर कहासुनी हुई थी। गुस्से में आकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय मृतका के पति कमल सिंह गाड़ी में सवारी लेकर मुरादाबाद गया हुआ था।

मृतका की शादी 3 साल पहले हुई थी और उसकी यशीका 01वर्ष की बेटी है।मृतका मंजू को उसकी जेठानी रेवती और ननद चांदनी ने नीचे उतारा और अस्पताल पास ले गए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# जिलाधिकारी मनीष कुमार की अनूठी पहल

- मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति में सफल नौनिहालों का आवास पर सम्मान
- डीएम ने बच्चों व शिक्षकों के साथ साझा किया भोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चम्पावत।** मॉडल जिले को विकास की तेज रफ्तार देने वाले जिलाधिकारी मनीष कुमार हर उस अवसर को खास बना देते हैं, जिसमें जिले की शान बढ़ाने वाले लोगों को सम्मानित किया जा सके। रविवार को जिलाधिकारी ने एक ऐसा ही अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया, जब उन्होंने मुख्यमंत्री छात्रवृत्ति योजना में सफल हुए छोटे-छोटे बच्चों एवं उनके शिक्षकों को अपने आवास पर आमंत्रित कर न केवल सम्मानित किया, बल्कि उनके साथ सामूहिक भोजन कर उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।

लगभग तीन घंटे चले इस आत्मीय कार्यक्रम में जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बच्चों से संवाद किया, उनके सपनों को सुना और मेहनत, अनुशासन व निरंतर प्रयास से ऊंची उड़ान भरने का मंत्र दिया। इस अवसर पर राउमावि खूनाबोरा के जीवन सिंह एवं मीनाक्षी रौतेला, जूनियर हाईस्कूल फोर्ती के रवि जोशी, प्राथमिक विद्यालय पासम की करिश्मा, प्राथमिक विद्यालय रैघाव की आरती सहित गणतंत्र दिवस परेड के लिए चयनित तीन एनसीसी कैडेट्स को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर मार्गदर्शक शिक्षक प्रकाश चन्द्र उपाध्याय, नरेश जोशी एवं दिनेश खम्पा भी उपस्थित रहे। जूनियर हाईस्कूल फोर्ती के छात्र रवि जोशी के साथ उनकी माता लक्ष्मी जोशी भी इस यादगार क्षण की साक्षी बनीं। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी केएन गोस्वामी, मुख्य विकास अधिकारी डा. जीएस खाती ने भी बच्चों का मार्गदर्शन किया।

# नोटिसों और नक्शा पास कराने की जटिल प्रक्रिया को लेकर की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** टैक्स बार एसोसिएशन रामनगर ने रामनगर क्षेत्र में विकास प्राधिकरण द्वारा लगातार जारी नोटिसों और नक्शा पास कराने की जटिल प्रक्रिया को लेकर एक निजी रिसॉर्ट में बैठक आयोजित की। बैठक में टैक्स बार के पदाधिकारियों के अलावा विभिन्न सामाजिक संगठनों, प्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों ने भी हिस्सा लिया।



रामनगर टैक्स बार के अध्यक्ष पूरन पाण्डेय को दी जानकारी में ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि विकास प्राधिकरण द्वारा की जा रही कार्रवाइयों से आम जनता गहरे तनाव में है। कई ग्रामीण अपने निजी आवासों और गौशालाओं का निर्माण कर रहे हैं, फिर भी प्राधिकरण की ओर से उन्हें नोटिस भेजे जा रहे हैं, जिससे लोगों में नाराजगी और भ्रम की स्थिति बनी हुई है। रामनगर टैक्स बार के उपसचिव मनु अग्रवाल ने बताया कि विकास प्राधिकरण की वर्तमान कार्यप्रणाली शक के घेरे में है। ग्रामीणों का कहना है कि वे वर्षों से अपने पारंपरिक ढांचे व जरूरतों के अनुरूप छोटे स्तर पर निर्माण करते आए हैं, लेकिन अब हर निर्माण को व्यावसायिक मानकर नोटिस भेजे जा रहे हैं, जो कि गलत है। टैक्स बार सचिव गौरव गोला ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति होटल, रिजॉर्ट या व्यावसायिक प्रतिष्ठान का निर्माण करता है, तो विकास प्राधिकरण द्वारा नक्शा पास कराना उचित और नियमानुसार है लेकिन निजी आवासों, गौशालाओं और छोटे घरेलू निर्माणों पर कार्रवाई करना गलत है। यहां टैक्स बार उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी, सदस्य बलविंदर कोहली, विशाल रस्तोगी, मनोज बिष्ट, भोपाल रावत, विशाल रस्तोगी, पूरन पाण्डेय, मनु अग्रवाल, गौरव गोला, मनोज बिष्ट, गुलरेज रजा, फिरोज अंसारी, विशाल रस्तोगी, भोपाल रावत आदि मौजूद रहे।

# एल्डेको रासीना एस्टेट, रुद्रपुर में शो विला का हुआ भव्य अनावरण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** उत्तराखण्ड-उत्तर भारत के सबसे विश्वसनीय और प्रतिष्ठित रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक एल्डेको ने आज रविवार को अपनी बहुप्रतीक्षित परियोजना 'एल्डेको रासीना एस्टेट, रुद्रपुर' में आधुनिक और सुसज्जित शो विला का भव्य अनावरण किया। यह कार्यक्रम महापौर विकास शर्मा एवं गदरपुर के चेयरमैन मनोज गुम्बर की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। यह महत्वपूर्ण अवसर परियोजना के प्रीमियम जीवनस्तर और उत्कृष्ट डिजाइन अनुभव को संभावित खरीदारों के समक्ष प्रस्तुत करता है।

रुद्रपुर के सबसे पसंदीदा और तीव्र विकासशील क्षेत्रों में स्थित एल्डेको रासीना एस्टेट को एक उच्चस्तरीय आवासीय समुदाय के रूप में विकसित किया जा रहा है, जो आधुनिक वास्तुकला, सुविचारित नियोजन और हरित परिवेश का संतुलित अनुभव प्रदान करेगा। नव-उद्घाटित शो विला खरीदारों को परियोजना के विस्तृत लेआउट, उन्नत विनिर्देशों तथा बारीकी से की गई डिटेलिंग का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करता है। इस अवसर पर परियोजना स्थल पर निर्माण कार्य की प्रगति की भी जानकारी साझा की गई। संरचनात्मक निर्माण, आंतरिक सड़क नेटवर्क तथा विभिन्न आधारभूत ढांचों का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है, जो गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध डिलीवरी के प्रति एल्डेको की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर एल्डेको के प्रवक्ता ने कहा शो विला का अनावरण हमारी पारदर्शिता और ग्राहक विश्वास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। अब खरीदार स्वयं उस जीवनशैली का अनुभव कर सकते हैं जिसे हम एल्डेको रासीना एस्टेट में साकार कर रहे हैं। तेजी से प्रगति कर रहे निर्माण कार्य के साथ यह परियोजना रुद्रपुर के प्रमुख आवासीय स्थलों में से एक बनने की दिशा में अग्रसर है। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने परियोजना की गुणवत्ता, नियोजन और रुद्रपुर क्षेत्र में इसके सकारात्मक योगदान की सराहना की। शो विला अब आगंतुकों के लिए खुला है, जहां इच्छुक खरीदार परियोजना की उत्कृष्ट और आरामदायक जीवनशैली की झलक प्राप्त कर सकते हैं।

# लोहाघाट नगर को मुख्यमंत्री की ऐतिहासिक सौगात

## 84.46 करोड़ की पेयजल योजना को मिली हरी झंडी



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** नगर के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ऐसी ऐतिहासिक सौगात दी है, जिसे नगरवासी जीवन भर याद रखेंगे। लंबे समय से पेयजल संकट से जूझ रहे लोहाघाट के लिए 84.46 करोड़ रुपये की लागत से प्रस्तावित लिफ्ट पेयजल योजना को मुख्यमंत्री ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस बहुप्रतीक्षित योजना को हरी झंडी मिलने से नगर में खुशी की लहर दौड़ गई है।

अब तक पानी के अभाव में लोहाघाट नगर के लोगों को तीसरे व चौथे दिन मात्र 30 से 35 लीटर पानी पर निर्भर रहना पड़ता था। इस गंभीर समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने महिला सम्मेलन के दौरान बहनों को आश्वासन दिया था कि लोहाघाट की पेयजल समस्या का स्थायी समाधान किया जाएगा। आज वह वादा धरातल पर उतरता दिखाई दे रहा है। जिलाधिकारी मनीष कुमार ने बताया कि इस लिफ्ट पेयजल योजना के पूरा होने से नगरवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। वर्षों से चली आ रही पेयजल समस्या का स्थायी समाधान होगा। योजना को तीन वर्षों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है, हालांकि अब जल निगम के सामने इसे समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने की बड़ी चुनौती होगी।

आपूर्ति जल निगम के अधिशासी अभियंता अशोक स्वरूप के अनुसार 84.46 करोड़ रुपये की लागत वाली इस योजना के अंतर्गत विभाग को पांच वर्षों तक अनुरक्षण की जिम्मेदारी भी निभानी होगी। योजना के तहत सरयू नदी से चार चरणों में राइजिंग मेन के माध्यम से मरोड़खान तक पानी लाया जाएगा। इसके लिए 200 से 250 मिलीमीटर मोटाई के पाइप बिछाए जाएंगे। इस योजना के माध्यम से प्रतिदिन 3.92 एमएलडी पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। नगर की पेयजल समस्या के समाधान के लिए लंबे समय से संघर्ष कर रहे नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ नेता सतीश चंद्र पांडे, भाजपा जिला अध्यक्ष गोविंद सावंत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस ऐतिहासिक निर्णय के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है। यह योजना न केवल लोहाघाट की प्यास बुझाएगी, बल्कि नगर के विकास को भी नई गति देगी।

# खेत की मेढ़ को लेकर विवाद, सात लोगों पर मामला दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** वनगढ़ गोबरा गांव में खेत की मेढ़ को लेकर हुए विवाद ने तूल पकड़ लिया। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बन्नाखेड़ा के अंतर्गत गांव वनगढ़ गोबरा निवासी ज्ञानो कौर पत्नी बलविंदर सिंह ने कोतवाली में दी तहरीर में बताया कि 10 दिसंबर की रात्रि बीच खेत की मेढ़ को लेकर विवाद के चलते गांव के ही कुछ लोग उनके घर पहुंचे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे आरोप लगाया कि हमलावरों ने धारदार हथियारों से हमला किया। ये भी आरोप है कि अगले दिन फिर ये लोग घर में घुसे और जानलेवा हमला किया। जिसमें बलविंदर सिंह और ज्ञानो कौर को गंभीर चोटें आईं। पीड़ित पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तहरीर में नामजद सात लोगों के खिलाफ गज्जन सिंह पुत्र जीत सिंह, अजय सिंह पुत्र छिंदर, बॉबी पुत्र प्रेम सिंह, विजय सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह, जीत सिंह, राणो कौर पत्नी सुखविंदर सिंह, जशन सिंह पुत्र सुखविंदर सिंह व अन्य के विरुद्ध विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया है।

# नैनीताल जनपद को नाबार्ड से मिली बड़ी सौगात

## 1.88 करोड़ से अधिक की अनुदान सहायता से 3 मेगा विकास परियोजनाओं को मिली स्वीकृति

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के लिए राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा तीन बड़ी और महत्वाकांक्षी विकासात्मक परियोजनाओं को अनुदान सहायता के अंतर्गत स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं के माध्यम से कुल 1.88 करोड़ से अधिक की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। ये सभी परियोजनाएं नाबार्ड की बड़ी श्रेणी की अनुदान परियोजनाओं में शामिल हैं जिनकी स्वीकृति उसराखंड राज्य में बहुत सीमित संखया में दी जाती है। यह विशेष रूप से उल्लेखनीय है कि हाल ही में राज्य में स्वीकृत ऐसी गिनी चुनी बड़ी परियोजनाओं में से तीन परियोजनाएं नैनीताल जिले से संबंधित हैं जिनमें से दो परियोजनाएं केवल वैनीताल जिले में ही स्वीकृत की गई हैं जबकि एक परियोजना राज्य में स्वीकृत कुल दो परियोजनाओं में से एक है। मामले में जिला विकास प्रबंधक (नाबार्ड) नैनीताल मुकेश बेलवाल ने बाताया कि इन परियोजनाओं का मुख्य उद्देश्य जिले के ग्रामीण और दूरस्थ क्षेत्रों में सतत आजीविका के अवसर सृजित करना तथा प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना तथा स्थानीय समुदायों को सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने कहा कि जनजातीय विकास, ग्रामीण पर्यटन और जल एवं मृदा संरक्षण जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में इन परियोजनाओं के माध्यम से नैनीताल जिले के समग्र ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। कहा कि जनजातीय विकास निधि के अंतर्गत रामनगर विकासखंड में बुकसा जनजाति के 200 परिवारों के लिए चार वर्षों की अवधि की एक समेकित विकास परियोजना को स्वीकृति दी गई है। इस परियोजना की कुल वित्तीय लागत 2.05 करोड़ से अधिक है जिसमें नाबार्ड द्वारा 1.55 करोड़ से अधिक की अनुदान सहायता प्रदान की जाएगी। परियोजना के अंतर्गत बाग. वानी आधारित बाड़ी विकास, मधुमखी पालन, बकरी पालन तथा जल संरक्षण की सुविधाएं, महिला केंद्रित आजीविका गतिविधियां तथा तकनीकी और व्यावहारिक प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इससे जनजातीय परिवारों को दीर्घकालिक आय सुरक्षा मिलेगी, कृषि एवं पशुपालन आधारित आजीविका में विविधता आएगी और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से निपटने की क्षमता विकसित होगी।इसी क्रम में ग्रामय विकास निधि के अंतर्गत नैनीताल जिले के ज्योलीकोट क्षेत्र के चोपड़ा गांव में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु ग्राम विहार परियोजना को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस परियोजना की कुल वित्तीय लागत 22,92,100 रुपए है जिसमें से 20,67.510 रुपए की अनुदान सहायता नाबार्ड द्वारा स्वीकृत की गई है। यह परियोजना दो वर्षों की अवधि में क्रियान्वित की जाएगी और इसके अंतर्गत गांव के मौजूदा आवासों को पर्यटक आवास के रूप में विकसित करना, तंबू आधारित आवास सुविधाएं तैयार करना तथा स्थानीय हस्तशिल्प, लोक संगीत व लोक नृत्य और पारंपरिक भोजन को पर्यटन गतिविधियों से जोडना शामिल है। इससे ग्रामीण युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसर सृजित होंगे और गांव आधारित पर्यटन को सुदृढ़ आधार मिलेगा। इसके अतिरिक्त जलागम विकास निधि के अंतर्गत नैनीताल जिले के ओखलकांडा विकासखंड में अमजर जलागम विकास परियोजना के क्षमता निर्माण चरण को एक वर्ष की अवधि के लिए स्वीकृति प्रदान की गई है। इस चरण की कुल लागत 12,33,310 रुपए है जिसके सापेक्ष नाबार्ड द्वारा 11,70,806 रुपए की अनुदान सहायता स्वीकृत की गई है। इस परियोजना के अंतर्गत गौल नदी की उपपाटी में स्थित अमजर जलागम क्षेत्र में 60 क्षेत्र को क्षमता निर्माण चरण के अंतर्गत उपचार योगा क्षेत्र के रूप में शामिल किया गया है। संपूर्ण प्रस्तावित जलागम क्षेत्र 914.52 हेक्टेयर का है जिसमें से 852.02 हेकटेयर क्षेत्र उपचार योग्य है। यह परियोजना अमजर, सुवालकोट व सलकवार एवं सलकपार गांवों को आच्छादित करती है।

### मरम्मत कार्यों के लिए 4 करोड़ रुपये की स्वीकृति: डीएम

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने बताया कि राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत जिले में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपतियों के तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु शासन से प्राप्त 4 करोड़ की धनराशि को विभिन्न कार्यदाई संस्थाओं को मुहैया करा दी गई है। जिला. धिकारी ने अवगत कराया कि जिले में प्राकृतिक आपदा से क्षतिग्रस्त विभागीय परिसंपतियों की मरम्मत एवं पुनर्निर्माण हेतु विभिन्न कार्यदायी संस्था द्वारा मुहैया कराए गए प्रस्तावों की स्वीकृति से पूर्व सर्वप्रथम संबन्धित क्षेत्र के उपजिलाधिकारी से जांच कराई गई इसके उपरांत स्वीकृत प्रस्तावों को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में गठित मूल्यांकन व जिला कार्यकारिणी समिति के समक्ष रखा गया था समिति द्वारा की गई संस्तुति के आधार पर दैवीय आपदा से क्षतिग्रस्त विभिन्न प्रस्तावों को विभागीय/सार्वजनिक परिसंपतियों की तात्कालिक मरम्मत कार्यों हेतु राज्य आपदा मोचन निधि के अंतर्गत धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गई है जिसमें सिंचाई विभाग को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में क्षतिग्रस्त नहर के पुनर्निर्माण मरम्मत आदि कार्यों हेतु 3 करोड़ 10 लाख रुपये, पीएमजीएस वाई को क्षतिग्रस्त सडकों के सुधारीकरण/दीवारों आदि कार्यों के पुनर्निर्माण हेतु 1 करोड़ 28 लाख रुपये जबकि लोक निर्माण विभाग को 3 करोड़ 16 लाख लाख रुपये विभिन्न विकास खंडों को 25 लाख 68 हजार रुपये सहित अन्य विभागों को प्रस्तावों के अनुरूप धनराशि स्वीकृत की गई है। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदाई संस्थाओं को निर्देश दिए हैं कि आपदा मानकों के अनुरूप व स्वीकृत प्रस्तावों के अनुसार कार्य करते हुए उपयोगिता प्रमाण पत्र मुहैया कराना सुनिश्चित करेंगे।



## रातीघाट में ग्राम सम्मान समारोह




**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** उत्तराखण्ड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के दिशा निर्देशानुसार एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल/ जिला न्यायाधीश हरीश कुमार गोयल के निर्देशन में सिविल जज (सीडि)/ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल पारुल थपलियाल द्वारा रविवार को नैनीताल जिले के राजकीय इंटर कालेज रातीघाट में रोटरी क्लब के सहयोग से आयोजित चिकत्सा शिविर तथा ग्राम सम्मान समारोह का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल द्वारा किया गया। बता दें कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हाईकोर्ट के न्यायमूर्ति आलोक महरा उपस्थित रहे। इससे पूर्व समारोह का शुभारंभ मुखय अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस मौके पर राजकीय इंटर कालेज रातीघाट की छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया। शि. विर में सदस्य सचिव उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण प्रदीप कुमार मणि द्वारा विधिक सेवा प्राधिकरण के कार्यो के बारे मे विस्तार पूर्ण जानक. ारी दी। मुकदमा मुक्त ग्राम पहले योजना में प्रत्येक गाव मुकदमा मुक्त बने इसके लिए ग्राम प्रधान प्रयास करें का आग्रह भी किया। मुख्य अतिथि द्वारा बेतालघाट विकास खंड से मुक. दमा मुक्त ग्राम सम्मान पहल योजना के तहत चयनित 17 ग्रामों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिला न्यायधीश हरीश कुमार गोयल द्वारा न्यायमूर्ति का अपने संबोधन स्वागत आभार व्यक्त किया गया। अंत में न्यायमूर्ति आलोक माहरा द्वारा शिविर में आये जनमानस को संबो. धित किया। अंत में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल व रोटरी कलब के सदस्य द्वारा सभी का धन्यवाद ज्ञापन कर कार्यक्रम का समापन की घोषणा की गई। समारोह में खंड विकास अधिकारी का सहयोग रहा। इस मौके पर अपर जिला न्यायाधीश द्वितीय कुलदीप शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश, ओएसडी अभिषेक कुमार श्रीवस्ताव, शिविर जज सीनियर डिविजन हर्ष यादव, प्राधनाचार्य व समस्त रोटरी क्लब के सदस्य पीएलवी व ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## सांसद भट्ट ने किया माल रोड के कार्य का निरीक्षण

### जून तक काम पूरा करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल-ऊधमसिंह नगर के सांसद एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने रविवार को नैनीताल प्रवास के दौरान क्षतिग्रस्त माल रोड पर पड़ रही दरारों के स्थायी उपचार के कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लोनिवि के अधिकारियों को सखत निर्देश देते हुए कहा कि माल रोड का कार्य आगामी जून-2026 तक हर हाल में पूर्ण किया जाए। सांसद भट्ट ने कहा कि आने वाला समय पर्यटन सीजन का है ऐसे में सरकार द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर कार्य पूरा होना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि लोअर माल रोड में हुए धंसाव के बाद से देशभर में नैनीताल की सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई थी जिसके बाद सरकार ने इस महत्वपूर्ण सड़क के स्थायी समाधान के लिए कार्य प्रारंभ कराया। वर्तमान में आधुनिक तकनीक के माध्यम से माल रोड का ट्रीटमेंट किया जा रहा है। भट्ट ने बताया कि बालियानाला ट्रीटमेंट का कार्य भी नई और आधुनिक तकनीक के माध्यम से किया जा रहा है, ताकि समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जा सके।

### एसआईआर देशहित में आवश्यक: भट्ट

**नैनीताल।** नैनीताल प्रवास के दौरान संक्षिप्त वार्ता में सांसद अजय भट्ट ने एसआईआर को देशहित में आवश्यक बताया। उन्होंने कहा कि कुछ असामा. जिक तत्व फर्जी तरीके से अपने नाम मतदाता सूची में दर्ज कराकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को प्रभावित करने का प्रयास कर रहे हैं जो आने वाले समय में देश के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहा है और जो लोग भारत के नागरिक नहीं हैं या जिन्हें मतदान का कोई अधिकार नहीं है, उन्हें मतदाता सूची से बाहर करना जरूरी है। गलत लोग यदि नीति निर्धारण में वोट के माध्यम से दखल देंगे तो इससे देश अस्थिर हो सकता है। अजय भट्ट ने कहा कि एआईआर का विरोध करने वालों को बिहार चुनाव के दौरान करारा जवाब मिला है। आयोग द्वारा किए जा रहे कार्य बिल्कुल सही हैं और इसका विरोध करने वालों का परिणाम वहां के चुनाव में देखने को मिल चुका है। उन्होंने यह भी कहा कि कुछ विपक्षी दलों के नेताओं को वंदे मातरम कहने में संकोच होता है जबकि वंदे मातरम् किसी पार्टी का नहीं बल्कि देश के स्वतंत्रता आंदोलन का गीत है। दूसरी ओर सांसद अजय भट्ट ने 2027 के विधान सभा चुनावों को लेकर दावा किया कि उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश सहित जहां जहां भी चुनाव होंगे वहां भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत से जीत दर्ज करेगी।

## पक्षी एवं जैव-विविधता सर्वेक्षण का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी व प्राणी उद्यान नैनीताल के निदेशक आकाश गंगवार के निर्देशन में नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल एवं ओरियनटल टेऊ ल के सहयोग से चल रहे चार दिवसीय नयना देवी हिमालयन बर्ड कंजर्वेशन रिजर्व में पक्षी एवं जैव-विविधता सर्वेक्षण का रविवार को समापन हो गया। बता दें इस सर्वेक्षण का उद्देश्य क्षेत्र की पक्षी प्रजातियों एवं अन्य वन्यजीवों का दस्तावेजीकरण करना तथा प्रतिभागियों, वन विभाग के अधिकारियों और स्थानीय गाइडों के बीच सहयोग को सशक्त बनाना था। इस सर्वेक्षण का नेतृत्व अमित शंकल्या और कृति महतो, संस्थापक एवं सह-संस्थापक, द्वारा किया गया। कार्यक्रम नैनीताल वन प्रभाग नैनीताल के सहयोग से संपन्न हुआ, जिसमें प्रभागीय वनाधिकारी नैनीताल वन प्रभाग आकाश गंगवार और उप प्रभागीय वनाधिकारी ममता चंद का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। सर्वेक्षण में विभिन्न रेंज अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी रही, जिनमें वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल आनंद लाल, वन क्षेत्राधिकारी, नैना वन क्षेत्र ललित मोहन कार्की, वन क्षेत्राधिकारी, भवाली वन क्षेत्र विजय मेलकानी तथा वन क्षेत्राधिकारी, कोसी वन क्षेत्र मनोज भगत शामिल थे। इस सर्वेक्षण में देश के 9 राज्यों के कुल 42 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जो हिमालयी जैव-विविधता के प्रति राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ती रुचि को दर्शाता है। प्रतिभागियों द्वारा कुल 40 ट्रेल्स पर सर्वेक्षण किया गया, जिनमें बॉटनिकल गार्डन, किलबरी, विनायक, कुंजाखड़क, भवाली, महेशखान, चाफी और मुक्तेश्वर क्षेत्र शामिल थे। रविवार को समापन समा. राह हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर में आयोजित किया गया। सर्वेक्षण के समापन पर प्रतिभागियों के साथ फीडबैक एवं संवाद सत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम के समापन श्री आनन्द लाल, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा विभिन्न राज्यों से आये समस्त बर्ड वाचरों एवं ओरियनटल टेऊल के संस्थापक का धन्यवाद व्यक्त किया, तथा समस्त प्रतिभागी बर्ड वाचरों को प्रशस्ति पत्र वितरित किया गया, एवं अमित सांकल्य, संस्थापक ओरियनटल टेऊल एवं कृति सांकल्य को स्मृति चिह्न देकर सममानित किया गया। इस अवसर पर अरविन्द कुमार वन आरक्षी, हिमालयन बोटैनिकल गार्डन नारायणनगर, नितिन मुकेश वन आरक्षी नैनीताल प्राणी उद्यान, आनन्द सिंह सिस्टम एनालिस्ट एवं हिमालयन बोटैनिकल गार्डन, नारायणनगर के समस्त अधिक. ारी/कर्मचारी उपस्थित रहे। संचालन डा. रजनी रावत बोटनिस्ट ने किया।

## एक नजर

### कुमाऊं केशरी खुशी राम को याद किया

**नैनीताल।** शिल्पकार सभा नैनीताल द्वारा रविवार को कुमाऊं केशरी खुशी राम की 139 वीं जयंती समारोह का आयोजन किया, जिसकी अध्यक्षता सभा के उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद एवम संचालन मंत्री अनिल गोरखा ने किया। इस मौके पर सभी ने कुमाऊं केशरी खुशी राम के कार्यों को शिद्दत से याद किया। कार्यक्रम में मुखय अतिथि खुशी राम के पौत्र संजय कुमार संजू थे। उन्होंने बताया कुमाऊं केशरी खुशी राम ने सामा. जिक कार्यों में अपना सारा जीवन बिता दिया, जनेऊ कार्यक्रम चला कर उन्होंने समाज को जोड़ कर समाज को एक नई दिशा दी। सभा के संरक्षक केएल आर्य ने कहा कि खुशी राम ने मालधन में प्रत्येक परिवार को पांच पांच एकड़ जमीन आबंटन कर सैकड़ों परिवार को बसाया। कार्यक्रम में राजेंद्र प्रसाद, सुरेश कुमार, देवेंद्र प्रकाश, संजय कुमार तथा दीवान चंद्र आदि ने अपने विचार व्यकत किए।

### स्पर्श गंगा महोत्सव 17 दिसंबर को

**नैनीताल।** उत्तराखंड में 17 दिसंबर को स्पर्श गंगा अभियान का महोत्सव लेखक गाँव थानो (देहरादून) में आयोजित होगा। इस महोत्सव का आयोजन हिमालयन एजुकेशनल रिसर्च एंड डेवलपमेंट सोसाइटी (हर्डस), गढ़वाल विश्वविद्यालय, कुमाऊं विश्वविद्यालय, और स्पर्श हिमालयीय विश्वविद्यालय के सहयोग से किया जा रहा है। पूर्व केंद्रीय शिक्षा मंत्री और उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमेश पोखरियाल निशंक मुख्य अतिथि होंगे। स्पर्श गंगा अभियान, जो 2009 से सक्रिय है, गंगा और उसकी सहायक नदियों के संरक्षण के लिए काम कर रहा है। इस अभियान में पौधरोपण, स्वच्छता अभियान, और पालीथीन उन्मूलन जैसे कार्यक्रम शामिल हैं। महोत्सव में शिक्षक, पर्यावरणविद्, साहित्यकार, और सामाजिक कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस अवसर पर स्पर्श गंगा शिक्षाश्री पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे, जो प्रदेश के उन पांच गुरुजनों को दिए जाएंगे जिन्होंने शिक्षा, पर्यावरण संरक्षण, और समाज सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इसके अतिरिक्त स्पर्श गंगा सममान और प्रशस्ति पत्र भी वितरित किए जाएंगे।

### धानाचूली में गुलदार दिखने से दहशत

**नैनीताल।** नैनीताल जिले के धारी विकास खंड के धानाचूली गाँव के आवासीय क्षेत्र में गुलदार दिखने से लोगों में दहशत का माहौल है। ग्राम धानाचूली के गोपाल बिष्ट ने बताया धानाचूली गाँव में आवासीय क्षेत्र में गुलदार दिखाई दिया है। गुलदार ने हमला कर एक पालतू कुत्ते को घायल किया गया है। ग्रामीणों ने वन विभाग से गांव में पिंजरा लगाकर गुलदार को पकड़ने की मांग की है।

### प्रोफेसर एचडी बिष्ट के निधन पर जताया शोक



**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल के भौतिक विज्ञान विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष रहे प्रो.एचडी बिष्ट के निधन पर विभिन्न संगठनों ने दुख जताया है। नैनीताल विधान सभा के पूर्व विधायक डा.नारायण सिंह जंतवाल ने कहा कि प्रो.बिष्ट के निधन से हमने एक प्रतिष्ठित वैज्ञानिक, शिक्षाविद् व ताउम्र अपनी सक्रियता से समाज को योगदान देकर सकारात्मकता की ओर प्रेरित करने वाले एक मनीषी को खो दिया है जो बहुत बड़ी क्षति है। परमात्मा दिवंगत पावन आत्मा को चिर शांति प्रदान करें और परिजनों मित्रों व उनसे जुड़े सभी लोगों को इस कठिन समय में सबल दें। दूसरी ओर कुमाऊं विवि शिक्षक संघ (कूटा) के अध्यक्ष प्रो. ललित तिवारी समेत पूरे कूटा परिवार ने उनके निधन पर शोक जताया है।

### पुलिस टीम ने ऑपरेशन कालनेमि अभियान चलाया

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** एसएसपी देवेंद्र पींचा द्वारा समस्त थाना प्रभारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में ऑपरेशन कालनेमि के तहत सनातन धर्म की आड़ में साधु, संतों का भेष धारण कर लोगों को ठगने व उनकी भावनाओं से खिलवाड़ करने वालो के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह व सीओ अल्मोड़ा गोपाल दत्त जोशी के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली जानकी भंडारी अल्मोड़ा के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा ऑपरेशन कालनेमि अभियान चलाया गया। अभियान के तहत धार्मिक स्थलों में रहने वाले बाबाओं से पूछताछ की गई एवं उनके पहचान पत्र व दस्तावेजों की गहन जांच की गई। इस दौरान कोई संदिग्ध प्रकाश में नहीं आया। साथ ही पूर्व में मंदिरों में रह रहे बाबा जिनका सत्यापन आदि हो चुका है उनको बताया गया कि यदि कोई संदिग्ध व्यक्ति साधु, संत आदि आते है तो उनकी सूचना तत्काल नजदीकी थाने में दें। इस दौरान महिला पुलिस टीम ने अकेले रहने वाले एकल बुजुर्गों व अन्य वरिष्ठ नागरिकों से मुलाकात कर उनकी कुशलक्षेम की जानकारी प्राप्त की गयी तथा हेल्पलाइन नंबर 112 की जानकारी देते हुए बताया कि आपको स्वास्थ्य या अन्य किसी भी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल हेल्पलाइन नंबरों पर जानकारी दें, पुलिस द्वारा आपको हरसंभव सहायता प्रदान की जायेगी।

## श्रेया को बेस्ट प्रेजेंटर अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल की रसायन विज्ञान विभाग एमएससी की पढ़ाई पूर्ण कर चुकीं तथा वर्तमान में प्रो. गीता तिवारी के निर्देशन में पीएचडी कर रहीं शोधार्थी श्रेया जुकरिया ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय स्फलता अर्जित कर जिले व विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया है। श्रेया ने अपनी सीनियर शोधार्थी आयशा सिद्दीकी के साथ इंडोनेशिया में आयोजित तीसरे अंतरराष्ट्रीय सममेलन ऑन नेचुरल प्रोडेट्स एंड क्रॉनिक डिजीज में सहभागिता की। सममेलन का विषय नेचुरल प्रोडेट्स फॉर क्वालिटी आफ लाइफ एडवांसिंग ग्लोबल हेल्थ एंड सस्टेनेबिलिटीश रहा। उत्कृष्ट एवं प्रभावशाली शोध प्रस्तुति के लिए उन्हें बेस्ट प्रेजेंटर अवार्ड से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय सममेलन 4-5 दिसंबर को यूनिवर्सिटास नेशनल इंडोनेशिया में आयोजित हुआ जिसमें विभिन्न देशों के शोधार्थियों, वैज्ञानिकों एवं विशेषज्ञों ने भाग लेकर अपने शोध निष्कर्ष प्रस्तुत किए। अपनी इस महत्वपूर्ण कामयाबी का श्रेय श्रेया ने अपने परिवार के निरंतर सहयोग एवं अपनी शोध पर्यवेक्षक प्रो. गीता तिवारी के कुशल मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार का विश्वास और मार्गदर्शक का सही दिशा निर्देशन ही इस सफलता की मजबूत आधारशिला है। श्रेया की इस अंतरराष्ट्रीय कामयाबी पर संपूर्ण कुमाऊं विवि परिवार ने खुशी जताई है।



## पूर्व सीएम कोश्यारी ने डेमोग्राफी बदलाव को बताया यथार्थ

### कहा-कुछ तत्व जानबूझकर कर रहे कुप्रयास, सरकारें कर रहीं रोक लगाने का प्रयास

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** महाराष्ट्र के पूर्व राज्यपाल एवं उत्तराखंड के पूर्व सीएम भगत सिंह कोश्यारी रविवार को नैनीताल पहुंचे। राज्य अतिथि गृह स्थित मानस कुंज पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनका पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर उनको पंच परिवर्तन पुस्तक कार्यकर्ताओं ने भेंट की। इसके बाद भगत सिंह कोश्यारी ने बीते दिनों नैनीताल के मल्लीताल स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय में हुए अगनिकांड का निरीक्षण किया। विद्यालय निरीक्षण के दौरान पूर्व राज्यपाल कोश्यारी ने बीते दिनों सरस्वती शिशु मंदिर में लगी भीषण आग की घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यह घटना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। शासन-प्रशासन को आग लगने के कारणों की गंभीरता से जांच करनी चाहिए ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं की पुन. रावृत्ति न हो। कोश्यारी ने बताया कि इस विद्यालय की स्थापना उनके प्रयासों से हुई थी इसलिए यह घटना उनके लिए व्यक्तिगत रूप से भी पीड़ादायक है। देवभूमि उत्तराखंड मे डेमोग्राफी बदलाव के मुद्दे पर बोलते हुए भगत सिंह कोश्यारी ने स्पष्ट किया कि उत्तराखंड में डेमोग्राफी में हो रहा बदलाव कोई राजनीतिक बयान नहीं बल्कि एक यथार्थ है। उन्होंने कहा कि कुछ तत्व जानबूझकर कुप्रयास कर रहे हैं जिस पर केंद्र और राज्य सरकार दोनों स्तरों पर रोक लगाने का प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में इन प्रयासों के सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। वर्ष 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर कोश्यारी ने कहा कि भाजपा को और आगे तक ले जाने का लक्ष्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि जिन जिन राज्यों में 2027 में चुनाव होंगे वहां भाजपा एक बार फिर सरकार बनाएगी और पार्टी नई ऊंचाइयों को छुएगी। बागेश्वर खनन प्रकरण पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि एक ही लाठी से सबको हांकना उचित नहीं है। उन्होंने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने इस मामले में ठीक से जांच करने के निर्देश दिए हैं और उन्हीं निर्देशों के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए कहा कि पहाड़ी क्षेत्रों में पहले से ही पलायन एक बड़ी समस्या है। सरकार और समाज दोनों को मिलकर इस पर गंभीरता से ध्यान देना होगा ताकि पहाड़ों से हो रहे पलायन को रोका जा सके।



## पागल जिमखाना: मटका रेस में भानवा प्रथम

### लेकसिटी वेलफेयर क्लब ने कराई प्रतियोगिता, सांसद ने विजेताओं को किया पुरस्कृत

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** लेक सिटी वेलफेयर क्लब द्वारा सेंचुरी पेपर मिल लाल. कुंआ के सहयोग से रविवार को नैनीताल के ऐतिहासिक डीएसए ग्राउंड में मनोरंजन से भरपूर विशेष कार्यक्रम पागल जिमखाना का आयोजन किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नैनीताल-ऊधमसिंहनगर लोक सभा सीट के सांसद अजय भट्ट द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए ने पागल जिमखाना कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन आपस में मेलजोल एवं आपसी सौहार्द बढ़ाते हैं, भट्ट ने लेक सिटी वेलफेयर क्लब के प्रयासों की भूरि-भूरि सराहना की। उन्होंने क्लब को हर संभव मदद का आश्वासन दिया। बता दें पागल जिमखाना कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें मटका रेस में भावना रावत प्रथम, कविता बिष्ट सेकंड रनर अप एवं लक्ष्मी तृतीय रही वहीं स्लो स्कूटी रेस में प्रियांशु आर्य प्रथम, शैलेश बिष्ट द्वितीय एवं सिपा तृतीय रही। इसके साथ ही चममच रेस में दीपा नैनवाल, गीता फर्त्याल व नीमा रौतेला, सुई-धागा रेस में गरिमा पवार, माला कनवाल, प्रभा बिष्ट, बोरा रेस में आबिदा, ललिता फर्त्याल व प्रेमा देवी, एक टांग रेस में उत्कर्ष नैनवाल, भावेश व दिव्यांशी, पुरुष म्यूजिकल चेयर रेस में पुष्कर दत्त घनस्याल, दिनेश अग्रवाल व जय सिंह नेगी, बिनाई प्रतियोगिता में भावना नेगी, पुष्पा साह व दीपा रैकवाल, बुजुर्ग रेस (60 वर्ष) में सावित्री अस्वाल, ईश्वरी जोशी व ममता वर्मा जबकि धुन पहचानों में वंदना बिन्जौला, वर्षा आर्या व नीतू सहदेव ने पहला, दूसरा व तीसरा स्थान अर्जित किया। विजेता प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कारों से नवाजा गया। प्रतियोगिता में विधायक सरिता आर्या, अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र नेगी, उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिक, उप जिलाधिकारी कालाढूंगी विपिन पंत तथा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल के प्रधानाचार्य विजय डंगवाल, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, लेक सिटी वेल्फेयर कलब के अध्यक्ष आभा शाह, कार्यक्रम संयोजक डा. प्रगति जैन, सरिता त्रिपाठी, रमा भट्ट, रमा भट्ट, हेमा भट्ट, रानी शाह, कंचन जोशी, दीपा पांडे, कविता त्रिपाठी, प्रेमा अधिकारी, दीपिका बिनवाल, जीवंती भट्ट, भारती साह, दिव्या शाह, मधुमिता, रेखा जोशी, रेखा पंत, अमिता शाह, दया कुंवर, अनुराधा भट्ट, नीलम गुप्ता आदि रहे। कार्यक्रम का संचालन हेमंत बिष्ट, डा. मोहित और शैलेंद्र चौधरी ने किया।



## भारतीय ज्ञान प्रणाली भारत की समृद्ध बौद्धिक परंपरा का सार: प्रो. दिव्या जोशी

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**नैनीताल।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) एवं शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के भारतीय ज्ञान प्रणाली (आईकेएस) प्रभाग के संयुक्त तत्वावधान में भारतीय ज्ञान प्रणाली को उच्च शिक्षा के पाठ्यक्रम में एकीकृत करने हेतु आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत कुमाऊँ विश्वविद्यालय स्थित मदन मोहन मालवीय शिक्षक प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को मास्टर ट्रेनर्स हेतु एक दिवसीय ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रो. दिव्या यू जोशी ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली भारत की समृद्ध बौद्धिक परंपरा का सार है जिसे आधुनिक शिक्षण पद्धतियों से जोड़कर ही शिक्षा को अधिक समाजोपयोगीए समावेशी एवं व्यवहारिक बनाया जा सकता है। डा. रुचिका सिंह (समन्वयक भारतीय ज्ञान प्रणाली प्रभाग) शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार ने कहा कि इस राष्ट्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से देशभर में प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स का एक सशक्त नेटवर्क विक. सित किया जाएगा जो भारतीय ज्ञान प्रणाली को उच्च शिक्षा की मुख्यधारा में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। डा. प्रशांत उपाध्याय (दिल्ली विश्व. विद्यालय) ने कहा कि भारतीय ज्ञान प्रणाली को समकालीन पाठ्यक्रमों से जोड़ना न केवल हमारी सांस्कृतिक चेतना को पुनर्स्थापित करता है बल्कि अनुसंधान एवं नवाचार के नए आयाम भी खोलता है। इस अवसर पर प्रो. रीतेश साह ने कहा कि स्थानीय ज्ञान, परंपरागत तकनीकों तथा अनुभवजन्य शिक्षण को अकादमिक ढांचे में शामिल करना उच्च शिक्षा को उसकी जड़ों से जोड़ने का एक प्रभावी माध्यम है। कार्यक्रम में पंजाब, चंडीगढ़, दिल्ली, हिमाचल प्रदेश, जममू कश्मीर एवं उत्तराखंड से आए कुल 31 मास्टर ट्रेनर्स ने सहभागिता की।





# करीना के बेटों पर चढ़ा 'मेसी' का खुमार

## एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबॉल प्लेयर से मिलकर खुश हुए तैमूर और जेह

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई के एक इवेंट में इंटरनेशनल फुटबाल प्लेयर लियोनल मैसी कई सेलेब्स से मुलाकात कर सकते हैं। इसमें करीना कपूर का नाम भी शामिल है। करीना ने भी इवेंट से पहले एक तस्वीर अपने सोशल मीडिया पेज पर शेयर की है। इस तस्वीर में उनके दोनों बेटों ने लियोनल मैसी के नाम की टी-शर्ट पहनी है। इसके बाद मैसी से करीना के बेटों जेह और तैमूर की मुलाकात भी हुई। करीना ने अपने इंस्टाग्राम पर जो एक तस्वीर शेयर की है, उसमें बेटा तैमूर और जेह, लियोनल मैसी के नाम वाली टी-शर्ट पहने दिख रहे हैं। करीना ने दोनों बेटों का हाथ थामा हुआ है। इसके बाद करीना ने बेटों की मुलाकात लियोनल मैसी से करवाई। लियोनल मैसी मिलकर करीना के बेटे काफी खुश नजर आए। लियोनल मेसी इन दिनों जीओएटी इंडिया टूर पर है। इस टूर के दूसरे दिन यानी 14 दिसम्बर को शाम 5 बजे वानखेड़े स्टेडियम में जीओएटी कप एग्जीबिशन मैच होगा। इसमें बालीवुड सेलेब्रिटीज और फुटबॉल प्लेयर के बीच मैच होगा। इसके बाद एक फैशन शो और ऑक्शन भी होगा। जिसमें फीफा वर्ल्ड कप 2022 में अर्जेंटीना की जीत से जुड़ी लियोनेल मेसी की यादगार चीजों (मेमोराबिलिया) की नीलामी होगी। इस खास इवेंट में करीना कपूर भी शामिल हुईं। करीना कपूर के करियर फ्रंट की बात करें तो वह मेघना गुलजार की एक फिल्म कर रही हैं। मेघना गुलजार निर्देशित फिल्म श्दायराश में करीना कपूर के साथ साउथ एक्टर पृथ्वीराज सुकुमारन भी लीड रोल में नजर आएंगे।



## संक्षिप्त खेल समाचार

### भारतीय नौसेना की हॉफ मैराथन में 7000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया

**चेन्नई, वार्ता।** भारतीय नौसेना की हाफ मैराथन में रविवार को यहां 7,000 से अधिक धावकों ने हिस्सा लिया। यह मैराथन नशामुक्त भारत, आदिशक्ति के बारे में जागरुकता फैलाने और ऑनलाइन सटेबाजी के खिलाफ खड़े होने के लिए आयोजित किया गया था, जिसमें धावकों ने गति, धैर्य और जोश दिखाया।

इस मैराथन में तीन कैटेगरी थीं- 21-1 किमी अड्यार रन, हिम्मत की असली परीक्षा के लिए-10 किमी परुंडु रन, जो धावक की गति को चुनौती देता है और उसकी सीमाओं को आगे बढ़ाता है और 3-5 किमी पल्लव रन-दौड़ने, फिटनेस और समुदाय की खुशी में शामिल होने के लिए था।

### नीदरलैंड्स ने जीता एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब

**चिली, वार्ता।** नीदरलैंड्स ने फाइनल मुकाबले में एक बार फिर से ऐतिहासिक प्रदर्शन करते हुए अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर लगातार तीसरी बार एफआईएच हॉकी महिला जूनियर विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। डच टीम ने रिकॉर्ड छठी बार विश्व कप का खिताब जीता और 2022, 2023 और अब 2025 में जीत के साथ लगातार तीसरा खिताब अपने नाम किया। मैच की शुरुआत में नीदरलैंड्स ने पहले हाफ में एक पेनल्टी कॉर्नर और एक ओपन प्ले से गोल करके मैच अपने नाम कर लिया और फिर निर्णायक चरणों में एक बहुत ही मजबूत रक्षात्मक संरचना के माध्यम से अपनी मामूली बढ़त को बनाए रखा।इस दौरान अर्जेंटीना लगातार दबाव दिखी। नीदरलैंड्स को दूसरे क्वार्टर में सफलता उसम समय मिली जब आइवी टेलियर ने 24वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर से गोल करके डच टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी।

# यूपी में खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन: दीप्ति



● **रोजगार और सुविधाएं भविष्य की सुरक्षा का भरोसा**

**लखनऊ, वार्ता।** उत्तर प्रदेश पुलिस की उपलब्धियों, मानवीय पक्ष और सराहनीय कार्यों को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनवरी 2025 में शुरू किए गए पॉडकास्ट बियांड द बैज का 17वां एपिसोड जारी किया गया। इस एपिसोड में अंतर्राष्ट्रीय महिला क्रिकेटर, विश्व कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट और स्पोर्ट्स कोटे से चयनित उत्तर प्रदेश पुलिस की पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) दीप्ति शर्मा ने अपने प्रेरणादायक जीवन सफर को साझा किया। इस एपिसोड की मेजबानी प्राची सिंह, आईपीएस, कमांडेंट 32वीं वाहिनी पीएसी ने की। संवाद के दौरान दीप्ति शर्मा ने अपने खेल जीवन, संघर्ष, उपलब्धियों और पुलिस सेवा से जुड़ने के अनुभवों पर विस्तार से चर्चा की। दीप्ति शर्मा ने वर्ष 2014 में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के लिए अपने अंतर्राष्ट्रीय पदार्पण, आयरलैंड के खिलाफ बनाए गए 188 रनों के ऐतिहासिक स्कोर और हालिया आईसीसी महिला विश्व कप जीत को अपने जीवन के सबसे यादगार और प्रेरक क्षण बताया। उन्होंने कहा कि विश्व कप की यह जीत देश की युवा खिलाड़ियों, विशेषकर बालिकाओं के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। उन्होंने अपने क्रिकेट करियर की शुरुआत में परिवार के सहयोग को अहम बताते हुए अपने भाई को अपनी प्रारंभिक प्रेरणा बताया। पॉडकास्ट में उन्होंने उत्तर प्रदेश सरकार की 'कुशल खिलाड़ी योजना' की सराहना करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा खिलाड़ियों को दिए जा रहे प्रोत्साहन, रोजगार और सुविधाएं उन्हें बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित करती हैं और भविष्य की सुरक्षा का भरोसा भी देती हैं। पुलिस सेवा और खेल के बीच संतुलन पर बात करते हुए दीप्ति शर्मा ने कहा कि ब्लू जर्सी और खाकी वर्दी दोनों का अपना अलग सम्मान और गरिमा है। उन्होंने कहा कि खेल से मिले अनुशासन, समर्पण और फिटनेस पुलिस प्रशिक्षण और सेवा में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा कहे गए मैदान में आपकी दादागिरी चलती है वाले कथन का उल्लेख करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह दादा. गिरी नहीं, बल्कि खेल के प्रति उनका फोकस और समर्पण है, जिससे मैदान पर उनकी छवि सख्त दिखाई देती है। मैदान के बाहर वह सहज, सरल और मिलनसार स्वभाव की हैं। उन्होंने यह भी बताया कि व्यस्त खेल और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बावजूद परिवार के साथ समय बिताना उन्हें मानसिक सुकून देता है। युवाओं और विशेषकर खेल में करियर बनाने की इच्छुक बालिकाओं के लिए संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, अनुशासन और समर्पण ही सफलता की कुंजी है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य पर केंद्रित रहने और कभी हिम्मत न हारने का आह्वान किया। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री की कुशल खिलाड़ी योजना के अंतर्गत अब तक 534 खिलाड़ियों की नियुक्ति उत्तर प्रदेश पुलिस में की जा चुकी है। अब तक बियांड द बैज के 16 एपिसोड जारी किए जा चुके हैं, जिनमें देश-प्रदेश के पूर्व पुलिस महानिदेशक, वरिष्ठ अधिकारी, फिल्म जगत की हस्तियां, समा. जसेवी, प्रेरक व्यक्तित्व अपने विचार साझा कर चुके हैं।

# जायसवाल ने 50 बॉल में 101 रन बनाए

● **एसएमएटी में मुंबई ने 235 रन का टारगेट चेज किया, सरफराज खान की हॉफ सेंचुरी**

**पुणे, वार्ता।** युवा ओपनर यशस्वी जायसवाल ने सैय्यद मुश्ताक अली ट्राफी में हरियाणा के खिलाफ मैच विनिंग सेंचुरी जमाई है। मिडिल आर्डर बल्लेबाज सरफराज खान ने फिफ्टी लगाई।

इन दोनों की बेहतरीन बैटिंग के दम पर मुंबई ने टी-20 मुक. ाबले में हरियाणा के खिलाफ 235 रन का टारगेट सिर्फ 17.3 ओवर में 6 विकेट खोकर चेज कर लिया। मुंबई ने 6 विकेट खोकर 238 रन बनाए। पुणे में खेले गए इस मैच में हरियाणा ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी की और 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 234 रन बनाए। कप्तान अंकित कुमार ने 89 रन बनाए और निशांत सिंधु ने 63 रन की पारी खेली।

जवाब में मुंबई ने 15 गेंद बाकी रहते 4 विकेट से मैच जीत लिया। जायसवाल ने 50 बाल की पारी में 16 चौके और एक छक्का जमाया। वहीं, सरफराज ने 25 गेंदों पर 9 चौके और 3 छक्के की मदद से 64 रन बनाए। हरियाणा ने बनाए 234 रन हरियाणा के लिए अर्श रांगा और कप्तान अंकित कुमार ने पहले विकेट के लिए 61 रन जोड़े। अर्श रांगा ने 23 गेंद पर 26 रन बनाए।

कप्तान अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन बनाए, जबकि निशांत सिंधु ने 38 गेंदों में 63 रन जड़े। सामंत जाखड़ ने 14 गेंदों में 31 रन बनाए, हालांकि वे रिटायर्ड आउट हो गए। उनकी जगह उतरे सुमित कुमार 4 गेंद पर 16 रन बनाकर नाबाद रहे। मुंबई की ओर से साईराज पाटिल सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 4 ओवर में 44 रन देकर 2 विकेट लिए।

अन्य गेंदबाज विकेट निक. ालने में असरदार नहीं रहे। हरियाणा के अंकित कुमार ने 42 गेंद पर 89 रन की पारी खेली। जायसवाल- सरफराज की साझेदारी ने पलटा मैच 234 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मुंबई को यशस्वी जायसवाल और अजिंक्य रहाणे ने अच्छी शुरुआत दिलाई।

दोनों के बीच 53 रन की साझेदारी हुई। रहाणे ने 10 गेंदों में 21 रन बनाए। इसके बाद जायसवाल और सरफराज खान ने स्कोर को 141 रन तक पहुंचाया। सरफराज ने 25 गेंदों में 64 रन की तेज पारी खेली।

यशस्वी जायसवाल ने 50 गेंदों में 101 रन बनाए, जिनमें 16 चौके और एक छक्का शामिल रहा। हरियाणा से सामंत जाखड़ सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 3.3 ओवर में 42 रन देकर 2 विकेट लिए।

अंशुल कंबोज, ईशांत भारद्वाज, सुमित कुमार और अमित राणा को 1-1 विकेट मिला।

# असम राइफल्स हॉफ मैराथन 2025 में 3038 लोगों ने हिस्सा लिया

**लैटकोर, वार्ता।** मेघालय में डायरेक्टोरेट जनरल असम राइफल्स के मुख्यालय पर रविवार को 'फिट इंडिया मूवमेंट' को बढ़ावा देने के लिए 'असम राइफल्स हाफ मैराथन 2025' के पांचवें संस्करण में आम नागरिकों से लेकर सशस्त्र बलों और पुलिस कर्मियों ने हिस्सा लिया।

प्रतिभागियों को उनके प्रयासों की पहचान के रूप में पदक और सर्टिफिकेट के साथ-साथ यादगार टी-शर्ट भी दी गईं। तीन श्रेणी में आयोजित हुई इस हाफ मैराथन में 26 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों के सभी उम्र वर्ग के तीन हजार से अधिक प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। 21 किमी की क्लाउड चेज, 10 किमी का पाइन पाथ और पांच किमी का क्रिस्टल स्ट्रीम का आयोजन हुआ। 21 किमी हाफ मैराथन में 559, 10 किमी दौड़ में 1,502 और 5 किमी दौड़ में 977 धावक शामिल हुए। 21 किमी श्रेणी की दौड़ को असम राइफल्स के डायरेक्टर जनरल लेफ्टिनेंट जनरल विकास लखेरा और असम राइफल्स वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन की अध्यक्ष विभा लखेरा ने हरी झंडी दिखाई। असम राइफल्स के एडिशनल डायरेक्टर जनरल, मेजर जनरल, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर और स्टेट हेड नॉर्थ ईस्ट रीजन और जुबिन गर्ग, चीफ जनरल मैनेजर, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड, मुंबई ने 10 किमी तथा पांच किमी श्रेणी को ब्रिगेडियर प्रशासनिक मुख्यालय के ब्रिगेडियर सचिंद्र तिवारी ने हरी झंडी दिखाई। ओवरऑल कैटेगरी में, 20 कुमाऊं, इंडियन आर्मी के संदीप देवराड़ी ने एक घंटे सात मिनट के समय के साथ 21 किमी दौड़ पूरी की।

# मैनेजर की त्रुटि से ग्रीन आईपीएल नीलामी में बल्लेबाजी के रूप में होंगे शामिल

● **मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा की नहीं लेकिन वह इनकी तरफ से हुई एक गलती थी: कैमरून ग्रीन**



**सिडनी, वार्ता।** ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरन ग्रीन ने मंगलवार को होने वाली नीलामी में स्वयं को ऑलराउंडर की जगह बल्लेबाज के रूप में सूचीबद्ध किए जाने को अपने मैनेजर की 'त्रुटि' बताते हुए कहा कि वह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में गेंदबाजी के लिए उपलब्ध रहेंगे। ग्रीन ने दो करोड़ रूपये के बेस प्राइस के साथ नीलामी में नाम दर्ज कराया है और बल्लेबाज के रूप में पंजीकरण कराने के कारण वह नीलामी में आने वाले पहले छह खिलाड़ियों में शामिल होंगे। ग्रीन ने बताया कि उनके मैनेजर ने पंजीकरण फॉर्म भरते समय 'त्रुटि से गलत बॉक्स चुन लिया' था। उन्होंने कहा कि मैं गेंदबाजी के लिए पूरी तरह तैयार रहूंगा। मुझे नहीं पता कि मेरे मैनेजर को यह सुनकर अच्छा लगेगा या नहीं, लेकिन यह उनकी तरफ से हुई एक गलती थी।

उनका इरादा 'बल्लेबाज' लिखने का नहीं था। शायद उन्होंने त्रुटि से गलत बॉक्स का चयन कर लिया। यह सब जिस तरह से सामने आया, वह काफी मजेदार था, लेकिन असल में यह उनकी तरफ से हुई गड़बड़ी थी। 26 वर्षीय ग्रीन पहले मुंबई इंडियंस (2023) और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (2024) के लिए खेल चुके हैं, लेकिन पीठ की सर्जरी से उबरने के कारण वह 2025 सीजन में उपलब्ध नहीं थे। उन्होंने जून में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में वापसी की थी, लेकिन बाद में उन्हें गेंदबाजी की मंजूरी मिल गई और मौजूदा ऐशेज में ऑस्ट्रेलिया ने उन्हें ऑलराउंडर के रूप में इस्तेमाल किया है। उन्होंने पुष्टि की कि वह नीलामी पर नजर रखेंगे, जो तीसरे टेस्ट से एक रात पहले होगी। उन्होंने कहा कि वह यह देखने को लेकर उत्सुक हैं कि उनके नए साथी खिलाड़ी कौन होंगे।

# राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में अमन सहरावत और अंतिम पंघाल ने जीते स्वर्ण पदक

● **अमन सहरावत ने फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्रा का खिताब जीता**

**अहमदाबाद, वार्ता।** ओलंपिक पदक विजेता अमन सहरावत और विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता अंतिम पंघाल ने राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप 2025 के अपने -अपने फाइनल मुक. ाबलों में जीत दर्ज करते हुए स्वर्ण पदक जीते। पेरिस ओलंपिक 2024 के कांस्य पदक विजेता अमन सहरावत अपने पसंदीदा 57 किग्रा की बजाय 61किग्रा पुरुषों के फीस्टाइल डिवीजन में मुक. ाबला करते हुए यह पदक जीता।

वह राष्ट्रीय स्पर्धा के लिए वजन कम करने से बचना चाहते थे। वीर सावरकर स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में शनिवार को मुकाबला करते हुए अमन ने शनिवार को फाइनल में निखिल को 10-0 से हराकर पुरुषों का 61 किग्राम का खिताब जीता। इससे पहले, अमन ने पहले राउंड में अधित नारायण को 12-1 से हराया और फिर क्वार्टर-फाइनल में ललित को 10-0 से हराया, जबकि उनकी दाहिनी आंख के ऊपर गहरा कट लग गया था। इसके बाद ओलंपिक मेडलिस्ट ने पटी बंधी और खून बहती भौंह के साथ मुक. ाबला जारी रखा और 2-0 की कमी को पूरा करते हुए सेमीफाइनल में अनुज कुमार को 13-2 से हराया। अंडर-23 वर्ल्ड चैंपियन सुजीत ने फाइनल में विशाल कालिरामन को 10-0 से हराकर पुरुषों का 65किग्राम वर्ग का खिताब जीता। एशियन अंडर 23 स्वर्ण पदक विजेता विक्की ने 97 किग्राम का खिताब जीता। दो बार की विश्व चैंपियनशिप पदक विजेता पंघाल ने भी 53 किग्रा वर्ग के बजाय 55 किग्रा वर्ग में मुकाबला करने का फैसला किया।

# आंध्र प्रदेश ने पंजाब को हराया

● **हेमंत रेड्डी ने नाबाद ने 109 और एसडीएनवी प्रसाद ने 53 रनों की आतिशी पारी खेली**

**पुणे।** हेमंत रेड्डी (नाबाद 109) और एसडीएनवी प्रसाद (नाबाद 53) की आतिशी बल्लेबाजी के दम पर आंध्र प्रदेश ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप मुकाबले में पंजाब को एक गेंद शेष रहते पांच विकेट से हरा दिया। यहां टॉस जीतकर आंध्रप्रदेश ने पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी पंजाब ने निर्धारित 20 ओवरों में पांच विकेट पर 205 रनों का स्कोर खड़ा किया। कप्तान प्रभसिमरन सिंह 16 गेंदों में (20), हरनूर सिंह 30 गेंदों में (42), अनमोलप्रीत सिंह 27 गेंदों में (47), और रमनदीप सिंह 18 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए (43) रनों का योगदान दिया। सलील अरोड़ा ने 22 गेंदों में पांच छक्के उड़ाते हुए नाबाद 42 रनों की पारी खेली। आंध्रप्रदेश की ओर से नीतीश कुमार रेड्डी, सत्यनारायण राजू, सौरभ कुमार और पृथ्वी राज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इसके बाद बल्लेबाजी करने उतरी आंध्रप्रदेश की शुरुआत बेहद खराब रही और अंतराल पर 56 के स्कोर पर अपने पांच विकेट गंवा दिये थे। इस दौरान हेमंत रेड्डी एक छोर थामे तेजी के साथ रन बनाते रहे। ऐसे संकट के समय में एसडीएनवी प्रसाद ने हेमंत रेड्डी के साथ पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच मैच विजयी 155 रनों की साझेदारी हुई। हेमंत रेड्डी ने 53 गेंदों में सात छक्के और 11 चौकों की मदद से 109 रनों की नाबाद पारी खेली। एसडीएनवी प्रसाद 35 गेंदों में चार छक्के और दो चौके लगाते हुए 53 रन बनाकर नाबाद रहे। पंजाब के लिए गुरनूर बरार ने तीन विकेट लिये। आयुष गोयल और हरप्रीत बराड़ ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

### हैदराबाद ने राजस्थान को छह विकेट से हराया

**अंबी, वार्ता।** चामा मिलिंद और तनय त्यागराजन (तीन-तीन विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद तन्मय अग्रवाल (73) और राहुल बुद्धि (55) की शानदार बल्लेबाजी के दम पर हैदरबाद ने रविवार को सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी 2025 के सुपर लीग ग्रुप ए मुकाबले में राजस्थान को 17 गेंदें शेष रहते छह विकेट से हरा दिया। यहां राजस्थान ने पहले बल्लेबाजी करते हुए नौ विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया। राजस्थान की शुरुआत खबरा रही और उसने 19 के स्कोर तक अपने तीन विकेट गंवा दिए। इसके बाद महिपाल लोमरा. र और कुणाल सिंह राठौड़ ने पारी को संभलाने का प्रयास किया। कुणाल 16 गेंदों में (27), मुकुल चौधरी 11 गेंदों में (20), कमलेश (29) और अशोक 10 रन बनाकर आउट हुये।

# भारत ने पाक को अंडर-19 एशिया कप में हराया

● **90 रन से जीता मैच, आरोन जार्ज ने 85 रन बनाए कनिष्क-दीपेश को 3-3 विकेट**

**दुबई, वार्ता।** भारत ने अंडर-19 एशिया कप में पाकिस्तान को 90 रन से हरा दिया। दुबई में रविवार को खेले गए ग्रुप स्टेज मुकाबले में 241 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही पाकिस्तानी टीम 41.2 ओवर में 150 रन पर आलआउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से हुजैफा अहसन ने सबसे ज्यादा 70 रन बनाए। भारत के लिए गेंदबाजी में दीपेश देवेंद्रन और कनिष्क चौहान ने 3-3 विकेट झटके। किशन सिंह को 2 सफलता मिली, जबकि वैभव सूर्यवंशी और खिलन पटेल ने एक-एक विकेट लिया। इससे पहले मुकाबले में पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी थी। बारिश के कारण मैच को 49-49 ओवर का कर दिया गया। भारत ने आरोन जार्ज की 85 रन की पारी की बदौलत 240 रन बनाए। कनिष्क चौहान ने 46 और कप्तान आयुष म्हात्रे ने 38 रन का योगदान दिया। पिछले मैच में शतक लगाने वाले वैभव सूर्यवंशी इस बार सिर्फ 5 रन ही बना सके। दोनों टीमों की प्लेइंग-11 भारतरू आयुष म्हात्रे (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, आरोन जार्ज, विहान मल्होत्रा, वेदांत त्रिवेदी, अभिज्ञान कुंडु (विकेटकीपर), कनिष्क चौहान, खिलन पटेल, दीपेश देवेंद्रन, किशन सिंह और हेनिल पटेल। पाकिस्तानरू उस्मान खान, समीर मिन्हास, अली हसन बलोच, अहमद हुसैन, फरहान यूसुफ (कप्तान), हमजा जहूर (विकेटकीपर), हुजैफा अहसन, निकाब शफीक, अब्दुल सुभान, मोहम्मद सैय्याम और अली रजा। कनिष्क चौहान ने सेट बल्लेबाज



हुजैफा अहसन को 70 रन पर आउट कर दिया। 39वें ओवर में हुजैफा ने बड़ा शाट खेलने की कोशिश की। डीप मिडविकेट से भागते हुए वैभव सूर्यवंशी ने शानदार कैच लपक लिया। कनिष्क चौहान ने मैच में अपना दूसरा विकेट निकाला। उन्होंने अब्दुल सुभान को पवेलियन भेजा। सुभान 6 रन बनाकर आउट हुए। पाकिस्तान को 35 ओवर के बाद जीत के लिए 78 बाल पर 113 रन की जरुरत थी। टीम को करीब 9 रन प्रति ओवर बनाने थे। पाकिस्तान के मिडिल आर्डर बल्लेबाज हुजैफा अहसन ने कनिष्क चौहान की बाल पर सिंगल लेकर अर्द्धशतक पूरा किया। 32वें ओवर में भारत ने छठा विकेट झटक लिया। ओवर की चौथी गेंद खुलन पटेल ने गुड लेंथ पर फेंकी, हम्जा जहूर बड़ा शाट खेलने गए, लेकिन बाउंड्री पर कैच हो गए। वे 20 गेंद पर 4 रन ही बना सके। 30वें ओवर में पाकिस्तान अंडर-19 टीम ने अपने 100 रन पूरे कर लिए।

## साइड मांगने पर लक्सर क्षेत्र में ट्रैक्टर-ट्राली वाले की दबंगई

# पुलिसकर्मी के साथ गाली गलौज, वर्दी फाड़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** कोतवाली लक्सर क्षेत्र में कानून के रखवाले ही दबंगों के निशाने पर आ गए। सरकारी कार्य से लौट रहे एक कांस्टेबल के साथ बीच सड़क न केवल गाली-गलौच की गई, बल्कि पुलिसकर्मी पर हमला कर दिया गया। हमलावरों ने कार के भीतर घुसकर मारपीट की और वर्दी के बटन तक तोड़ दिए। घटना शनिवार देर शाम ग्राम सेठपुर की है।

पुलिस के मुताबिक, कांस्टेबल वीरेंद्र सिंह तोमर विधि विज्ञान प्रयोगशाला देहरादून से मुकदमे से संबंधित माल दाखिल कर लौट रहे थे। शाम करीब छह बजे जब वह ग्राम सेठपुर पहुंचे, तो उनके आगे गन्ने से लदी एक ट्रैक्टर-ट्रॉली चल रही थी। हार्न देने पर साइड मिलने के बाद जैसे ही उन्होंने आगे निकलने की कोशिश की, ट्रैक्टर चालक ने अचानक वाहन सामने घुसा दिया। टक्कर से बचने के लिए पुलिसकर्मी को अपनी कार सड़क से नीचे फुटपाथ की ओर उतारनी पड़ी। आरोप है कि इसके बाद ट्रैक्टर चालक और उसके साथी ने बीच सड़क ट्रैक्टर रोककर तांडव मचाना शुरू कर दिया। दोनों ने कार में बैठे कांस्टेबल के साथ गाली-गलौच करते हुए हाथापाई की। आरोपियों ने कॉलर पकड़कर उन्हें गाड़ी से बाहर खींचने की कोशिश की, जिससे वर्दी के बटन टूट गए और सोल्डर बैच भी क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के दौरान मौके पर भीड़ जमा हो गई। इसी का फायदा उठाकर आरोपी ट्रैक्टर-ट्रॉली लेकर फरार हो गए। बाद में आसपास के लोगों से पूछताछ में हमलावरों की पहचान हातम सिंह पुत्र जुम्मे सिंह और शक्ति सिंह उर्फ मोनू पुत्र हातम सिंह, निवासी ग्राम सेठपुर, कोतवाली लक्सर के रूप में हुई। पीड़ित कांस्टेबल की तहरीर पर कोतवाली लक्सर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने, मारपीट, गाली-गलौच और वर्दी फाड़ने जैसी गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही गिरफ्तारी की जाएगी। कानून के रखवाले पर हुए इस हमले ने क्षेत्र में कानून व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

> ❖हॉर्न के बाद जैसे ही गाड़ी आगे निकालने की कोशिश की, ट्रैक्टर चालक ने वाहन सामने घुसा दिया, बचाव को पुलिसकर्मी ने अपनी कार सड़क से नीचे फुटपाथ पर उतारकर बचाई जान

# पुलिस ने एक वाहन चोर दबोचा चार मोटरसाइकिल बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सिविल लाईन कोतवाली पुलिस ने एक वाहन चोर को दबोच कर उसकी निशानदेही पर चार मोटर साईकिल बरामद की है।

जानकारी के अनुसार कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याया ने बताया कि वसीम अहमद पुत्र नसीरुद्दीन निवासी ग्राम भगेड़ी महावतपुर कोतवाली रुड़की जनपद हरिद्वार के द्वारा उत्तराखंड पुलिस पोर्टल के माध्यम से ई थ्पत पंजीकृत कराई गई कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चौपाटी बाजार के बाहर से मोटरसाइकिल नंबर न08 उ9062 को चोरी कर ले जाना उक्त ई पित को कोतवाली रुड़की के मुकदमा पर संख्या 460/25 के क्रम में लाई गई थाना हाजा पर मुकदमा अपराध संख्या 460/25 धारा 303(2) ठछै पंजीकृत किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद हरिद्वार द्वारा वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं के दृष्टिगत तत्काल अनावरण/अभियुक्त गण की गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण/क्षेत्राधिकारी रुड़की महोदय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक मनीष उपाध्याय द्वारा उप निरीक्षक आनंद मेहरा के नेतृत्व में टीम गठित की गई टीम द्वारा तत्काल घटना स्थल पर लगे सीसीटीवी फुटेज एकत्र कर/संदिग्ध व्यक्ति/वाहनों की लगातार चेकिंग/बिना नंबर प्लेट दोषपूर्ण नंबर प्लेट की लगातार चेकिंग/कड़ी सुराग रसी पतासी कर मुखवीर खास को क्षेत्र में सक्रिय किया गया। उक्त के क्रम में दिनांक 13/12/2025 को मुखवीर खास की सूचना पर अभियुक्त समीर पुत्र समीम निवासी इमली खेड़ा धर्मपुर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार को मय चोरी की मोटरसाइकिल के साथ सोनाली पुल नहर पटरी जाने वाले रास्ते से गिरफ्तार किया गया। मुकदमा उपरोक्त में धारा 317(2) ठछै की बढ़ोतरी की गई। बाद आवश्यक कार्रवाई अभियुक्त को माननीय न्यायालय पेश किया जाएगा। 'नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त 'समीर पुत्र समीम निवासी इमली खेड़ा धर्मपुर थाना पिरान कलियर जनपद हरिद्वार। पुलिस टीम-उप निरीक्षक आनंद मेहरा-हेड कांस्टेबल नूर हसन-हेड कांस्टेबल विपिन शामिल रहे।

## लेनदेन को लेकर जमकर मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** थाना क्षेत्र के गांव निवासी दो व्यक्ति शनिवार देर शाम आपसी लेनदेन को लेकर सड़क पर सरेआम गाली गलौज व मारपीट कर झगड़ा कर रहे थे ।पुलिस को सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा दोनों को गिरफ्तार कर थाने लाया गया ।दोनों के खिलाफ शांति भंग में कार्रवाई की गई है। थानाध्यक्ष अजय शाह ने बताया कि ग्राम मानकपुर आदमपुर निवासी मनोज कुमार व महेंद्र सिंह आपसी लेन देन को लेकर शनिवार देर शाम आपस में सड़क पर खड़े होकर गाली गलौज व मारपीट कर रहे थे। किसी के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची तथा झगड़ा कर रहे दोनों लोगों को समझाने का प्रयास किया गया। पुलिस द्वारा समझाने पर भी नहीं रुकने पर पुलिस दोनों को थाने ले आई।

## डायट में टीचर सेल्फ केयर टीम की हुई शुरुआत

# शिक्षकों के परिवारों की आर्थिक, सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करेगा टीएससीटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** टीचर्स सेल्फ केयर टीम के संस्थापक/अध्यक्ष विवेकानंद ने टीचर सेल्फ केयर टीम उत्तराखंड की शुरुआत करते हुए कहा कि शिक्षकों और उनके परिवारों की आर्थिक और सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने को हमारा समूह प्रतिबद्ध हैं । उन्होने कहा कि सिर्फ 5 वर्षों में उत्तर प्रदेश के 456 दिवंगत शिक्षक परिवारों को 1 अरब 97 करोड़ रुपए से ज्यादा की आर्थिक सहायता उपलब्ध करायी जा चुकी हैं। चंद वर्षो में ही यह मंच अकेले उत्तर प्रदेश में चार लाख बीस हजार से ज्यादा शिक्षक शिक्षणेत्तर कर्मचारी और अधिकारी को सदस्य के रूप में जोड चुका हैं ।उन्होने उत्तराखंड में भी शिक्षको से टीचर्स सेल्फ सेल्फ केयर टीम से जुडने का आह्वान किया।

श्री विवेकानंद आज यहाँ डायट रूडकी में आयोजित शैक्षिक संवाद एवं संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि कहा कि शिक्षक कार्मिक की अचानक हुई मृत्यु या गंभीर बीमारी से परिवार पर भारी बोझ पड़ता है, इसलिए हमने एक ऐसा मंच बनाया जहाँ समस्त सदस्य मिल. जुल कर प्रभावित परिवारो की आपसी (एक.दूसरे) की मदद कर सकें। आज संस्थापक विवेकानंद ने टीचर्स सेल्फ केयर टीम की कई कीर्तिमान स्थापित करने के बाद मध्य प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा में शुरू होते हुए अब देवभूमि उत्तराखंड में भी स्थापित करने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि डायट प्राचार्य मेराज



अहमद ने भी टीएससीटी द्वारा किए जा विभिन्न सहयोगों की प्रशंसा करते हुए कहा कि टीचर्स सेल्फ केअर टीम एक मात्र ऐसी टीम है जो पूरी पारदर्शिता के साथ काम करती है और अपने वैधानिक सदस्यों के आकस्मिक देहावसान की दशा में शोक संतप्त परिवार को टीम के सदस्यों के सूक्ष्म धनराशि के सहयोग से 50 लाख तक की सहायता राशि उपलब्ध कराती है।उन्होंने प्रस्ताव दिया कि उत्तराखंड राज्य की भौगोलिक परिस्थिति को देखते हुए यहाॅ शिक्षा अधिकारियों,शिक्षणेत्तर कर्मचारियों यदि संभव हो सके तो अन्य विभागो को भी समाहित किया जाये तो सदस्यों का विशाल समूह साझा प्रयास कर किर्तिमान स्थापित कर सकेगा।उन्होने उत्तराखंड में भी शिक्षकों को टीएससीटी से जुडने का आह्वान किया। टीचर्स सेल्फ केयर टीम संगठन मंत्री टीएचटीसी उत्तराखंड के प्रभारी सुमन भटोनिया ने सभी शिक्षकों और कर्मचारियों से आवाहन किया कि वह टीचर सेल्फ केयर टीम के साथ जुड़कर इस नेक मुहिम को पूरे उत्तराखंड में पहुंचाएं । ज्ैब्ज् भारत का एकमात्र संगठन है जो इस प्रकार पारदर्शी तरीके से दिवंगत शिक्षकों के परिवारों की आर्थिक मदद कर रहा है । टीचर सेल्फ केयर टीम हरियाणा दिल्ली मध्य प्रदेश में पहले से ही कार्यरत है । संगठन मंत्री फारुख हसन ने भी टीएससीटी से अधिक से अधिक सदस्यों को जोड़ने पर चर्चा करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश में सहयोग का इतिहास रचने के बाद टीचर्स सेल्फ केयर टीम अपने इसी अंदाज के साथ उत्तराखंड के शिक्षक साथियों के बीच आ गयी हैं। उन्होने कहा कि जीवनदान योजना में 23 शिक्षकों को 23 लाख रुपए की आर्थिक मदद की जा चुकी हैं ।उन्होने बताया कि सहयोग प्रक्रिया में डोनर का पैसा सीधे रिसीवर के खाते में पहुंचता है। उत्तराखंड के सह प्रभारी संजय सहगल तथा श्री सुधीश पाराशरी ने भी भीकहा कि टीम ने मार्ग दुर्घटना में घायल 107 शिक्षकों को लगभग 35 लाख की आर्थिक मदद दी हैं तथा टीम द्वारा संचालित कन्यादान योजना में 257 शिक्षकों की कन्याओं को एक करोड़ 42 लाख की मदद दी जा चुकी हैं । कार्यक्रम का संचालन विनय प्रताप सिंह व संजय वत्स ने संयुक्त रूप से किया।श्रीमती सीमा राठी, अनीता देवी,सुरेश पाल सिंह,रीता सिंह,सुमन चौहान, सुखदेव सैनी, विजय कुमार प्रबंधक, सत्यनारायण मंदिर इंटर कॉलेज, जितेन्द्र पुंडीर, ललित गुप्ता, ठाठ सिंह, विवेक राठी, प्रदीप शर्मा,प्रदीप मिश्रा, मनमोहन, अमीर आलम, सरदार कुलदीप सिंह, आलोक शर्मा, सतेन्द्र कुमार, तौकिर अहमद अब्बासी, नाजिम अली, महीपाल, सादिक, मौहसीन, सत्य बहार राठी ,विपुल कुमार आदि शामिल रहे।

# यूरो किड्स स्कूल में वार्षिक खेल उत्सव

## फिट एंड फन फिएस्टा की थीम पर नन्हे मुन्नों ने कई प्रतियोगिताओं में की भागीदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** यूरोकिड्स के द्वारा वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के लिए वार्षिक खेल उत्सव का आयोजन डीएवी इंटर कॉलेज के ग्राउंड में किया गया ।जिसकी थीम फिट एंड फन फिएस्टा थी।

कार्यक्रम के में मुख्य अतिथि के रूप में आनंद भारद्वाज तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में अंकुर डॉक्टर अंकुर सैनी एवं उनकी धर्मपत्नी डॉ अनुपम सैनी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अमिता गुप्ता ने किया तथा कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल के डायरेक्टर मयंक गुप्ता के द्वारा की गई। डॉ आनंद भारद्वाज ने तथा डॉक्टर अंकुर सैनी ने बच्चों को सर्टिफिकेट और मेडल पहना के सम्मानित किया। कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें योग, जुंबा, व्यायाम और विभिन्न दौड़ का आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के प्रत्येक बच्चे ने भाग लिया बाद में अभिभावकों के लिए भी दौड़ आयोजित की गई प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों ने सुंदर कार्यक्रम प्रस्तुत किए तथा सभी का मनमोह लिया।भाग लेने वाले बच्चों में नायशा, जगरूप ,विवान, रिदान, यश, रुबाया, दर्श, नियति, गुरनाज, समीशा ,काशवी चौहान, जारा ,अवयुक्त, वंश ,आराध्या, शिवाय,



दानिन, मोही, आईरा, धीरव,हुसैन ,रिनीशा, काव्या ,अथर्व नेगी, शिवाय सिरस्वाल, धृति, अब्दुल ,अहमद ,सक्षम, नव्या ,ओजस, पारसा,अधीरा, अन्वित,विराज, इकम,युवराज, हमजा, आन्या, आयूष, काव्यांश कृषिव, आदिराज, देवांश इत्यादि ने भाग लिया। कार्यक्रम में प्रियंका दीपा अंशिका हेमा उषा प्रीति रेखा सुमन पूनम का सहयोग रहा।

# रुड़की के सौरभ वायु सेना में बने फ्लाइंग ऑफिसर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** ढंडेरा नगर पंचायत के शिवाजी नगर निवासी सौरभ बिष्ट भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर नियुक्त हुए है। वह मूल रूप से चमोली जिले के कर्णप्रयाग तहसील के ग्राम ढमढ़मा (बरतोली) के मूल निवासी हैं। वह अपने परिवार की तीसरी पीढ़ी है जो सेना में अपनी सेवाएं देंगे।

अशोक नगर क्षेत्रोय विकास समिति के अध्यक्ष हर्ष प्रकाश काला ने बताया सौरभ बिष्ट ने भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफिसर बनकर गाँव और परिवार का नाम रोशन किया हैं। सेना परिवार से तालुक रखने वाले सौरभ बिष्ट (13 दिसम्बर) शनिवार को भारतीय वायु सेना अकादमी हैदराबाद में आयोजित पासिंग आउट परेड के बाद भारतीय वायु सेना में अफसर बने हैं। उनका परिवार वर्तमान में रूडकी आदर्श शिवाजी नगर में रहता हैं। उन्होंने बताया सौरभ बिष्ट के दादा स्व0 जमन सिंह बिष्ट पिता बीरेन्द्र सिंह बिष्ट भी सेना में सेवा दे चुके हैं। सौरभ बिष्ट ने बताया कि उनकी प्रारम्भिक शिक्षा नोक्स स्कूल रूड़की कैन्ट में हुई उसके बाद 12वीं तक की शिक्षा आर्मी पब्लिक रकूल रुड़की में पूरी की। बी एस सी (गणित ऑनर्स) की शिक्षा दून यूनिवर्सिटी (मौथरावाला) देहरादून से पूरी की। सीडीएस परीक्षा पास करने के बाद वर्ष 2024 में भारतीय वायु सेना एकेडमी हैदराबाद में ज्वाइन की। बताया हैं कि उनके पिता बीरेन्द्र



सिंह बिष्ट 22 वीं गढ़वाल राइफल्स से सुबेदार मेजर / ऑनररी कैप्टन पद से सेना निवृत्त हुए। उनकी माता चमेली देवी गृहिणी हैं। जबकि सौरभ बिष्ट की बड़ी बहन नीलम बिष्ट मिलट्री हॉस्पिटल ग्वालियर में मिलट्री नर्सिंग सर्विस में लेफ्टिनेंट के पद पर कार्यरत हैं।

## शांति व्यवस्था भंग करने पर चार दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने पर चार व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में शांति व्यवस्था बनाए रखने संदिग्ध व्यक्तियों में असामाजिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि रखने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा 13 दिसंबर 2025 को लक्सर क्षेत्र के लादपुर तथा जैनपुर गांव के दो पक्षों में जमीनी विवाद को लेकर आपस में लड़ाई झगड़े की सूचना मिली थी सूचना पर तुरंत ही पुलिस को भेजा गया पुलिस के द्वारा दोनों पक्षों को काफी समझाने का प्रयास किया वह नहीं माने और मरने मारने पर उतारू हो गए किसी संज्ञे अपराध को दृष्टिगत रखते हुए चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम जर्दीन हसन पुत्र गफ्फार, समीर पुत्र शमशेर, हारुन पुत्र फैयाज, नाजिम पुत्र रुस्तम बताएं उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में उप निरीक्षक कर्मवीर सिंह हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर कांस्टेबल रविंद्र चौहान होमगार्ड मदन गिरी शामिल रहे।

# व्यापार मंडल व डिस्ट्रीब्यूटर एसो. ने लगाया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल व डिस्ट्रीब्यूटर एसोसिएशन ऑफ रुड़की के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 50 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। साकेत स्थित अग्रवाल धर्मशाला में आयोजित शिविर का उद्घाटन एसपी देहात शेखर चंद्र सुयाल द्वारा फीता काटकर किया गया। उन्होंने कहा कि व्यापारियों का यह अच्छा प्रयास है जो अपने कार्य के साथ समाजसेवा में अपना योगदान दे रहे हैं। व्यापार मंडल अध्यक्ष अरविंद कश्यप और



महामंत्री कमल चावला ने कहा कि रक्तदान से बढ़ा कोई दान नहीं है और व्यापारी अपनी युवा पीढ़ी को इस शिविर के माध्यम से यह संदेश देना चाहते हैं कि समाजसेवा में अग्रणी भूमिका में रहकर अपने दायित्वों का निर्वाहन करें। इस अवसर पर सीओ ट्रैफिक संजय चौहान, चेरब जैन,अक्षय प्रताप, सीपीयू इंचार्ज हितेश कुमार, पूजा गुप्ता इस अवसर सीपीयू इंचार्ज हितेश कुमार, सिविल लाइन कोतवाली प्रभारी मनीष उपाध्याय, मुकेश, मनोज कुमार, अत्तर सिंह राणा,व्यापार मण्डल प्रदेश उपाध्यक्ष प्रमोद जौहर, प्रदेश संगठन मंत्री प्रवीन मेंहदिरत्ता, प्रदेश मंत्री संजय गर्ग, महानगर अध्यक्ष अरविन्द कश्यप, महामंत्री कमल चावला, कोषाध्यक्ष मोहित सोनी, सौरभ गोयल, हेमंत जुल्का, सलमान, अफजल मंगलौरी,चन्दन अरोरा,सुनील गुलाटी, अंकित, श्याम बत्रा, सौरभ सिंघल, सत्येंदर गोयल,उपस्थित थे।

## 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो नशा तस्कर पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है उनके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर 13 दिसंबर 2025 को लक्सर क्षेत्र के अलग-अलग स्थान से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम विक्की कश्यप पुत्र विनोद कुमार निवासी ग्राम भोगपुर थाना लक्सर आकाश पुत्र नरेश कुमार निवासी ग्राम महाराजपुर कला थाना लक्सर बताए। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल रविंद्र नागर प्रदीप कनौजिया कांस्टेबल संदीप रावत अमित रावत शामिल रहे।

# प्रतियोगिताओं से बच्चों की प्रतिभा में आता है निखार : मुजीब

## शिक्षा ही हमारे जीवन की मूलभूत आवश्यकताः रीना नैथानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** रोटरी क्लब रुड़की द्वारा रोटरी रायला के अन्तर्गत आज बीएसएम इण्टर कालेज के सभागार में रुड़की एवं आसपास के 20 इण्टर कालेजों के विद्यार्थियों में आनलाइन शिक्षा एवं पारम्परिक शिक्षा पर पक्ष एवं विपक्ष में विचार गोष्ठी आयोजित की गई जिसमें, एसएनडी के पब्लिक स्कूल, आर्मी 2, शिवालिक प स्कूल, वासुदेव मैथली सरस्वती विद्या मंदिर, मैथोडिस्ट कालेज, ज्ञानदीप प स्कूल, माउंट लिटरा, के वी 1,बी एस एम इ का, डी ए वी इ कालेज, नवरचना प स्कूल, आर्य कन्या कालेज केन्द्रीय विद्यालय 1,2 सहित 20स्कूलों ने भाग लिया।

इस अवसर पर रोटरी क्लब अध्यक्षा रोटे रीना नैथानी ने कहा कि बच्चों में आगे बढ़ने के लिए प्रतियोगिता का होना बहुत आवश्यक है जिसमें कैसे हम अपने विचारों को निर्भिकता से मच्च एवं सामने रख सकें। कार्यक्रम आयोजक अध्यक्ष रोटे हर्ष प्रकाश काला ने कहा आज के प्रतिस्पर्धा के युग में प्रतियोगिता में प्रत्येक प्रतिभागी को अपनी बात को मजबूती एवं दावे के साथ प्रमाणित कर रखने का प्रयास है। डिस्ट्रिक्ट गवर्नर के प्रतिनिधि विशिष्ट अतिथि रोटे मुजीब मलिक ने रोटरी क्लब के इस कार्यक्रम की बहुत प्रशंसा




की और सभी स्कूली विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत पक्ष एवं विपक्ष को सराहा। पांच निर्णायक मण्डलों को संयुक्त रुप से सभी ने कहा बहुत ही संघर्ष के बीच श्रीमती नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल प्रथम माउंट लिटरा द्वितीय एवं आर्य कन्या इ का तृतीय एवं एपीएस 2,मैथोडिस्ट,केवी 2,एबीएन,स्कूल ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।जिन्हें प्रमाण पत्र, मोमेंटो एवं सील्ड प्रदान की गई। हमारे क्लब के भीष्म पितामह रोटे प्रेम मोहन जी सभी पुरस्कार अपनी ओर से दिए। कार्यक्रम का संचालन इले असिस्टेंट गवर्नर गगन सरीन ने किया। जजों में रोटे सुभाष सरीन, रोटे संजीव सैनी, रोटे दिलीप प्रधान, रोटे वन्दना मोहन, रोटे पूजा गुप्ता को परिणाम घोषित करने में पशीने छूट गये।अन्त में 422अंको के साथ संयुक्त रुप में नीमा देवी काला पब्लिक स्कूल प्रथम, 420अंको के साथ माउंट लिटरा स्कूल द्वितीय और 418अंको के साथ आर्य कन्या पा इ का ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं एकल में अविशी त्यागी माउंट लिटरा स्कूल प्रथम, हंसी रावत एस एन डी के पब्लिक स्कूल द्वितीय, जिकरा रहमान आर्य कन्या पा इ का तृतीय रही।ओवर आल सील्ड एस एन डी के स्कूल ने अपने नाम कर एक बार फिर अपनी धाक जमा दी।इस अवसर पर स्मिता आर्य, विनय शर्मा, विरेन्द्र शर्मा, कोषाध्यक्ष नीलम शर्मा, आदि

> ❖बीएसएम इंटर कालेज में छात्रों की शिक्षा पर पक्ष-विपक्ष के विचारों पर प्रतियोगिता का आयोजन



का कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष सहयोग रहा।इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों द्वारा अनेक योग एवं प्राणायाम की क्रियाओं का प्रदर्शन किया गया जो अत्यधिक सराहनीय रहा जिसमें बालिकाओं की बहुत अच्छी प्रस्तुति रही।अन्त में कार्यक्रम अध्यक्ष रोटे हर्ष प्रकाश काला ने रोटरी अध्यक्षा रोटे रीना नैथानी के इस शानदार प्रयास के लिए धन्यवाद देते हुए सभी स्कूलों से आये प्रतिभागी बच्चों के साथ शिक्षक वर्ग का भी धन्यवाद कर कार्यक्रम का समापन किया।

# कांग्रेस की हुंकार

रविवार को तय कार्यक्रम के अनुसार कांग्रेस ने दिल्ली के रामलीला मैदान में विशाल रैली की। जैसीकि उम्मीद थी कांग्रेस नेता केंद्र सरकार पर जमकर बरसे। वैसे भी यह रैली वोट चोरी को लेकर बुलाई गई थी और उसमें नारा भी यही दिया गया था कि वोट चोर गद्दी छोड़। कांग्रेस नेता यह नारा पहले भी देते रहे हैं, विशेषकर बिहार चुनाव के दौरान उन्होंने इस नारे का जमकर उपयोग किया था। जाहिर है, चुनाव आयोग भी उनके निशाने पर रहना था, जोकि पहले भी रहता रहा है। राहुल गांधी विपक्ष नेता के रूप में लोकसभा में भी इस नारे को लेकर काफी गंभीर रहते हैं। इस रैली का महत्व इसलिए भी बढ़ जाता है कि यह रैली ऐसे समय में हो रही है जब बिहार चुनाव में भारी पराजय के बाद कांग्रेस के नेताओं में हताशा की आशंका व्यक्त की जा रही थी। साथ ही इस समय संसद का शीतकालीन सत्र भी चल रहा है। इस लिहाज से कांग्रेस इस रैली को सफलतापूर्वक कर अपना मनोबल बनाए रखने में सफल रही, क्योंकि जिस तरह भीड़ उमड़ी निश्चित रूप से उसने कांग्रेस नेताओं में आत्मविश्वास जताया होगा। कांग्रेस के तमाम नेताओं ने पीएम मोदी, गृहमंत्री अमित शाह व चुनाव आयोग को इस रैली के माध्यम से सीधे निशाने पर लिया और साफ कहा कि चुनाव आयोग सरकार के साथ साठगांठ कर सरकार बनाने में मदद कर रहा है। राहुल गांधी तो यहां तक कह गए कि अगर उनकी सरकार आती है, तो तीनों चुनाव आयुक्तों को कानून के कठघरे में लाया जाएगा। जहां तक बात आरोप-प्रत्यारोप की है, राजनीति में यह सब चलता रहता है, लेकिन जिस तरह चुनाव आयोग आजकल विपक्ष के निशाने पर है और जिस तरह के आरोप लग रहे हैं, निश्चित रूप से यह हमारे लोकतंत्र के लिए किसी गंभीर खतरे से कम नहीं है। सच क्या है झूठ क्या है यह तो तब पता चले जब निष्पक्ष जांच हो, लेकिन एक बात तो साफ है जो देश में इस समय वातावरण बना हुआ है और विपक्ष एक स्वर में चुनाव आयोग पर निशाना साध रहा है, उससे चुनाव आयोग की निष्पक्षता जरूर सवालों में खड़ी होती है। यह देखकर निसंदेह बेहद दुख होता है कि चुनाव आयोग विपक्ष की किसी बात का ठोस तरीके से जवाब नहीं दे रहा है। एक कड़वा सच यह भी है कि केंद्र सरकार किसी भी मामले की जांच कराने के बजाए चुनाव आयोग के ही पक्ष में खड़ी दिखाई दे रही है। कोई साधारण बुद्धि वाला आदमी भी समझ सकता है कि अगर चुनाव आयोग की नियत पर ही सवाल खड़े किए जाएंगे तो उसके द्वारा कराए जा रहे चुनाव पर कैसे सवाल खड़े नहीं होंगे। सरकार भले ही चाहे खुले मन से स्वीकार न करे लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि बिहार में जिस तरह उसने दस हजार रुपये चुनाव के समय देने का वादा किया है, वह किसी वोटर को घूस देना नहीं तो इससे ज्यादा क्या हो सकता है। यही विपक्ष भी कह रहा है। संविधानिक संस्थाएं भी लड़खड़ा रही हैं। यही विपक्ष का आरोप भी बराबर रहा है, लेकिन सरकार की तरफ से ऐसा कोई ठोस जवाब अब तक नहीं आ रहा है, जिससे लगे कि विपक्ष उसके ऊपर बेकार के आरोप लगा रहा है।

## मोदी व अमित शाह घबरा गए



आज संसद में मुश्किल से एक सत्र में केवल 1-2 बहस होती हैं, जब कांग्रेस सांसद राहुल गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने संसद में मुद्दा उठाया कि हमें चुनाव पर, एसआईआर पर, वोट चोरी पर बहस करनी है, तो प्रधानमंत्री मोदी व गृह मंत्री अमित शाह घबरा गए। उन्होंने हमारी बात नहीं मानी, अंत में कैसे माने कि हम वंदे मातरम पर भी चर्चा करेंगे, हम संसद में यह बहस करते रहे कि राष्ट्र गीत किसका है, राष्ट्र गीत कैसे बना, राष्ट्र गीत क्यों बना और जो बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं, जिससे आप जूझ रहे हो-बेरोजगारी, महंगाई, पेपर लीक, इनके बारे में चर्चा करने की हिम्मत नहीं है, मैं भाजपा चुनौती देती हूं कि ये एक सही चुनाव लड़ लें, बैलेट पर लड़ लें, तो वो खुद जानते हैं कि वो कभी नहीं जीत पाएंगे।

**-प्रियंका गांधी वाड्रा, कांग्रेस सांसद**

# कुछ ही सालों में शुरू हो जाएगा प्रकृति का कहर

### खेत, खलिहान और भारतीय लोगों को निपटा देंगी सरकार की प्रकृति विरोधी योजनाएं



पवन सिंह



इस देश में पर्यावरण पर लिखना अमूमन प्रचंड मूखर्ता की श्रेणी में आता है और मैं बतौर एक प्रचंड मूर्ख अपने पूरे होशो-हवास में यह लेख लिख रहा हूं कि कुछ ही सालों में नेचर बदला लेना शुरू कर देगी। प्रकृति का यह वार देश के एक बड़े भू-भाग को तहस-नहस कर देगा। विश्व के तमाम देशों ने विकास के चरम को छुआ लेकिन उनका समानांतर एक प्रयास रहा कि जड़, जंगल, जमीन, पहाड़ और नदियां सुरक्षित रहें, लेकिन एक हम ऐसे अभागे हैं कि हमने विगत कुछ ही सालों में नादिरशाह की तरह प्राकृतिक संसाधनों को लूटा है और ऐसा लूटा है कि इसकी कीमत हर जिंदा आदमी उठाएगा और जो जन्म लेने वाला है वह मौत बन चुके पर्यावरण में पहली सांस लेगा।

विगत 10 सालों यानी कि वर्ष 2015 से लेकर वर्ष, 2025 के बीच भारत में वनों की कटाई का कोई सटीक आंकड़ा तो नहीं है लेकिन वनों की कटाई से संबंधित जो अलग-अलग रिपोर्ट्स प्रकाशित हुई हैं, उन अध्ययनों का विश्लेषण करें तो भारत का लाखों हेक्टेयर वन क्षेत्र अब गायब हो चुका है। वर्ष 2015 से 2020 के मध्य भारत में 6.68 लाख हेक्टेयर की वार्षिक दर से वनों की धुआंधार कटाई हुई। भारत में वनों की कटाई की यह रफ्तार दुनिया में सबसे जबरदस्त रही। ऐसा लग रहा है जैसे कोई वहशी, भूखा, निकृष्टतम, लालची प्रकृति दुश्मन एक झटके में सब कुछ लूट लेना चाहता है। एक अध्ययन के अनुसार 2015-2024 में 1.3 से 1.5 मिलियन हेक्टेयर जंगल कटे, जबकि सरकार ने तथाकथित विकास कार्यों के निम पर 1700 वर्ग कि.मी. यानी कि 1।7 मिलियन हेक्टेयर जंगल काट डाले। डाउन टू अर्थ, रिपोर्ट वर्ष 2023 के अनुसार वर्ष, 2015 से 2020 के बीच, भारत का 668,400 हेक्टेयर यानी कि लगभग 6.68 लाख हेक्टेयर वन क्षेत्र कट कर खत्म हो गया। यह वन कटान रफ्तार वैश्विक स्तर पर दूसरी सबसे तेज वनों की कटान रफ्तार रही। विभिन्न आईआईटी अध्ययन रिपोर्ट्स 2025 के अनुसार वर्ष 2015 से 2019 के बीच 1,033 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.033 मिलियन हेक्टेयर वन क्षेत्र कुछ वहशी व राक्षसी उद्योगपति, जंगल माफियाओं व सफेदपोश लकड़ीखोरों की भेंट चढ़ गया। ग्लोबल फॉरेस्ट वॉच की वर्ष, 2025 की रिपोर्ट के अनुसार वर्ष, 2000 के बाद से भारत ने 2.33 मिलियन हेक्टेयर वृक्ष क्षेत्र जिसे आंग्ल भाषा में आप जतमम बवअमत कह सकते हैं, वह हमने खो दिया है। हालांकि एक सरकारी बयान भी है वर्ष, 2024 का जिसके अनुसार-विकास गतिविधियों के कारण पिछले 10 सालों में 1,700 वर्ग किलोमीटर यानी कि 1.7 मिलियन हेक्टेयर से अधिक वन क्षेत्र नष्ट हुआ, जिसमें कोयला खनन और शहरी फैलाव मुख्य कारण थे। इसके ठीक विपरीत चीन जो जनसंख्या और तकनीकी तौर पर हमसे कम से कम 50 साल आगे जा चुका है, वहां वन क्षेत्र आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। चूंकि चीन की साक्षात्कार दर 100 प्रतिशत है और साथ ही बच्चों की प्रारंभिक शिक्षा ही इको-फ्रेंडली और साइंटिफिक टैंपरामेन्ट व सिविक सेंस, के साथ चलती है। उसका नतीजा यह निकला है कि चीन ने अपने पर्यावरण संरक्षण के अभियानों को एक नवीन ऊंचाई दी है। चीन में 2022 में यह 99.83 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जिसमें युवा साक्षरता दर 100 प्रतिशत के करीब है। चीन ने ग्रेन फॉर ग्रीन नाम से एक अभियान डिजाइन किया और उद्योग. पति से लेकर खनन पर सख्त नीतियां बनाई। किसी उद्योगपति को इतनी हैसियत और अधिकार नहीं दिए कि वह सत्ता को मोजा समझ कर जूतों में डाल ले। परिणामत: चीन का फॉरेस्ट कवर forest coverage वर्तमान में 25 प्रतिशत बढ़ गया और वह विश्व के हरे-भरे देशों में शामिल हो गया। आपको जानकर आश्चर्य होगा कि चीन ने अपने सबसे बड़े गोबी रेगिस्तान को ही बांध दिया है। उसने ग्रेट ग्रीन वॉल यानी महाहरित दीवार परियोजना लागू की और 66 अरब पेड़ लगा ही नहीं डाले बल्कि उन्हें संरक्षित भी किया। नतीजा गोबी व तकलामकन जैसे रेगिस्तानों का फैलाव कम हुआ है। ग्रेट ग्रीन वॉल के तहत वर्ष, 2050 पूरे देश की आबो-हवा बदल देगा। चीन आज पूरी दुनिया में वृक्षारोपण के क्षेत्र में सबसे तीव्र गति से व सबसे ज्यादा वृद्धि वाला देश है। इससे उलट हमने अपने ही देश, अपने ही देश के नागरिकों के विनाश की योजनाओं पर इतनी तेजगति से काम किया है कि आने वाले पांच से दस सालों में हम समूचे उत्तरी भारत को एक गैस चेंबर बना चुके होंगे। अब सरकार अरावली पर्वत श्रंखला को ही निपटाने की तैयारी में है। मेरे एक पाठक ने मुझे लिखकर दिया है कि मुंबई-गुरुग्राम एक्सप्रेस, दौसा-बांदीकुई के बीच का एरिया रीको यानी राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम राजस्थान राज्य औद्योगिक विकास एवं निवेश निगम में जा चुका है बस नोटिस मिलना बाकी है, डांग एरिया रणथंभौर कैलादेव अभ्यारण में गया, करौली एरिया की जमीन पांचना दम में गई और सवाई माधोपुर करौली बॉर्डर एरिया की डोगरी दम में जाना प्रस्तावित है, बीसलपुर का विस्तार अभी प्रस्तावित हैं। इशारदा दम का विस्तार चल रहा है। भरतपुर ब्यावर एक्सप्रेस प्रस्तावित हैं सरिस्का का विस्तार अभी चल रहा है। यह सब योजनाएं खेत, खलिहान और किसान को निपटा देंगी। इस इलाके में कुछ साल पहले जो खुशहाल थी आज यहान विस्थापन पूरे शिखर पर हैं। कुछ ही सालों के भीतर ही भारत में नेचर पलटकर बदला लेना शुरू कर देगी। सब कुछ तहस-नहस कर देगी। देश में खासकर उत्तरी भारत में नेचर के डकैत ऐसा नंगा नाच करेंगे यह भयावह कल्पना अब साक्षात नजर आ रही है। जो चल रहा है यकीन मानिए और मुझ पर भरोसा करिए कि आने वाली पीढ़ी कुछ ही सालों का जीवन लेकर आएगी और भूख, पानी व प्राकृतिक क्रोध से इसी मिट्टी में मिल जाएगी। इन लाशों में उनकी लाशें, उनकी औलादों की लाशें और औलादों की औलादें भी लाश बन जाएंगी जो आज तालियां पीट रहे हैं। हम इस देश को जिंदा श्मशान बना रहे हैं। मूर्ख की लेखनी जारी रहेगी...।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# भाजपा नेतृत्व की अपेक्षा पर खरा उतरने की चुनौती



यशोदा श्रीवास्तव

उत्तर प्रदेश में भूपेंद्र चौधरी की जगह पूर्वी उत्तर प्रदेश के कद्दावर भाजपा नेता पंकज चौधरी को नया प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर 2027 में विधानसभा चुनाव के नफा नुकसान पर चर्चा शुरू हो गई है। निवर्तमान प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाट नेता हैं। जाटों में उनका अच्छा खासा प्रभाव है। किसान आंदोलन में भाजपा से जाटों की नाराजगी दूर करने के लिए भूपेंद्र चौधरी को प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बनाया गया था। 2024 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा भले ही सबसे खराब हालत में रही लेकिन चुनाव परिणाम पर गौर करें तो पता चलता है कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश के जाटों ने भाजपा के लोकसभा प्रत्याशियों को भर भर कर वोट दिया था। जबकि पूर्वी उत्तर प्रदेश में भाजपा अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। यहां के कुर्मी वोटरों का बड़ा वर्ग भाजपा से नाराज दिखा नतीजा समाजवादी पार्टी के सात कुर्मी उम्मीदवार लोकसभा चुनाव जीतने में सफल हो गए। सच कहा जाए तो केंद्र में भाजपा को पूर्ण बहुमत से दूर रखने में उत्तर प्रदेश के लोकसभा चुनाव परिणाम का बड़ा योगदान था। पूर्वी उत्तर प्रदेश के महराजगंज संसदीय क्षेत्र से नए प्रदेश अध्यक्ष स्वयं पंकज चौधरी की ही जीत मुश्किल में पड़ गई थी। कांग्रेस के वीरेंद्र चौधरी ने इन्हें कड़ी टक्कर दी थी। यह मुकाबला दो कुर्मी नेताओं के बीच की थी जिसमें कांग्रेस के कुर्मी नेता वीरेंद्र चौधरी कुर्मी वोटरों के बीच कहीं से कमजोर नहीं दिखे। जाहिर है महराजगंज क्षेत्र से सात बार के सांसद पंकज चौधरी की अध्यक्ष पद पर ताज पोशी के पीछे पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुर्मी बिरादरी सहित अन्य बैकवर्ड वोटरों में भाजपा के प्रति आकर्षण पैदा करना ही है। पंकज चौधरी भाजपा के केंद्रीय नेतृत्व की अपेक्षा पर कितना खरा उतर पाते हैं यह देखना होगा।

पंकज चौधरी की राजनीतिक महत्वाकांक्षा पर नजर डालें तो पता चलता है कि गोरखपुर के एक प्रतिष्ठित व्यवसाई परिवार का नौजवान किस तरह गोरखपुर नगर निगम के पार्षद फिर डिप्टी मेयर से लेकर लोकसभा की दहलीज तक पहुंचने में कामयाब हुआ। महराजगंज जिले में भाजपा का कोई नामचीन नेता नहीं था। लिहाजा यहां से भाजपा नेता के रूप में पंकज चौधरी की इंट्री भाजपा के लिए मुफीद साबित हुई।कभी यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीर बहादुर सिंह के करीबी रहे पंकज चौधरी पूर्व प्रदेश भाजपा अध्यक्ष डाक्टर रमापति राम त्रिपाठी की प्रेरणा से भाजपा में शामिल हुए और 1990 में जयपुर में आयोजित भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में इनके महरा. जगंज से लोकसभा का चुनाव लड़ने की सुगबुगाहट शुरू हुई और 1991 में पंकज चौधरी को यहां से लोकसभा का टिकट दिया गया। महराजगंज लोकसभा क्षेत्र कुर्मी बाहुल्य है। यहां के कुर्मी बिरादरी में पंकज चौधरी के पिता स्वर्गीय हरिवंश राम का बड़ा मान था। तब यहां कुर्मी बिरादरी का कोई नेता भी नहीं था। 1991 में पंकज चौधरी उस समय लोकसभा का चुनाव जीतने में कामयाब हुए थे जब पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या हुई थी। राजीव गांधी की हत्या के बाद देश में इंदिरा की हत्या जैसी सहानुभूति लहर नहीं थी फिर भी लोगों में राजीव की हत्या को लेकर रोष था। महराजगंज में भी लोगों में गुस्सा था लेकिन पहली मर्तबा यहां के कुर्मी बिरादरी को अपना सजातीय उम्मीदवार मिला था इसलिए लोगों ने एक तरफा वोट देकर पंकज चौधरी को पहली बार ही संसद तक भेज दिया।

पंकज चौधरी ने अपने पहले चुनाव में ही दो बड़े नेताओं को धराशाई कर मीडिया में सुर्खियां बटोर ली थी। एक थे हर्षवर्धन जो 1989 में जनता दल के टिकट पर चुनाव जीते थे लेकिन 1991 में पंकज चौधरी से हार गए। दूसरे थे कांग्रेस के जितेन्द्र सिंह! जितेन्द्र सिंह 1985 में इंदिरा गांधी की हत्या के बाद उपजे सहानुभूति लहर में यहां से एमपी हो गए थे। वे 1991 में राजीव गांधी की हत्या के बाद उत्पन्न सहानुभूति लहर में दूसरी बार एमपी होने की आश में थे। पंकज चौधरी महराजगंज क्षेत्र से कुल नौ बार लोकसभा का चुनाव लड़ें हैं और दो बार हारे हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

1999 में सपा के अखिलेश सिंह से हारे थे और 2009 में कांग्रेस के हर्षवर्धन से हारे थे। पंकज चौधरी का सात बार लोकसभा का चुनाव जीतने का रेकॉर्ड है जो बहुत कम लोगों के हिस्से में है। गोरखपुर की राजनीति में गोरक्षनाथ पीठ भी एक अध्याय है। वर्तमान समय में इस पीठ के महंत योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश के सीएम है। इसका कोई ठोस और पुष्ट प्रमाण नहीं लेकिन यूपी खास तौर से पूर्वांचल की राजनीति की समझ रखने वाले लोग यदा कदा योगी और पंकज चौधरी के बीच राजनीतिक असामंजस्य की बात करते रहते हैं। ऐसी अटकलों पर एक बार चर्चा तेज हुई थी जब गोरखपुर आए प्रधानमंत्री मोदी गीता प्रेस से पंकज चौधरी के घर तक करीब दो सौ मीटर पदचाप करते हुए गए थे।

# जलवायु परिवर्तन: मिलकर ही निकलेगा समाधान



वीरेश तरार

विश्व आज जलवायु परिवर्तन की ऐसी कगार पर खड़ा है, जहां से या तो हम सामूहिक प्रयासों से पृथ्वी को बचा सकते हैं या फिर पूरी मानवता को अनियंत्रित तापमान वृद्धि, चरम मौसम, बढ़ती समुद्री सतह, सूखा, बाढ़, तूफान की मार में झोंक सकते हैं। वर्ष 2015 में जब पेरिस समझौते पर हस्ताक्षर हुए थे, तब दुनिया भर ने यह मान लिया था कि अब जलवायु संकट से लड़ाई वैश्विक सहयोग के बिना संभव नहीं है परन्तु पिछले दस वर्षों की यात्रा, राजनीतिक अनिश्चितताओं, आर्थिक दबावों और व्यापारिक वर्चस्व की स्पर्धा के बीच कई बार हिचकोले खाती रही। फिर भी मानवता बार-बार यह समझने को मजबूर हुई कि पृथ्वी को बचाने का केवल एक ही रास्ता है, साझेदारी, सहयोग और संसाधनों की सामूहिक जिम्मेदारी। यही वह भावना है जिसे ब्राजील की पुर्तगाली भाषा में माटी-रो कहा गया और जिसकी भारतीय लोक अभिव्यक्ति डंगवारा यानि मिलजुल कर काम करना है। COP-30 के अंतिम दस्तावेज में यह शब्द केवल भावार्थ नहीं, बल्कि दिशा बनकर उभरा है।

ब्राजील के बेलें शहर में संपन्न हुए COP-30 में दो सौ के लगभग देशों ने एक स्वर से स्वीकार किया कि जलवायु परिवर्तन से मुकाबला किसी एक राष्ट्र की जिम्मेदारी नहीं है। पृथ्वी एक है, वातावरण एक है और संकट भी साझा है, इसलिए समाधान भी साझा होना चाहिए। इसी भावना को वैश्विक माटी-रो का नाम दिया गया, एक ऐसी साझी जिम्मेदारी, जिसमें दुनिया भर के देश, समाज, आदिवासी समुदाय, ग्रामीण इकाइयां, युवा, महिलाएं और तकनीकी क्षेत्र मिलकर एक संयुक्त कार्रवाई की दिशा में आगे बढ़ें। पहली बार पांच हजार से अधिक आदिवासी प्रतिनिधियों की भागीदारी इसका प्रमाण है कि विश्व अब उन समुदायों की बुद्धि, अनुभव, प्रकृति सम्बद्ध जीवन शैली और पर्यावरण अनुकूल परंपराओं को अपनी नीति का आधार बनाना चाहता है, जिन्हें सदियों से हाशिए पर रखा गया था।

पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा में विश्व ने यह स्वीकारा कि तापमान वृद्धि को डेढ़ डिग्री सेल्सियस के भीतर सीमित रखना अब भी एक कठिन लक्ष्य है, परन्तु असंभव नहीं। इसके लिए जो सबसे बड़ा कदम सामने आया, वह है कार्बन फंड को 2035 तक तीन गुना बढ़ाने का निर्णय। यह फंड विकासशील देशों, गरीब देशों, द्वीपीय देशों और उन समाजों के लिए जीवन-रेखा बन सकता है, जो जलवायु परिवर्तन के सबसे अधिक शिकार हैं लेकिन उत्सर्जन के लिए सबसे कम जिम्मेदार हैं। इसी सम्मेलन में ऊर्जा संक्रमण की दिशा में कई महत्वपूर्ण चर्चाएं हुईं। जैव ईंधन खासकर एथेनॉल को एक महत्वपूर्ण भूमिका के रूप में देखा गया। यद्यपि जैव ईंधन पर कोई बाध्यकारी समझौता नहीं हो सका, फिर भी इसे भविष्य के ऊर्जा संक्रमण का आवश्यक अंग माना गया। तेल और कोयले पर निर्भरता कम करने, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश बढ़ाने और बायोफ्यूल को बहुविकल्पीय ऊर्जा स्रोत के रूप में विकसित करने पर व्यापक सहमति बनी। भारत के लिए यह विषय विशेष रूप से महत्वपूर्ण है क्योंकि यहां बायो बेस्ड कच्चा माल प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है चाहे वह गन्ना हो, मक्का हो, चुकंदर हो, शीरा हो, कृषि अवशेष हों, या फिर जैविक कचरा। इसके अलावा पशुधन और मानव अपशिष्ट से उत्पन्न मीथेन को पकड़कर वह बड़ी मात्रा में ऊर्जा स्रोत बन सकता है तथा वातावरण में मीथेन की वृद्धि को रोका जा सकता है। भारत ने पिछले बीस वर्षों में एथेनॉल क्रांति की एक मजबूत शुरुआत की थी, लेकिन तेल कंपनियों द्वारा पानी की खपत को बहाना बनाकर इसके विस्तार को कई बार धीमा कर दिया गया। जबकि सत्य यह है कि पानी की समस्या का समाधान प्रबंधन और तकनीक से संभव है। हमारे देश में वर्षा जल का एक बड़ा हिस्सा समुद्र में बह जाता है। पहाड़ी इलाकों में छोटे-बड़े जलाशय, चेक-डैम, अर्ध-स्थाई बांध तथा वर्षा जल संचयन संरचनाएं बनाकर, और मनरेगा जैसी योजनाओं का उपयोग करके हम एथेनॉल निर्माण हेतु आवश्यक जल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित कर सकते हैं। इससे न केवल ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी, बल्कि जल संरक्षण की एक टिकाऊ व्यवस्था भी खड़ी होगी। भारत में चीनी और गन्ने का उत्पादन प्रचुर मात्रा में होता है। हमारा देश विश्व के सबसे बड़े गन्ना उत्पादकों में से एक है। गन्ने से एथेनॉल बनाना अपेक्षाकृत सरल और सस्ता है। मक्का, चुकंदर और विभिन्न फसलों के अवशेष भी एथेनॉल का महत्वपूर्ण स्रोत बन सकते हैं। भारत के पास जैव-ईंधन के लिए कच्चा माल न केवल पर्याप्त है, बल्कि इतना है कि इसे राष्ट्रीय ऊर्जा-रणनीति का प्रमुख स्तंभ बनाया जा सकता है। इसके साथ-साथ मीथेन को पकड़कर ऊर्जा उत्पादन करना जो कि पशुधन आधारित ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए सबसे उपयुक्त तकनीक है तेल और कोयले के विकल्प के रूप में क्रांतिकारी बदलाव ला सकता है। बेलें में यह भी स्वीकार किया गया कि जलवायु परिवर्तन केवल तकनीकी या आर्थिक सवाल नहीं है, यह सामाजिक न्याय और सांस्कृतिक अस्तित्व का प्रश्न भी है। दुनिया के आदिवासी समुदाय यह मानते हैं कि उनकी लड़ाई केवल वन और पहाड़ बचाने की नहीं है, बल्कि जलवायु संतुलन की भी लड़ाई है। भारत के संदर्भ में यह बात और अधिक महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि हमारे यहां बड़ी जनसंख्या ग्रामीण और आदिवासी समाज पर आधारित है। जल, जंगल और जमीन इनके जीवन का आधार हैं। लेकिन पिछले कुछ दशकों में विकास के नाम पर इन्हीं संसाधनों पर सबसे अधिक चोट की गई। जब पहाड़ काटे गए, जंगल उजाड़े गए, नदियों का स्वाभाविक प्रवाह बाधित किया गया, तब न केवल पर्यावरण को नुकसान हुआ बल्कि सामाजिक असंतुलन भी बढ़ा। भारत में नक्सलवाद के रूप में जो असंतोष दिखाई देता है, उसके मूल में भी यही सवाल है जल, जंगल और जमीन के अधिकारों पर हो रहा दबाव। COP-30 में आदिवासी प्रतिनिधियों ने यही कहा कि यदि जलवायु परिवर्तन से लड़ाई को सफल बनाना है, तो वन आधारित और प्रकृति आधारित समुदायों की बुद्धि, परंपरा और जीवन.शैली को मूल स्थान देना होगा। भारत के पास आज सबसे बड़ी शक्ति उसकी ग्रामीण आबादी, युवा शक्ति, स्वयं सहायता समूह और मनरेगा जैसे मजदूर संगठन हैं। यदि इन्हें सही दिशा दी जाए, तो जलवायु समाधान का सबसे बड़ा मॉडल भारत प्रस्तुत कर सकता है। गांव. पंचायतों को कार्बन-न्यूट्रल बनाने का विचार इसी दिशा में एक बड़ा कदम हो सकता है। प्रत्एक गांव में दस हजार से बीस हजार वृक्ष लगाने का सामूहिक अभियान चलाया जाए, जिसकी निगरानी गांव की पंचायत, स्वयं सहायता समूह, युवा संगठन और स्कूली बच्चे मिलकर करें। इससे न केवल कार्बन शोषण बढ़ेगा, बल्कि गांवों को कार्बन-क्रेडिट से स्थाई आय का स्रोत भी मिलेगा। वृक्षारोपण के साथ-साथ ग्रामीण जल संरक्षण, तालाब, पोखर, जलाशय, चेक-डैम का निर्माण मनरेगा के श्रमिकों की मदद से बड़े पैमाने पर किया जा सकता है। इससे जल-संकट भी दूर होगा और कृषि-उत्पादन में भी वृद्धि होगी। ग्रामीण समाज को जल संरक्षण से जोड़ना इसलिए भी आवश्यक है, क्योंकि जल की कमी अब कृषि, उद्योग और ऊर्जाकृतीनों को समान रूप से प्रभावित कर रही है। पेरिस से बेलें तक के दस वर्षों की इस यात्रा का सबसे बड़ा निष्कर्ष यही है कि विश्व समाज अब टुकड़ों-टुकड़ों में नहीं, बल्कि सामूहिक रूप से आगे बढ़ने के लिए तैयार है। वैश्विक माटी-रो यानी मिलकर काम करना के सिद्धांत को केंद्र में रखा गया है। यह केवल देशों के बीच सहयोग नहीं है, बल्कि समाज आधारित और समुदाय आधारित सहयोग है। इसमें विज्ञान है, परंपरा है, तकनीक है, लो. कजीवन है, और सबसे बढ़करकृएक साझा भविष्य का संकल्प है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# सीरिया में अमेरिकी सैनिकों पर आईएसआई का हमला

## तीन की मौत, ट्रम्प बोलेः मुंहतोड़ जवाब दूंगा, असद के हटने के बाद अमेरिकी सेना पर पहला हमला

**दमिश्क।** मध्य सीरिया के शहर पल्मायरा में शनिवार को इस्लामिक स्टेट आईएसआई के एक हमलावर ने अमेरिकी सैनिकों पर हमला किया। हमले में दो अमे. रिकी सैनिक और एक अमेरिकी नागरिक की मौत हो गई, जबकि तीन अन्य अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं।

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सीईएनटीसीओएम) के अनुसार, यह हमला उस समय हुआ जब अमेरिकी सैनिक आईएसआई के खिलाफ चल रहे आतंकवाद-रोधी अभियानों के तहत एक बैठक में शामिल थे। हमलावर को मौके पर मौजूद सीरियाई बलों ने मार गिराया। सीरियाई मीडिया के मुताबिक, इस हमले में सीरियाई सुरक्षा बलों के कुछ सदस्य भी घायल हुए हैं। सभी घायलों को हेलीकॉप्टर के जरिए अल-तनफ स्थित अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ले जाया गया। अमेरिकी बलों पर यह हमला बशर अल-असद के सत्ता से हटने के बाद पहली बार हुआ है। इस बीच, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार समूह के खिलाफ जवाबी



■ सतर्क अमेरिकी प्रशासन ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर किया

कार्रवाई की जाएगी। ट्रम्प ने मुंहतोड़ जवाब देने और बदला लेने की बात कही। अमेरिका ने सीरिया में हमले के बाद सुरक्षा बलों को चौकन्ना कर दिया है। आईएसआई को 2019 में क्षेत्रीय रूप से हराया जा चुका है, लेकिन संगठन के स्लीपर सेल अब भी सीरिया और इराक में सक्रिय बताए जाते हैं। अनुमान है कि आईएसआई के पास 5000 से 7000 लड़ाके अब भी मौजूद हैं। पूर्वी सीरिया में अमेरिका के सैकड़ों सैनिक तैनात हैं, जो आईएसआई के डेवलपमेंट को रोकने के लिए गठबंधन का हिस्सा हैं। दिसम्बर 2024 में तख्तापलट के बाद अहमद अल-शरा ने अंतरिम राष्ट्रपति के तौर पर सत्ता संभाली थी। असद के पतन के बाद सीरिया के नए अंतरिम राष्ट्रपति अहमद अल-शरा के नेतृत्व में अमेरिका से संबंध सुधरे हैं। हाल ही में सीरिया आईएसआई विरा. धी गठबंधन में शामिल हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर इस हमले को आईएस का अमेरिका और सीरिया दोनों पर हमला बताया और कहा कि इसके लिए बहुत गंभीर बदला लिया जाएगा। ट्रम्प ने बताया कि सीरियाई राष्ट्रपति अल-शरा इस घटना से बहुत दुखी और गुस्से में हैं। उन्होंने यह भी कहा कि घायल अमेरिकी सैनिकों की हालत में सुधार है। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि हमलावर सीरियाई सुरक्षा बलों का सदस्य था, जिसे चरमपंथी विचारों के कारण हटाया जा रहा था। हालांकि, सीरियाई अधिकारियों ने इस दावे की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है। अमेरिका ने 2014 से सीरिया में सैनिक तैनात कर रहा है। पहले यह तैनाती ईरान समर्थित मिलिशिया और रूसी खतरे के कारण थी, लेकिन अब मुख्य फोकस सिर्फ आईएसआई पर है।

## प्रधानमंत्री मोदी ने की ऑस्ट्रेलिया में यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉडी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदी लोगों पर हुए हमले की निंदा करते हुए देशवा. सियों की तरफ से गहरी संवेदना प्रकट की है। मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर अपने एक पोस्ट में लिखा कि ऑस्ट्रेलिया के सिडनी स्थित बॉडी बीच पर आज हुए भयानक आतंकवादी हमले की मैं कड़ी निंदा करता हूं, जिसमें यहूदी त्योहार हनुक्का के पहले दिन जश्न मना रहे लोगों को निशाना बनाया गया। उन्होंने कहा कि मैं भारत के लोगों की तरफ से उन परिवारों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं जिन्होंने अपने प्रियजनों को खो दिया है। हम दुख की इस घड़ी में ऑस्ट्रेलिया के लोगों के साथ खड़े हैं।



अमृतसर। पंजाब के बाहरी इलाके में स्थित एक मतदान केंद्र पर जिला परिषद और पंचायत समिति के चुनावों के दौरान एक पुलिस अधिकारी मतदाताओं के दस्तावेजों की जांच करते हुए।

## सूडान में आतंकी हमले के छह बांग्लादेशी शांति सैनिकों की मौत

**ढाका।** बांग्लादेशी सेना ने एक बयान में कहा कि सूडान में हुए एक आतंकी हमले में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में उसके छह जवान मारे गए और आठ अन्य घायल हो गए। यह हमला सूडान के अबेई इलाके में संयुक्त राष्ट्र के एक बेस पर हुआ। इस बीच, रक्षा मंत्रालय के इंटर-सर्विस पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) निदेशालय ने एक शुरुआती बयान में कहा कि इलाके में अभी भी लड़ाई जारी है। बांग्लादेश, संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन में एक प्रमुख योगदानकर्ता है, और अधिकारियों का कहना है कि वर्तमान में सेना, नौसेना, वायु सेना और पुलिस के 6000 से अधिक जवान संयुक्त राष्ट्र शांति सेना में तैनात हैं।

## इजरायल ने हमास के वरिष्ठ कमांडर को किया ढेर, हमास की पुष्टि

**यरूशलम/गाजा।** इजरायली सेना ने पुष्टि की है कि उसने शनिवार को गाजा पट्टी में एक हमले में हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को मार गिराया है। इजरायल रक्षा बलों और शिन बेट सुरक्षा एजेंसी ने एक संयुक्त बयान में कहा कि हमास की सैन्य शाखा में हथियार निर्माण मुख्यालय के प्रमुख राद साद को मार दिया गया है। इजरायली सेना के अनुसार, साद सात अक्टूबर, 2023 को इजरायल पर हमास द्वारा किये गए योजनाकारों में से एक था और अंतिम बचे हुए शीर्ष सरगनाओं में एक था। आईडीएफ ने यह भी दावा किया कि साद हाल के महीनों में हमास द्वारा 'संघर्ष विराम समझौते के उल्लंघनों के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार' था। सेना ने यह भी आरोप लगाया कि वह संघर्ष विराम के दौरान हथियारों का निर्माण जारी रखने के लिए भी जिम्मेदार था। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने एक बयान में कहा कि उन्होंने और रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने शनिवार को गाजा में इजरायली बलों को घायल करने वाले हमास के एक विस्फोटक उपकरण के विस्फोट के जवाब में साद की हत्या का व्यक्तिगत रूप से आदेश दिया था।

# ऑस्ट्रेलिया में यहूदियों पर आतंकी हमला

## 12 की मौत, बॉन्डी बीच पर गोलीबारी, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने रेस्त्रां में छिपकर जान बचाई

**सिडनी।** सिडनी के बान्डी बीच पर त्योहार मना रहे यहूदियों पर दो हथियारबंद लोगों ने सामूहिक गोलीबारी की घटना को अंजाम दिया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। कई राउंड गोलियां चलने के बाद बीच पर मौजूद लोगों में अफरा-तफरी मच गई। हमले में शूटर समेत 12 लोगों की मौत हो गई है।

आस्ट्रेलियाई पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। आस्ट्रेलिया सरकार ने इस गोलीबारी को आतंकी हमला करार दिया है। गोलीबारी की घटना के तुरंत बाद पुलिस को बान्डी में कैंपबेल परेड में एक गाड़ी मिली, जिसमें उन्हें कुछ विस्फोटक होने की आशंका है। सिडनी मार्निंग पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, गोलीबारी में शूटर सहित 12 लोग मारे गए हैं। जानकारी के अनुसार यहूदी त्योहार हनुक्का मनाने के लिए सैकड़ों लोग बान्डी बीच पर जुटे थे। इसी दौरान हमलावरों ने गोलियां बरसानी शुरू कर दीं। एक पुलिस अधिकारी ने इस बात की पुष्टि की है कि हमलावरों में से एक सिडनी के दक्षिण-पश्चिम में बो. निरिग का रहने वाला नवीद अकरम था। पुलिस शूटर के घर पर इस समय पुलिस छापा मार रही है। एनएसडब्ल्यू प्रीमियर क्रिस मिन्स ने बताया कि 12 लोगों की मौत हो गई है। हमलावरों में से एक मारा गया है और एक को हिरासत में लिया गया है। मिन्स ने कहा कि यह हमला यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया था।। आस्ट्रेलियाई पुलिस के मुताबिक गोलीकांड के बाद एक हमलावर को गिरफ्तार किया गया है। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा, पुलिस की जांच जारी है और हम लोगों से अपील करते हैं कि वे इस इलाके से दूर रहें। पुलिसकर्मियों को मौके पर तैनात किया गया है और जानकारी मिलने पर आगे अपडेट दिया जाएगा। बान्डी बीच पर गोलीबारी की खबरों के बाद पुलिस की गाड़ियों और एम्बुलेंस मौके पर पहुंचीं। पुलिस ने लोगों को बान्डी बीच से दूर रहने का आग्रह किया और घटनास्थल पर मौजूद लोगों से सुरक्षित जगह पर जाने को कहा।

पुलिस ने दो लोग हिरासत में लिए हैं। एम्बुलेंस 16 घायलों को अलग-अलग अस्पतालों में ले गई। पुलिस ने शूटर समेत 12 लोगों की मौत, दो पुलिस अधिकारी सहित 11 अन्य लोग घायल की पुष्टि की। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बान्डी बीच पर लोग भागते हुए दिखाई दे रहे हैं और बैकग्राउंड में गोलियों की आवाज और पुलिस सायरन सुनाई दे रहे हैं। रायटर्स ने कहा कि वह इन वीडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं कर सका। गार्जियन की रिपोर्ट के अनुसार, उसके पत्रकारों द्वारा देखे गए वीडियो में काले कपड़े पहने दो लोग बीच के पास एक पुल के पास गोलीबारी करते दिखे। करीब एक दर्जन राउंड गोलियों की आवाज सुनाई दी और लोग चीखते हुए इधर-उधर भागने लगे। न्यू साउथ वेल्स पुलिस ने एक्स पर एक ताजा पोस्ट में बताया कि बान्डी बीच पर दो लोगों को पुलिस ने हिरासत में लिया है।



■ एक हमलावर गिरफ्तार, जवाबी कार्रवाई में मारा गया हमलावर
यहूदी समुदाय को निशाना बनाकर किया गया हथियारबंद लोगों ने हमला

## बोंडी बीच पर हमला यहूदी समाज के खिलाफ शैतानी हरकतः अल्बनीज

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज़ ने न्यू साउथ वेल्स की राजधानी सिडनी के बॉडी बीच पर हानुका जश्न के दौरान हुए आतंकवादी हमले को 'यहूदी-विरोधी भावना' की शैतानी हरकत करार देते हुए कहा कि एक ऑस्ट्रेलियाई नागरिक पर हमला पूरे देश पर हमले के बराबर है। अल्बानीज़ ने हमले के बाद एक संबोधन में कहा कि यह हमला यहूदी ऑस्ट्रेलियाई लोगों को निशाना बनाकर किया गया है। यह उनकी खुशी के दिन उनकी आस्था के जश्न पर हमला है। जब बॉडी बीच पर गोलीबारी हुई तो वहां मौजूद कुछ लोग बैरिकेड तोड़कर भागने को मजबूर हुए, जबकि कुछ ने करीब के एक रेस्तरां में शरण ली। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में देखा जा सकता है कि एक शख्स ने गोलीबारी कर रहे हमलावर को पीछे से दबोचा और उसके हाथ से हथियार छीन लिया। पुलिस ने पुष्टि की है कि हमलावर के हाथ से बंदूक छीनने वाले शख्स का नाम अहमद अल अहमद है।

## दक्षिण अफ्रीका मंदिर हादसा

**जोहानसबर्ग।** दक्षिण अफ्रीका के डरबन के उत्तर में स्थित रेडक्लिफ इलाके में बीते शुक्रवार दोपहर को अहोबिलम टेंपल आफ प्रोटेक्शन के निर्माण स्थल पर हुए भीषण हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर चार हो गई है। वहीं अभी भी कई लोगों के मलबे में फंसे होने की संभावना जताई जा रही है। मलबे में फंसे लोगों को बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव अभियान चलाया जा रहा है।

■ मृतकों की संख्या बढ़कर हुई चार, मृतकों में एक भारतीय भी शामिल

स्थानीय मीडिया के अनुसार, राहत और बचाव कर्मी पिछले दो दिनों से मलबे में दबे एक पांचवें शव को निकालने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि, शनिवार दोपहर खराब मौसम के कारण रेस्क्यू आपरेशन को रोकना पड़ा। तेज बारिश और खराब हालात के चलते मलबे में काम करना बेहद मुश्किल हो गया। बता दें कि पहले मीडिया रिपोर्ट्स में बताया गया था कि इस हादसे में दो लोगों की मौत हुई है और कई लोग मलबे में दबे हैं। ऐसे में जब ताजा अपडेट सामने आया तब इस बात की पुष्टि की गई कि इस हादसे में मरने वालों की संख्या अब बढ़कर चार हो गई है। बता दें कि मंदिर एक ढलान वाली पहाड़ी पर बनाया जा रहा था और इसमें चट्टानों का इस्तेमाल किया गया था, जिन्हें भारत से लाया गया और निर्माण स्थल पर खुदाई की गई थी। मंदिर का डिजाइन गुफा जैसा था और इसे भगवान नरसिंहदेव की दुनिया की सबसे बड़ी प्रतिमाओं में से एक के लिए बनाया जा रहा था। हादसे में मारे गए लोगों में से एक 52 वर्षीय भारतीय मूल के विक्की जैरज पांडे हैं, जो मंदिर ट्रस्ट के कार्यकारी सदस्य और निर्माण परियोजना के प्रबंधक थे। पांडे पिछले दो साल से मंदिर निर्माण में सक्रिय रूप से शामिल थे। मामले में रिएक्शन यूनिट साउथ अफ्रीका के प्रवक्ता प्रेम बलराम ने जानकारी देते हुए बताया कि फिलहाल यह पुष्टि नहीं हो पाई है कि मलबे के नीचे और लोग फंसे हुए हैं या नहीं। उन्होंने कहा कि हालात सामान्य होने के बाद फिर से तलाशी अभियान शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि इस हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है। प्रशासन ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं और यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि निर्माण के दौरान सुरक्षा नियमों का पालन किया गया था या नहीं।

# स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने 40 वीजा जारी किए

**मैड्रिड।** स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावास ने रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले 40 विदेशियों के वीज़ा को 'मानवीय सहायता' उपलब्ध कराने के इरादे से मंजूरी दे दी है।

समाचार एजेंसी स्पूतनिक ने स्पेन में रूसी दूतावास के वाणिज्यिक विभाग के हवाले से यह जानकारी दी। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने 2024 में एक फैसले पर हस्ताक्षर किये थे, जिसके अनुसार देश रूस के पारंपरिक, आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों से इत्तेफाक रखने वाले लोगों को मानवीय सहायता देगा। इस फरमान के अनुसार, जो विदेशी अपने देशों की नीतियों के विरोध के कारण रूस आए हैं, वे रूसी भाषा में दक्षता के प्रमाण के बिना रूस में अस्थाई रूप से रह सकेंगे। स्पूतनिक ने





वाणिज्यिक विभाग के प्रमुख किरिल बुदाएव के हवाले से कहा कि हमें 19 अगस्त, 2024 के रूसी राष्ट्रपति के फरमान संख्या 702 के अनुसार उन विदे. शियों के लिए भी वीज़ा के अनुरोध मिल रहे हैं जो हमारे पारंपरिक आध्यात्मिक और नैतिक मूल्यों को साझा करते हैं। ये वीज़ा रूस जाने वाले आवेदकों को एक सरल प्रक्रिया के माध्यम से अस्थाई निवास परमिट प्राप्त करने की अनुमति देते हैं। कुल मिलाकर, स्पेन में रूसी वाणिज्य दूतावासों ने लगभग 40 ऐसे वीज़ा जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि स्पेन में विदेशी मिशनों का कुल कार्यभार अधिक बना हुआ है। सिर्फ 2025 में ही स्पेन में रहने वाले या अस्थाई रूप से रहने वाले 15000 से अधिक रूसियों ने मैड्रिड में वाणिज्यिक विभाग से सहायता मांगी है। अधिकांश मामलों में रूसी दस्तावेज़ जारी करना, नोटरी और पंजीकरण सेवाएं, साथ ही सूचना और परामर्श सहायता शामिल है। कई अनुरोध नागरिकों की मृत्यु, हिरासत, नाबालिगों की संरक्षकता, विरासत के मुद्दे और कानूनी विवादों से संबंधित भी होते हैं। बुदाएव ने बताया कि हाल के वर्षों में स्पेन आए प्रवासियों के बीच दस्तावेज़ और विभिन्न कांसुलर सेवाएं प्राप्त करने में रुचि बनी हुई है। उन्होंने कहा कि सभी नागरिकों को उनकी राजनीतिक विचारों की परवाह किए बिना सेवाएं दी जाती हैं। अगर आवेदक वांछित है, अनुपस्थिति में दोषी ठहराया गया है, रूस में बकाया ऋण है, या उसके खिलाफ कोई कानूनी कार्यवाही चल रही है तो रूसी पासपोर्ट जारी नहीं किया जा सकता है। यह ध्यान रखना जरूरी है कि पिछले कुछ सालों में रूस से स्पेन जाने वाले प्रवासियों की संख्या बढ़ी है, जो विभिन्न कारणों से यहां आए हैं। इसमें रूसी अधिकारियों की कार्रवाई से असहमति भी शामिल है।

## नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का किया स्वागत

**स्टॉकहोम।** मानवाधिकार संगठनों और कार्यकर्ताओं ने बेलारूस के मानवाधिकार कार्यकर्ता और नोबेल पुरस्कार विजेता अलेस बियाल्यात्सकी की रिहाई का स्वागत किया है। मानवाधिकारों के लिए काम करने वाली संस्था राइट लाइवलीहुड ने उनकी रिहाई का स्वागत करते हुए इसे 'न्याय की दिशा में बहुत देर से आया कदम' बताया है। संस्था ने कहा कि जुलाई 2021 में उनकी कैद अवैध और राजनीतिक कारणों से प्रेरित थी। संस्था ने जोर दिया कि हम वियासना की सदस्य मारफा राबकोवा और बेलारूस में अपने मूल अधिकारों का प्रयोग करने के कारण कैद किये गए सभी अन्य लोगों की तत्काल रिहाई की अपनी आपात अपील को फिर से दोहराते हैं।

## अमेरिका के ब्राउन विश्व विद्यालय में गोलीबारी, दो लोगों की मौत

**वाशिंगटन।** अमेरिका में एक बार फिर गोलीबारी की घटना हुई है। रोड आइलैंड स्थित ब्राउन यूनिवर्सिटी में हुई गोलीबा. री में कम से कम दो लोग मारे गए और आठ लोग घायल हुए हैं। जांच अधिकारियों ने अभी घटना के बारे में विस्तृत जानकारी नहीं दी है।

पुलिस ने बताया कि रविवार को ब्राउन यूनिवर्सिटी के इलाके में कई लोगों को गोली मारी गई। इसके बाद आइवी लीग स्कूल ने शूटर अलर्ट जारी किया और छात्रों और स्टाफ से सुरक्षित जगह शरण लेने की अपील की। पुलिस ने तुरंत पीड़ितों की संख्या, उनकी हालत या गोली. बारी की परिस्थितियों के बारे में कोई जानकारी नहीं दी है। ब्राउन यूनिवर्सिटी के इमरजेंसी नोटिफिकेशन सिस्टम के जरिए जारी अलर्ट के अनुसार, यूनिवर्सिटी के अधिकारियों ने शुरू में छात्रों और स्टाफ को बताया कि एक संदिग्ध हिरासत में है, लेकिन बाद में कहा कि ऐसा नहीं है और पुलिस अभी भी संदिग्धों की तलाश कर रही है। स्थानीय नेता जान गोंसाल्वेस ने कहा कि हमें अभी भी इस बारे में जानकारी मिल रही है कि क्या हो रहा है। हमने लोगों से अपने खिड़की-दरवाजे बंद रखने और सतर्क रहने की सलाह दी है। उन्होंने घटना पर दुख जताया। रिपोर्ट के अनुसार, गोलीबारी बारस और हाली बिल्डिंग के पास हुई, जो एक सात मंजिला काम्प्लेक्स है, जिसमें यूनिवर्सिटी का स्कूल आफ इंजीनियरिंग और भौतिकी विभाग है।

## 15 को संयुक्त राष्ट्र पहला विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाएगा

**नई दिल्ली।** संयुक्त राष्ट्र के सांस्कृतिक संगठन यूनेस्को ने समरकंद की आम सभा में 15 दिसम्बर को हर साल विश्व तुर्की भाषा परिवार दिवस मनाने का फैसला लिया है। यह समारोह तुर्की भाषा बोलने वाले लोगों की साझा भाषाई और सांस्कृतिक विरासत को उजागर करता है और बहुभाषावाद और सांस्कृतिक विविधता के प्रति यूनेस्को की व्यापक प्रतिबद्धता को दृढ़ करता है। तुर्की भाषा परिवार में अजरबैजानी, कजाख, किर्गिज, तुर्की, तुर्कमेन, उज्बेक जैसी कई भाषाएं शामिल हैं। इसे करीब एक करोड़ 20 लाख वर्ग किलोमीटर के दायरे में 20 करोड़ से ज्यादा लोग बोलते हैं। इसलिए, सोमवार को पहली बार इसे मनाने की तैयारी में संगठन जुटा है।









## जल संसाधनों पर बढ़ते दबाव को लेकर संयुक्त राष्ट्र की चेतावनी

**रोम।** संयुक्त राष्ट्र के खाद्य और कृषि संगठन (एफएओ) ने हाल ही में प्रकाशित एक रिपोर्ट में कहा है कि जिन क्षेत्रों में पानी की कमी है, वहां मांग बढ़ने के साथ ताजे पानी के संसाधनों पर दबाव भी बढ़ रहा है। अक्वास्टेट (2025) वॉटर डेटा स्नैपशॉट के नाम से प्रकाशित इस रिपोर्ट में नवीकरणीय जल उपलब्धता पर अद्यतन जानकारी दी गई है। नवीकरणीय जल का अर्थ है, जल की वह मात्रा जो हर साल वर्षा के माध्यम से नदियों और भूजल भंडारों में फिर से भर जाती है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले एक दशक में प्रति व्यक्ति नवीकरणीय जल उपलब्धता में सात प्रतिशत की गिरावट आई है।

# बांग्लादेश में उम्मीदवारों पर गोलीबारी

## चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद बढ़े हमले, चुनाव आयोग ने शीर्ष अधिकारियों के लिए मांगी अतिरिक्त सुरक्षा

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर बिगड़ती कानून-व्यवस्था के बीच चुनाव आयोग ने अपने शीर्ष अधिका. रियों के लिए अतिरिक्त सुरक्षा की मांग की है।

■ हालात को देखते हुए सरकार ने शुरू किया देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2'

चुनाव आयोग ने पुलिस महानिरीक्षक (आईजीपी) को पत्र लिखकर मुख्य चुनाव आयुक्त, अन्य आयुक्तों और वरिष्ठ अधिकारियों के लिए कड़ी सुरक्षा व्यवस्था करने को कहा है। चुनाव आयोग ने सुरक्षा के लिए चौबीसों घंटे पुलिस सुरक्षा और अतिरिक्त एस्कॉर्ट वाहन की मांग की है। यह मांग ऐसे समय की गई है, जब आगामी संसदीय चुनाव के एक उम्मीदवार और पिछले साल के 'जुलाई आंदोलन' के प्रमुख नेता शरीफ उस्मान हादी को ढाका में गोली मार दी गई। वह अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत कर रहे थे, तभी उन पर नजदीक से हमला हुआ।

उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है। चुनाव आयोग ने बताया कि चुनाव कार्यक्रम घोषित होने के बाद दो जिलों, लक्ष्मीपुर और पिरोजपुर, में उसके दफ्तरों पर भी हमले हुए हैं। इसके चलते आयोग ने देशभर में अपने क्षेत्रीय, जिला और उप-जिला कार्यालयों की सुरक्षा बढ़ाने की मांग की है, क्योंकि वहां चुनाव से जुड़े अहम दस्तावेज और सामग्री रखी जानी है। अंतरिम सरकार ने हालात को देखते हुए देशभर में 'आपरेशन डेविल हंट-2' शुरू किया है। साथ ही चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को आत्मरक्षा के लिए, हथियार लाइसेंस देने का भी आश्वासन दिया गया है। वहीं विपक्षी दल बीएनपी ने सभी उम्मीदवारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने और हमले के दोषियों पर त्वरित कार्रवाई की मांग की है।

## बांग्लादेश में 1971 के शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

**ढाका।** बांग्लादेश में रविवार को 'शहीद बुद्धिजीवी दिवस' के मौके पर राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मीरपुर स्थित शहीद बुद्धिजीवी स्मारक पर माल्यार्पण कर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इसके बाद, मुख्य सलाहकार प्रोफेसर मुहम्मद यूनुस ने भी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की और मौन रखा। नेताओं के बाद समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों को स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित करने की अनुमति दी गई, जिन्होंने युद्ध के अंतिम दिनों में अगवा कर मारे गए बुद्धिजीवियों का सम्मान किया। गौरतलब है कि बांग्लादेश में शहीद बुद्धिजीवी दिवस 14 दिसम्बर को मनाया जाता है।